राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 97
लखनऊ, रविवार 07 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित


samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com




किसान पाठशालाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें किसान : शाही 03

डीएम ने मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का लिया जायजा 10


### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के 63वें स्थापना दिवस समारोह में कहा

# हर थाने में होमगार्डों के लिए रूम होगा आरक्षित

**सेवा ही सम्मान अनुशासन ही पहचान व राष्ट्रहित ही प्राथमिकता**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड के जवानों को सेवा का मूलमंत्र देते हुए कहा कि सेवा ही सम्मान है, अनुशासन ही पहचान है तथा राष्ट्रहित ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शनिवार को उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के 63वें स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भव्य रैतिक परेड की सलामी ली और जवानों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।

उन्होंने कहा कि आपका अनुशासन, निष्ठा व त्याग हमारे समाज को सुरक्षित व संरक्षित बनाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है। आप केवल एक बल के स्वयंसेवक नहीं, बल्कि समाज के विश्वास के साथ ही प्रदेश सरकार की शक्ति हैं। इस अवसर पर उन्होंने होमगार्ड्स के विभिन्न मेडल प्राप्त अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि अब



हर थाने में होमगार्ड जवानों के लिए रूम आरक्षित होगा, जिससें वह यूनिफॉर्म व आवश्यक कागजात को सुरक्षित रख सकेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग से कहा कि होमगार्ड के जवान को आयुष्मान भारत की तर्ज पर कैशलेस स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजें, सरकार इसे आगे बढ़ाएगी।

उत्तर प्रदेश होमगार्ड स्थापना दिवस के अवसर पर सभी जवानों व अधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि होमगार्ड स्थापना दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण व सेवा भावना का प्रतीक है। आज यहां होमगार्ड संगठन के ऊर्जावान जवानों द्वारा अत्यंत उच्च कोटि की



**दैनिक व प्रशिक्षण भत्तों में वृद्धि**

मुख्यमंत्री योगी बोले कि होमगार्ड जवानों की बेहतरी के लिए दैनिक व प्रशिक्षण भत्तों में वृद्धि की गई है और अंतर-जनपदीय भत्ते को चार गुना कर दिया गया है। विभागीय कार्यालयों व आवासीय भवनों की व्यवस्था भी प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है। वर्तमान में विभाग के 44 कार्यालय अपने भवनों में संचालित हैं। 9 कार्यालय भवनों और मुख्यालय परिसर में कर्मचारियों के जी-प्लस-इलेवन बहुमंजिला आवास निर्माण कार्य प्रगति पर है। दुर्घटना में दिवंगत जवानों के आश्रितों को 35 से 40 लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सहायता भी उपलब्ध करायी जा रही है।

रैतिक परेड का प्रदर्शन किया गया है, जो होमगार्ड विभाग की क्षमता, उच्च अनुशासन और अनवरत परिश्रम को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने तारीफ करते हुए कहा कि कार्यक्रम में सम्मिलित सभी होमगार्ड जवान, जिनकी वेशभूषा, सेरिमोनियल ड्रेस, परिसर की साज-सज्जा और हरियाली, आकर्षक व सम्मोहित करने वाली है, जो किसी भी संगठन व फोर्स के लिए प्रेरणादायी क्षण होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत के संविधान के शिल्पी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का पावन महापरिनिर्वाण दिवस है। यह दिन प्रेरणा दिवस है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने प्रत्येक भारतीय को एक ही प्रेरणा दी कि हमारी पहचान परिवार, जाति, क्षेत्र व भाषा से नहीं, बल्कि जन्म से लेकर अंतिम यात्रा तक केवल भारतीयता की होनी चाहिए। इसी भारतीयता की पहचान का पालन हमें करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हर भारतवासी से कहा था कि यूनिफॉर्म धारी प्रत्येक व्यक्ति के प्रति सम्मान हम सबके मन में होना चाहिए। यह तभी होगा जब इस प्रकार का प्रदर्शन व परिसर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध दिखाई देंगे। इससे हर भारतीय के मन में श्रद्धा व सम्मान का भाव झलकेगा। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि प्रदेश के पर्व-त्योहारों, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, आजादी के अमृत महोत्सव, तिरंगा मार्च, पर्यावरण व जल संरक्षण जैसे अभियानों में भी होमगार्ड विभाग महत्वपूर्ण योगदान देता है। इन सेवाओं को हमें याद रखना होगा।

**सुरक्षा कवच की तरह बना हुआ है संबल**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 6 दिसंबर 1963 को उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स की स्थापना हुई थी। तभी से यह संगठन सुरक्षा कवच की तरह उत्तर प्रदेश पुलिस बल का संबल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि राष्ट्रपति पदक से वर्ष 2024 में विशिष्ट सेवा के लिए 3, सराहनीय सेवाओं के लिए 11 तथा वर्ष 2025 में सराहनीय सेवाओं के लिए 3 जवानों को अलंकृत किया गया है। भारत सरकार द्वारा 38 कमेंडेशन डिस्क भी उत्तर प्रदेश के जवानों को मिले हैं। पहले होमगार्ड के जवानों को उपेक्षित कर दिया जाता था, लेकिन अब राष्ट्रपति व गृह मंत्रालय के सम्मान से भी पुरस्कृत किया जा रहा है।

**आपदा मित्रों की नियुक्ति का किया उल्लेख**

उन्होंने कहा कि होमगार्ड संगठन अब केवल पुलिस बल के सहायक के रूप में नहीं है। पुलिस के साथ कानून-व्यवस्था व शांति का माहौल बनाए रखने में तो योगदान मिलता ही है, साथ ही यातायात संचालन, डायल 112, चुनाव के दौरान न केवल प्रदेश बल्कि अन्य राज्यों में भी इनकी मांग होती है। जेल सुरक्षा, आपदा नियंत्रण, सार्वजनिक इमारतों की सुरक्षा, बड़े आयोजनों जैसे कि महाकुंभ तथा परीक्षाओं के सफल आयोजन में भी यह संगठन व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है। प्रदेश में वर्तमान में आपदा मित्रों की नियुक्ति हो रही है और होमगार्ड विभाग ने आपदा प्रबंधन विभाग के साथ मिलकर 4 हजार से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया है।

## देशभर की 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जोड़ेगा रेलवे

**इंडिगो संकट के बीच रेलवे का बड़ा ऐलान**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रेलवे ने निजी विमानन कंपनी इंडिगो की उड़ानों के परिचालन में आई दिक्कतों के मद्देनजर यात्रियों को सुविधा मुहैया कराने के लिए देशभर की 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है हवाई यात्रा बाधित होने के कारण अचानक काफी संख्या में यात्रियों ने रेलवे की ओर रुख किया है। यात्रियों की इस तत्काल बढ़ी हुई मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने देशभर की 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जोड़े हैं, जिससे हजारों की संख्या में अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हो गयी हैं।

रेलवे ने कहा है कि यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने एक क्षेत्रवार कार्य योजना लागू की है और विभिन्न रेल मंडलों ने अपने सबसे व्यस्त और ज्यादा मांग वाले मार्गों पर कोचों की संख्या बढ़ायी। विज्ञप्ति में बताया गया है कि दक्षिणी रेलवे ने सबसे अधिक कोच जोड़े हैं। दक्षिण रेलवे ने 18 ट्रेनों में अतिरिक्त



कोच लगाए हैं। ये उपाय छह दिसंबर से लागू हो गये हैं। इसमें विशेष तौर पर चेयर कार और स्लीपर क्लास के कोच शामिल हैं। वहीं, उत्तर रेलवे भारी मांग वाले गलियारों पर दबाव कम करने के लिए आठ ट्रेनों में 3एसी (थर्ड एसी) और चेयर कार कोच जोड़े हैं। पश्चिमी रेलवे ने चार उच्च-मांग वाले मार्गों पर ट्रेनों में 3एसी और 2एसी कोचों की संख्या बढ़ायी है। इससे देश के पश्चिमी क्षेत्रों से राष्ट्रीय राजदानी की ओर आवाजाही सुगम होगी। पूर्वी मध्य रेलवे ने 6-10 दिसंबर तक पांच फेरों के लिए राजेंद्र नगर-नयी दिल्ली (12309) सर्विस में अतिरिक्त 2एसी कोच लगाया है, जिससे बिहार-दिल्ली के बीच आवागमन करने वाले यात्रियों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो। रेलवे ने कहा है कि पूर्वी रेलवे ने यात्रियों की मांग के मद्देनजर तीन प्रमुख ट्रेनों में सात और आठ दिसंबर को छह फेरों के लिए स्लीपर क्लास कोच बढ़ाएगा।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,30,300/ |
| 22 कैरेट | = | 1,19,450/ |
| 18 कैरेट | = | 97,760/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,90,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**अयप्पा दर्शन के लिए जा रहे पांच श्रद्धालुओं की मौत**

**रामनाथपुरम।** तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में कीलाकरई के पास शनिवार को एक तेज गति से गुजर रही कार ने सड़क किनारे खड़े एक वाहन को टक्कर मार दी जिससे आंध्र प्रदेश के चार अयप्पा श्रद्धालुओं सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि आज कीलाकराई के पास ईसीआर पर एक वाहन खड़ा था तभी कार ने उसे टक्कर मार दी। इस घटना में सात लोग घायल हुए हैं और उन्हें यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज करके जांच की जा रही है।

**हेमंत सोरेन एमपी-एमएलए कोर्ट के सामने हुए पेश**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी समन अवहेलना मामले में हाईकोर्ट के निर्देश पर शनिवार को रांची सिविल कोर्ट स्थित विशेष न्यायालय पहुंचे। सीएम सोरेन एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में हाजिर हुए। श्री सोरेन ने इस दौरान सात-सात हजार के दो बेल बॉन्ड भी भरे। मुख्यमंत्री श्री सोरेन भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सिविल कोर्ट पहुंचे न्यायिक कार्य के बाद सीधे अपने आवास के लिए रवाना हुए।

## भारतीय डाक विभाग ने बढ़ाया आधुनिकीकरण की ओर कदम, देश भर में अब खुलेंगे जेन-जेड डाकघर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** भारतीय डाक विभाग ने आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जेन-जेड थीम आधारित डाकघरों के आरम्भ की पहल की है। देश के पहले जेन-जेड डाकघर के रूप में आईआईटी दिल्ली पोस्ट ऑफिस का गत माह शुभारंभ किया गया था। अब गुजरात में भी आईआईटी गांधीनगर पोस्ट ऑफिस को जेन-जेड डाकघर के रूप में उद्घाटन किया गया है।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के दृष्टिकोण से निर्देशित इस पहल का उद्देश्य डाकघरों को जीवंत, विद्यार्थी-केंद्रित, प्रौद्योगिकी-सक्षम स्थानों के रूप में फिर से परिकल्पित करना है, जो युवा नागरिकों के साथ प्रतिध्वनित हों। यह परिवर्तन राष्ट्रीय पहल का हिस्सा है, जिसमें 15 दिसंबर तक शैक्षणिक परिसरों में स्थित देश के 46 डाकघरों के नवीनीकरण को शामिल किया गया है।

गुजरात के प्रथम जेन-जेड नवीनीकृत आईआईटी गांधीनगर डाकघर का उद्घाटन गुजरात परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल गणेश वी. सावळेश्वरकर, आईआईटी गांधीनगर निदेशक प्रो. रजत मूना, पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव, महाप्रबंधक वित्त डॉ. राजीव कांडपाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

पीएमजी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि जेन-जेडआईआईटी पोस्ट ऑफिस में उपलब्ध आधुनिक सुविधाए जैसे वाई-फाई, कैफेटेरिया, मिनी-लाइब्रेरी, पार्सल, ज्ञान पोस्ट, पार्सल पैकेजिंग सेवाएँ, फिलेटली, डाकघर बचत सेवाएँ, डाक जीवन बीमा, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, छात्रों के लिए स्पीड पोस्ट में छूट, और क्यूआर आधारित डिजिटल भुगतान सुविधाएं इसे और अधिक आधुनिक एवं सुगम बनाती हैं।

### बाबरी मस्जिद के बहाने हिंसा का फिर से षड्यंत्र रच रहे विधायक हुमायूं कबीर : विहिप

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखे जाने को राम जन्मभूमि मंदिर मामले में उच्चतम न्यायालय के सर्वसम्मत फैसले की अवमानना बताया है। विहिप ने कहा है कि विधायक कबीर पश्चिम बंगाल में इस मस्जिद के बहाने पुनः हिंसा का षड्यंत्र रच रहे हैं। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने शनिवार को एक्स पोस्ट में कहा कि मुर्शिदाबाद में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हुए हमलों को नौ महीने भी नहीं बीते हैं, फिर भी हुमायूं कबीर बाबरी मस्जिद के नाम पर तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## इंडिगो को प्रभावित यात्रियों का पैसा वापस करने का दिया गया आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को इंडिगो की उड़ानें रुकने से यात्रियों की परेशानी व रिफंड की देरी के मद्देनजर सख्ती अपनाते हुए एयरलाइन को तत्काल पैसा लौटाने का आदेश दिया है।

मंत्रालय ने आदेश दिया है कि रद्द या रुकी हुई सभी उड़ानों का रिफंड प्रक्रिया रविवार रात 08 बजे तक हर हाल में पूरा हो जाना चाहिए। एयरलाइन अब उन यात्रियों से कोई दोबारा बुकिंग का शुल्क नहीं लेगी, जिनकी यात्रा योजना रद्द होने से प्रभावित हुई है। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि पैसे



वापसी में थोड़ी भी देरी या नियमों का उल्लंघन होने पर तुरंत कानूनी, नियामक कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय के अनुसार, यात्रियों की शिकायतों को तुरंत सुनने के लिए, इंडिगो को एक समर्पित विशेष सहायता और रिफंड सुविधा सेल बनाने का आदेश दिया गया है। ये सेल खुद ही प्रभावित यात्रियों से संपर्क करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि रिफंड या दूसरी यात्रा का इंतजाम बिना बार-बार फॉलो-अप के हो जाए।

## भारत ने द. अफ्रीका को नौ विकेट से रौंदा, 2-1 से जीती सीरीज

**रोहित व यशस्वी की सलामी जोड़ी ने दिलाई भारत को शानदार शुरुआत**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव की दमदार गेंदबाजी के बाद यशस्वी जायसवाल के नाबाद शतक और रोहित शर्मा और विराट कोहली की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने विशाखापटनम में वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में साउथ अफ्रीकी टीम को 9 विकेट से रौंद दिया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने वनडे सीरीज अपने नाम की।

टीम इंडिया ने 2-1 से वनडे सीरीज जीती। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने साउथ अफ्रीका को



पहले 270 रनों पर समेट दिया, इसके जवाब में टीम इंडिया ने 39.5 ओवर में ही मैच अपने नाम किया। 271 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 155 रन जोड़े। इस दौरान रोहित और जायसवाल ने अपने-अपने अर्द्धशतक पूरे किए। जब लग रहा था कि रोहित आसानी से अपना शतक पूरा कर लेंगे, रोहित केशव महाराज के जाल में फंस गए और 75 के स्कोर पर पवेलियन लौटे। रोहित ने 73 गेंदों में 7 चौके और तीन छक्के जड़े। जबकि जायसवाल ने अपने वनडे करियर का पहला शतक जड़ा। जायसवाल ने 121 गेंदों में 12 चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 116 रनों की पारी खेली। जबकि विराट कोहली ने 45 गेंदों में छह चौके और तीन छक्कों के दम पर नाबाद 65 रनों की पारी खेली। इससे पहले, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफ्रीकी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई थी। अर्शदीप ने पांचवीं ही गेंद पर रेयान रिकेल्टन का शिकार किया. लेकिन इसके बाद क्विंटन डी कॉक और टेम्बा बावुमा ने दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। रवींद्र जडेजा ने बावुमा का शिकार कर इस साझेदारी को तोड़ा। डी कॉक ने फिर ब्रीट्ज़के के साथ साझेदारी की। इस दौरान उन्होंने अपना शतक लगाया। लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा ने अपने दूसरे स्पैल में भारत को वापसी करवाई। उन्होंने एक ही ओवर में मैथ्यू ब्रीट्ज़के, एडेन मार्कराम का विकेट झटका। इसके बाद उन्होंने डी कॉक का शिकार किया। प्रसिद्ध के बाद कुलदीप पार्टी में शामिल हुए।

### मिशन रोजगार : दिसंबर और जनवरी में होगी टीजीटी भर्ती परीक्षा

**लखनऊ ।** राज्य सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग दिसंबर और जनवरी माह में सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक परीक्षा आयोजित करेगा। परीक्षा के माध्यम से 15 विषयों के 7,466 पदों पर भर्ती की जाएगी। सरकार का मानना है कि प्रक्रिया न केवल युवाओं के सपनों को नई ऊंचाई देगी बल्कि प्रदेश के शैक्षिक और आर्थिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सरकार ने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए व्यापक तैयारी की है। परीक्षा केंद्रों की निगरानी जिलाधिकारी स्वयं करेंगे।

## नशीली कफ सिरप बांग्लादेश जाने से पहले ही जप्त

आर.बी.सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नशीले कफ सिरप सिंडिकेट की करतूतों में दवा निर्माता कंपनी एबॉट फार्मास्यूटिकल साथ दे रही थी।

जानकारी के मुताबिक कंपनी ने सहारनपुर निवासी विभोर राणा को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा कोलकाता में गिरफ्तार किया और उसकी गिरफ्तारी के बावजूद दो बार उसके करीबियों के नाम खोली गई फर्मों को उसने सुपर डिस्ट्रीब्यूटर बना दिया गया। जानकारी ये भी मिली है कि यूपी एटीएस तथा खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण की कार्रवाई के डर से जब उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में उनका माल बिकना बंद हो गया तो



कंपनी ने एक अरब रुपए का सिरप वापस लेकर उसे झारखंड में खपाने में लग गया और राजधानी रांची स्थित शुभम जायसवाल की फर्म मेसर्स शैली ट्रेडर्स को बेच दिया। कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी में कफ सिरप सिंडिकेट की बारीकी से प्रत्येक पहलुओं पर जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने कंपनी की इन करतूतों के बाद कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल कंपनी द्वारा व्यवसाई विभोर राणा के गरीबी अभिषेक शर्मा की दिल्ली की फर्म ए.बी. फार्मास्यूटिकल तथा शुभम जायसवाल की रांची की फर्म शैली ट्रेडर्स को दिया जाने वाला फैंसेडिल कफ सिरप तस्करी कर बांग्लादेश भेजा जा रहा था। इसकी पुष्टि पुलिस की जांच में हो चुकी है। इस प्रकरण में सिंडिकेट की मदद करने वाले अब तीन चार्टर्ड अकाउंटेंट भी प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर आ चुके हैं। वाराणसी के तुषार, विष्णु अग्रवाल के साथ अरुण सिंघल का नाम भी जांच के दायरे में आ चुका है। राजधानी लखनऊ स्थित अमीनाबाद मेडिसिन मार्केट के एक व्यवसाई पर भी गाज गिरने की संभावना है। फिलहाल जांच एजेंसियां जांच कर लगातार कार्रवाई कर रही हैं।

## आतंक के मुद्दे पर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग पर हुई चर्चा, द्विपक्षीय सहयोग पर जोर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने हाल ही में आंतकवाद से जुड़े मसलों पर बैठकें कर इससे जुड़ी विभिन्न चुनौतियों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इसमें कानून प्रवर्तन और न्यायिक सहयोग को मजबूत करने पर भी चर्चा की गई। इन बैठकों में आतंकवाद का मुकाबला करने में द्विपक्षीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया गया।

दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा की। उन्होंने आतंकवादी उद्देश्यों के लिए यूएवी, ड्रोन और एआई के बढ़ते इस्तेमाल पर चिंता



भारत और अमेरिका ने 3 दिसंबर को नई दिल्ली में आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्य समूह की 21वीं बैठक और 7वीं विषय आधारित वार्ता आयोजित की

व्यक्त की। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले और लाल किले के पास हुई हालिया घटना की कड़ी निंदा की और इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और अमेरिका ने 3 दिसंबर को नई दिल्ली में आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की 21वीं बैठक और 7वीं विषय आधारित वार्ता आयोजित की। भारत के विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव डॉ. विनोद बहाडे और अमेरिका के विदेश विभाग की वरिष्ठ अधिकारी मोनिका जैकबसेन ने अपने-अपने प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व किया। दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक स्थायी और व्यापक तरीके से ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है।

**संबोधन**

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा

# गुलामी की मानसिकता का प्रतिबिंब है हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन चुका है, ग्लोबल पावरहाउस और ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है, तब भी क्या किसी ने इसे 'हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ' कहा? उन्होंने इस शब्द को गुलामी की मानसिकता का प्रतिबिंब बताते हुए कहा कि इसे भारत की कमजोर आर्थिक वृद्धि को हिंदू संस्कृति और सभ्यता से जोड़ने के लिए तैयार किया गया था।

प्रधानमंत्री ने कहा, हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ तब कहा गया था जब भारत 2-3 प्रतिशत की ग्रोथ के लिए तरस जाता



था। क्या किसी देश की आर्थिक वृद्धि को वहां के लोगों की आस्था से जोड़ना उचित था? यह अनायास नहीं था, बल्कि गुलामी की मानसिकता से उपजा एक विचार था, जिसमें यह सिद्ध करने का प्रयास किया गया कि भारत की धीमी विकास दर का कारण हिंदू सभ्यता है। उन्होंने कहा कि आज कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी हर चीज में सांप्रदायिकता खोजते रहते हैं, लेकिन इस शब्द में उन्हें सांप्रदायिकता दिखाई नहीं दी, जबकि यह उनकी ही नीतिगत सोच में फैलाया गया था।

आजादी के 79 साल बाद भी भारत गुलामी की मानसिकता से मुक्त होने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने जोर दिया कि आज भारत में किए जा रहे सुधार राष्ट्रीय लक्ष्यों से प्रेरित हैं, न कि किसी राजनीतिक लाभ या आर्थिक संकट की प्रतिक्रिया स्वरूप। पहले सुधार या तो राजनीतिक फायदे के लिए होते थे या संकट को मैनेज करने के लिए, लेकिन अब 'नेशन फर्स्ट' हमारी सोच का आधार है। पहले भारत का स्पेस सेक्टर सरकारी नियंत्रण तक सीमित था, लेकिन रिफॉर्म के बाद निजी क्षेत्र के लिए खुलने से नए अवसर बने हैं।

**भारत विकास की नई कहानी लिख रहा**

प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि जब दुनिया मंदी की बात करती है, तब भारत विकास की नई कहानी लिख रहा है। उन्होंने कहा, जब दुनिया ट्रस्ट के संकट से जूझ रही है, तब भारत भरोसे का स्तंभ बन रहा है। जब दुनिया बिखराव की ओर बढ़ रही है, तब भारत पुल-निर्माता की भूमिका निभा रहा है। हाल ही में जारी वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर भारत की नई आर्थिक गति का प्रतीक है। वैश्विक परिदृश्य में जहां ग्रोथ लगभग तीन प्रतिशत और जी-7 देशों की औसत वृद्धि 1.5 प्रतिशत के आसपास है, वहीं भारत उच्च वृद्धि और कम महंगाई का मॉडल पेश कर रहा है। मोदी ने भारत के व्यापक परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि देश की कई क्षमताओं का लंबे समय तक उपयोग नहीं हो पाया। उन्होंने कहा, हमारा पूर्वी भारत, उत्तर-पूर्व, हमारे गांव, टियर-2 और टियर-3 शहर, महिला शक्ति और युवा नवाचार—इन सभी की ऊर्जा को अब सही अवसर मिल रहा है।

# तीन क्रय केन्द्रों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

## फखरपुर और कैसरगंज में संचालित केंद्र का लिया जायजा, केंद्र प्रभारी मिले मौजूद

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत संचालित धान क्रय का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति कैसरगंज मे खाद्य एवं रसद विभाग के विपणन शाखा द्वारा संचालित धान क्रय केन्द्र कैसरगंज प्रथम व तृतीय तथा पीसीएफ संस्था द्वारा संचालित केन्द्र-सहकारी संघ लि. फखरपुर का औचक निरीक्षण किया।

कैसरगंज मण्डी प्रथम के निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी पीयूष श्रीवास्तव, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी उपस्थित मिले। केन्द्र पर बैनर लगा पाया गया तथा कांटा, पावर डस्टर, नमीमापक यंत्र आदि केन्द्र पर उपलब्ध था। केन्द्र प्रभारी ने बताया कि 04 दिसम्बर तक 57 किसानों से 3264.60 कुन्तल धान खरीद की गयी है, जिसके सापेक्ष 548 कुन्तल धान सम्बद्ध राइस मिल को प्रेषित किया गया है। मौके पर मौजूद कृषक ग्राम कुड़नी निवासी आफाक अहमद पुत्र मुमताज अहमद की तौल चल रही थी। इसी प्रकार कैसरगंज मण्डी तृतीय के निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी जीत सिंह उपस्थित मिले। बताया गया कि अब तक 27 कृषकों से 1578.80 कुन्तल धान खरीद करते हुए सम्बद्ध राइस मिल को 250 कुन्तल धान का प्रेषण किया गया है। मौके पर ग्राम देवलखा निवासी कृषक हुकुम चंद वर्मा पुत्र भगौती प्रसाद वर्मा के उपज की तौल हो रही थी। कृषकों से संवाद करने पर बताया गया कि धान बेचने हेतु कोई परेशानी नही हुई है। केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि केन्द्रों पर आने वाले कृषकों से नियुमानुसार धान की तौल करायी जाये, इसमें किसी प्रकार की हीलाहवाली न की जाय। डीएम द्वारा केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि किसानो से सम्पर्क कर उनके पंजीकरण एवं सत्यापन में आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए अधिक से अधिक किसानो का धान विक्रय करते हुए उपरोक्त दोनो केन्द्रों को आवंटित क्रय लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति सुनिश्चित की जायें। इसी प्रकार पीसीएफ संस्था द्वारा संचालित केन्द्र-सहकारी संघ लि. फखरपुर के निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी प्रवीण सिंह उपस्थित मिले। केन्द्र पर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण पायी गयी। केन्द्र पर बैनर लगा पाया गया तथा कांटा, पावर डस्टर, नमीमापक यंत्र आदि केन्द्र पर उपलब्ध पाया गया। बताया गया कि 04 दिसम्बर तक 07 किसानों से 622.40 कुन्तल धान खरीद की गयी है। मौके पर कृषक ग्राम मोहम्मदपुर निवासी कृषक रामराज गुप्ता पुत्र मथुरा प्रसाद की तौल चल रही थी। केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि किसानो के साथ सहयोगात्मक रवैया अख्तियार कर तेजी से धान खरीद सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, खाद्य एव विपणन अधिकारी रूपेश कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, चोरी की 16 बाइक हुई बरामद



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** रूपईडीहा पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की 16 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। यह गिरोह भारतीय क्षेत्रों से वाहन चुराकर उन्हें नेपाल में बेचता था।

रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश रावत अपनी टीम के साथ पचपकड़ी चौराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान, दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन युवक आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रोककर वाहनों के कागजात मांगे, जो उनके पास नहीं थे। पूछताछ करने पर युवकों ने बताया कि दोनों मोटरसाइकिलें चोरी की हैं। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, तो उन्होंने चकिया जंगल में 14 अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें छिपाकर रखने की बात कबूली। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सभी मोटरसाइकिलों को बरामद कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए शातिर वाहन चोरों की पहचान जावेद, कमरुद्दीन और सुहेल के रूप में हुई है। जावेद और कमरुद्दीन नेपाल के रहने वाले हैं, जबकि सुहेल बुलंदशहर जनपद का निवासी है। यह गिरोह भारत से वाहन चुराकर नेपाल में बेचता था और नेपाल से चोरी किए गए वाहनों को भारतीय क्षेत्र में बेचता था। पुलिस इनके अन्य साथियों और मददगारों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### छह दिसंबर अलर्ट बहराइच-गोंडा बॉर्डर पर हाई सिक्योरिटी



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** शनिवार 6 दिसंबर जैसे संवेदनशील दिवस पर बहराइच –गोंडा बॉर्डर पर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए ।थाना अध्यक्ष राज कुमार पांडेय के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा, जबकि सी ओ यातायात राज सिंह ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। 6 दिसंबर का दिन इसलिए विशेष संवेदनशील माना जाता है क्योंकि 1992 में इसी तारीख को अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहाई गई थी, जिसके बाद देशभर में व्यापक तनाव और दंगे हुए थे। इसी पृष्ठभूमि के कारण हर वर्ष प्रशासन इस दिन अतिरिक्त सतर्कता अपनाता है।दिनभर पुलिस टीम सरहद के प्रमुख प्वाइंटों, मुख्य मार्गों और चौराहों पर तैनात रही। वाहनों की गहन चेकिंग की गई और आने–जाने वालों से पूछताछ कर सतर्कता बरती गई।

### तीन साल के बच्चे पर कुत्ते का हमला, अस्पताल में भर्ती

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रूपईडीहा इलाके में एक तीन वर्षीय बच्चे पर आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। हमले में बच्चे के चेहरे पर गहरी चोटें आईं। परिजनों के अनुसार कुत्ता पागल अवस्था में था। घटना उस समय हुई जब मासूम घर के बाहर खेल रहा था। बच्चे की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और डंडे से मारकर कुत्ते को किसी तरह भगाया। घायल बच्चे को तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। देर रात परिजन उसे जिले के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज किया। घायल बच्चे की पहचान रूपईडीहा नगर पंचायत निवासी बबलू सोनी के तीन वर्षीय बेटे वैभव के रूप में हुई है। बबलू सोनी का कहना है कि हमला करने वाला कुत्ता पागल था और इससे पहले भी दो–तीन लोगों को काट चुका है। उन्होंने प्रशासन से कुत्ते को पकड़ने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो सके।

### जिले में मनाई गई ब्रह्मानंद लोधी की 131वीं जयंती



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा बहराइच के तत्वाधान में बुंदेलखंड के मालवीय, शिक्षा के सागर त्याग मूर्ति,स्वतंत्रता सेनानी परम पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद लोधी जी की 131वीं जयंती विधानसभा नानपारा के सैयद नगर में मनाई गयी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज को सशक्त एवं एकजुट बनाने पर जोर दिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा के प्रदेश मंत्री नन्हे लाल लोधी रहें। एवं विशिष्ट अतिथि देवीपाटन के मंडल अध्यक्ष अनिल लोधी, जिला पंचायत सदस्य रामगोपाल लोधी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सालिकराम लोधी ने किया। कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर लोधी ने किया। कार्यक्रम आयोजक कमलेश कुमार लोधी प्रधान सैयद नगर रहे। इस अवसर पर ओम प्रकाश लोधी, सुधीर लोधी, प्रदीप लोधी, कुंदन सिंह लोधी एडवोकेट, आलोक वर्मा एडवोकेट, बच्छराज लोधी, दीनानाथ राजपूत, विमलेश राजपूत, पप्पू लोधी, कौशल किशोर लोधी रमेश लोधी, गंगा राम लोधी, राजेश लोधी,दीनानाथ राजपूत, विमलेश राजपूत, सूर्य प्रकाश लोधी, गया प्रसाद लोधी,रामसागर लोधी, भोलानाथ लोधी प्रधान बलदुपुरवा, पंचराम लोधी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### गोंडा को बाल विवाह मुक्त जिला बानाने में अपराजिता की प्रतिबद्धता



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा शुरू किए गए '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' में अपराजिता सामाजिक समिति ने पूर्ण सहयोग का संकल्प दोहराया है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक वर्ष पूरे होने पर संस्था ने कहा कि वह जिला प्रशासन और सभी विभागों के साथ मिलकर गोंडा को बाल विवाह मुक्त बनाने के प्रयास और तेज़ करेगी। अपराजिता की निदेशक किरण बैस ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से जिले में बाल विवाह रोकथाम में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, और सामूहिक प्रयासों से भारत 2030 से पहले इस अपराध से मुक्त हो सकता है। अपराजिता, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क की सहयोगी संस्था है, जिसके माध्यम से पिछले वर्ष देशभर में एक लाख से अधिक बाल विवाह रोके गए। अभियान के तीन चरण—शिक्षण संस्थान, धार्मिक स्थल/विवाह सेवाएं, तथा पंचायत/समुदाय—मुख्य फोकस क्षेत्रों में शामिल हैं। अपराजिता ने दोहराया कि बाल विवाह उन्मूलन राष्ट्रीय प्राथमिकता है और सभी हितधारकों की संयुक्त भागीदारी से यह लक्ष्य अवश्य पूरा होगा।

# लाल बिंदी वाला फ़ोल्डर ने बदली सोच, गर्भवती रोज ले रहीं आयरन की गोली





समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** गर्भवती महिलाओं के बीच आयरन-फोलिक एसिड गोलियों का नियमित सेवन लंबे समय से चुनौती बनी हुई है। उल्टी, गैस और काले मल जैसी परेशानियों का डर और मिथकों के कारण कई महिलाएं गोलियां नियमित नहीं ले पाती। लेकिन जिले के 210 गांवों में लाल बिंदी वाला फ़ोल्डर गर्भवतियों को दवा लेने के लिए प्रेरित कर रहा है। आगा खान फाउंडेशन और आशा कार्यकर्ताओं के प्रयासों से सात ब्लॉकों के 210 गांवों में लाल बिंदी वाला फ़ोल्डर का प्रयोग किया जा रहा है। आगा खान के अशोक कुमार बताते हैं कि इस पहल से 1683 महिलाओं ने नियमित आयरन लेना शुरू किया, जिनमें से 1491 ने स्वस्थ शिशु जन्म दिया और 690 का हीमोग्लोबिन 11 ग्राम से अधिक पहुँच चुका है। बलहा ब्लॉक की एएनएम रेखा बताती हैं कि फ़ोल्डर के साथ पोषण वाटिकाओं और नियमित प्रसवपूर्व जांच से आयरन-कैल्शियम की खपत भी बढ़ी है।

**क्या है लाल बिंदी फ़ोल्डर**

फ़ोल्डर में एक तरफ गर्भस्थ शिशु की तस्वीर और दूसरी तरफ 180 लाल बिंदियां होती हैं। हर दिन गोली खाने के बाद गर्भवती एक बिंदी चित्र पर चिपकाती है। जैसे-जैसे चित्र पूरा होता है, उन्हें एहसास होता है कि बच्चा लाल, स्वस्थ और मजबूत हो रहा है। यह भावनात्मक जुड़ाव मिथकों और संकोच को पीछे छोड़ते हुए नियमित दवा सेवन को बढ़ावा देता है। एनएफएचएस-5 के अनुसार जिले में 48 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिक हैं, ऐसे में यह नवाचार विशेष प्रभावी साबित हो रहा है।

**नवाचार का असर**

इसका असर बलहा ब्लॉक के गुलालपुरवा में साफ नजर आता है। गाँव की संजना (25) ने उल्टी और गैस की शिकायत से गोली छोड़ दी थी, हीमोग्लोबिन 6.6 तक गिर गया। फ़ोल्डर मिलने के बाद दवा शुरू की, अब हीमोग्लोबिन 15.8 है। इसी गांव की ज्योति वर्मा (21) को घरवालों ने समझाया था कि आयरन लेने से बच्चा भारी हो जाएगा। मिथक टूटने के बाद गोलियां शुरू कीं।

हीमोग्लोबिन 9.3 से बढ़कर 12.2 है। एसीएमओ डॉ. संतोष राना के अनुसार आयरन लेने के बाद काला मल या हल्की गैस सामान्य है। रात में भोजन के बाद नींबू पानी के साथ आयरन और सुबह दूध या पानी के साथ कैल्शियम लेने से परेशानी कम होती है। उन्होंने बताया आयरन से बच्चे का आकार बढ़ने की धारणा पूरी तरह गलत है।

**पौष्टिक आहार के साथ आयरन-फोलिक एसिड का सेवन जरूरी**

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि गर्भावस्था में शरीर को अधिक खून और पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है, सामान्य भोजन से इतनी आयरन मात्रा पूरी नहीं हो पाती, इसलिए रोजाना पौष्टिक आहार के साथ आयरन–फोलिक एसिड का सेवन जरूरी है। इसी उद्देश्य से इस वर्ष जिले में 83.15 लाख आयरन–कैल्शियम टैबलेट वितरित की गई हैं और सभी गर्भवती में नियमित सेवन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# गीता जयंती पर नगर में निकला शौर्य संचालन, सैकड़ों लोग हुए शामिल



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** गीता जयंती और 6 दिसंबर के अवसर पर हिंदू संगठनों ने शौर्य दिवस मनाया। इस दौरान बजरंग दल ने नगर में शौर्य संचलन का आयोजन किया। यह संचलन महाराज सिंह इंटर कॉलेज से शुरू होकर परशुराम चौक पर समाप्त हुआ। संचलन में सैकड़ों युवाओं ने उत्साह और राष्ट्रभक्ति के साथ भाग लिया। पूरे मार्ग में वंदेमातरम और भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने कहा कि भगवान राम के भव्य मंदिर के लिए सैकड़ों वर्षों तक किए गए संघर्ष का सुखद परिणाम अब देखने को मिल रहा है।

इस अवसर पर बजरंग दल द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं को विशेष संकल्प दिलाया गया। युवाओं ने नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष तरुण सिंह और जिला मंत्री अंशुमान ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आकाश तिवारी, ध्रुव विकास सिंह, सोनल पंडित, अजय सिंह, अवधेश सिंह, प्रदीप गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु मेला संपन्न, पशुओं को मिला फ्री इलाज



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जनपद के तहसील मनकापुर अंतर्गत विकास खंड बभनजोत क्षेत्र के बस्ती ख़ास गांव में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु मेले का आयोजन किया गया।

मेले में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लिया और पशुओं के नि.शुल्क इलाज एवं दवा वितरण का लाभ उठाया। पशु मेले में सचलदल पशु चिकित्सा सेवा 1962 के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. जय कृष्ण पाण्डेय ने पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य और देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उनके मार्गदर्शन से पशुपालकों को पशु रोगों की पहचान, उपचार और रोकथाम के बारे में उपयोगी सुझाव मिले।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नीरज पटेल रहे।

इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियो के साथ कई मंडल अध्यक्षों ने भी मेले में प्रतिभाग किया और पशुपालकों से संवाद कर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। मेले में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से बड़ी संख्या में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा विभिन्न रोगों के लिए दवाइयाँ वितरित की गईं। स्थानीय स्तर पर आयोजित यह मेला पशुपालकों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा और ग्रामीण क्षेत्र में पशु स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# विद्यालय का त्रिदिवसीय प्रांतीय वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न

समृद्धि न्यूज




**गोंडा।** मालवीय नगर में प्रांतीय योजना के अंतर्गत त्रिदिवसीय निरीक्षण के लिए आए अतिथि महानुभावों में लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. वंदना सारस्वत, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज माधवपुरी बहराइच के प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह,वरिष्ठ प्रवक्ता अनूप कुमार गुप्ता, जीवविज्ञान प्रवक्ता जीतेन्द्र वाजपेई, प्रांतीय कार्यालय प्रमुख त्रिलोक सिंह रावत, श्यामजी गुप्ता ने प्रातः वंदना सत्र, विद्यालय के पठन-पाठन, अनुशासन व्यवस्था, विभिन्न पंजियों एवं अन्य गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। सर्वप्रथम आए हुए सभी अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर पुष्पार्चन करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया।

वंदना के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल ने सभी अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया। अतिथि प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं प्रेरक प्रसंग भविष्य में कुछ लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा साथ ही निरीक्षण का उद्देश्य एवं अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को एक लक्ष्य बनाकर अपने जीवन में आगे बढ़ें। निरीक्षक बन्धुओं ने कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। छात्रों के अवकाश के पश्चात निरीक्षक मंडल द्वारा विद्यालय के आचार्य/बंधु भगनी के साथ बैठक की, जिसमे निरीक्षण के उद्देश्यों की विस्तृत चर्चा की गई।

## 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को एकता और अनुशासन का कराया अभ्यास





**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय मनकापुर के आश्रम पद्धति विद्यालय में चल रहे 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को एकता और अनुशासन के साथ ही विविध प्रकार के सैनिक अभ्यास सिखाए जा रहे हैं जिसमें क्वार्टर गार्ड, गार्ड आफ आनर, शस्त्र प्रशिक्षण इत्यादि कौशल बारीकियां से सिखाया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को आत्मनिर्भर बनाते हुए विभिन्न प्रकार के व्याख्यानों के मदद से सेना की सिखलाई दी जा रही है। साथ ही साथ एनसीसी ए प्रमाण पत्र एवं बी प्रमाण पत्र की परीक्षा हेतु तैयारी भी कराई जा रही है। फायर फाइट इंग एवं फायर सर्विस की टीम ने विषम परिस्थितियों में कैसे जान माल की सुरक्षा किया जाए उसके बारे में प्रशिक्षण देकर क्रेडिट को जानकारी दिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग से बचाव के तरीका भी बताएं। कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कपूर ने फायर फाइटिंग टीम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ़्टिनेंट करनल राणायोद्धसिंह ने संपूर्ण प्रशिक्षण शिविर को सुचार रूप से संचालन हेतु मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी एवं कैप्टन के एन मिश्रा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# जिलाधिकारी ने फरियादियों की सुनी शिकायतें गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश




समृद्धि न्यूज

बलरामपुर। तहसील बलरामपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जनमानस की समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

भूमि विवाद एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। डीएम ने बिना नक्शा स्वीकृत कराए अवैध प्लाटिंग पर विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न होने पाए, इसकी निगरानी अधिकारी नियमित रूप से करें। तहसील तुलसीपुर एवं तहसील उतरौला में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें जनशिकायतों को सुना गया तथा निस्तारण की कार्रवाई की गई। कार्यक्रम में एसडीएम बलरामपुर, सीओ बलरामपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**समाधान दिवस** | डीएम व सीडीओ ने तहसील मनकापुर में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

# मनकापुर में 110 शिकायतों में से 15 का मौके पर निस्तारण

**समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायत अवैध कब्जा को तत्काल हटवाकर अवगत कराने के दिये निर्देश : डीएम**



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मनकापुर में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तथा मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील मनकापुर में कुल 110 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 15 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं।

उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी मनकापुर अवनीश त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी मनकापुर, तहसीलदार मनकापुर, नायब तहसीलदार मनकापुर तथा बभनी पायर, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, एक्सईएएन आरईडी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह, एसडीओ विद्युत मनकापुर, खण्ड विकास अधिकारी मनकापुर, छपिया, बभनजोत, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# किसान पाठशालाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें किसान : शाही

## 12 से 29 दिसम्बर तक होंगी ग्राम पंचायत स्तरीय किसान पाठशालाएं, जनपदीय उप कृषि निदेशकों को निर्देश जारी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से अपील की है कि वे रबी सत्र 2025-26 के लिए किसान पाठशालाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तथा कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचार को अपनाकर मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए कम लागत में अधिक लाभ कमाएं।

कृषि विभाग द्वारा रबी सत्र 2025-26 में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी किसान पाठशालाओं के आयोजन के सम्बन्ध में जनपदीय उप कृषि निदेशकों को निर्देश जारी किए गए हैं। गोष्ठियों,पाठशालाओं का आयोजन योजनाओं के कन्वर्जन्स से प्रस्तावित है, जिसमें आरकेवीवाई द मिलियन फार्मर्स स्कूल दलहन विकास की नवीन योजना तथा तिलहन विकास की राज्य पोषित योजना के प्रसार सम्बन्धी मदों का उपयोग किया जाएगा।

इस प्रस्तावित कार्यक्रम के अंतर्गत, सबसे पहले मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 8 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक होगा। जनपद स्तरीय ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 से 10 दिसम्बर के मध्य होगा, ट्रेनर्स मूल्यांकन कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 11 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। ग्राम पंचायत स्तर पर दो दिवसीय गोष्ठियों पाठशालाओं का शुभारम्भ 12 दिसम्बर को होगा।

ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठियों पाठशालाओं का आयोजन 12 दिसम्बर से 29 दिसम्बर की अवधि में अपराह्न 2 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्राथमिकता के आधार पर पैक्स सोसायटी, किसान कल्याण केन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं प्राथमिक विद्यालयों का चयन करने का निर्देश दिया गया है। गोष्ठी आयोजन के उपरान्त फोटोग्राफ्स, कृषकों की उपस्थिति और उद्बोधन कराने वाले कृषकों का विवरण विभागीय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा।



# नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, पाइप लाइन व चैम्बर लीकेज से जून 2025 से ठप पड़ा है प्लांट

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित 50 एसटीपी, लोनियापुरवा का विस्तृत निरीक्षण किया। यह तथ्य सामने आया कि उ.प्र. जल निगम (नगरीय) द्वारा स्थापित 1600 मिमी व्यास की इनलेट पाइप एवं संबंधित चैम्बर में गंभीर लीकेज की समस्या लंबे समय से बनी हुई है।

इसी कारण 19 जून 2025 से एसटीपी का कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है, जिससे न केवल परियोजना की प्रगति प्रभावित हुई है, बल्कि क्षेत्र की सीवेज प्रबंधन व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।नगर आयुक्त महोदय को यह भी अवगत कराया गया कि लीकेज की समस्या के समाधान हेतु उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण) के परियोजना प्रबंधक एवं मुख्य अभियंता (गंगा) द्वारा कई बार पत्राचार के माध्यम से संबंधित विभाग को अवगत कराया गया था। जुलाई 2025 से लेकर अब तक कई पत्रों के बावजूद मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, जिसके परिणामस्वरूप स्थिति जस की तस बनी रही। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने स्थल का भौतिक परीक्षण कर पाइप एवं चौम्बर में हो रहे रिसाव की गंभीरता का आकलन किया। उन्होंने जीएम जलकल तथा परियोजना से संबद्ध संस्था मेसर्स सुएज इण्डिया को तत्काल प्रभाव से लीकेज की मरम्मत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरम्मत कार्य में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी, क्योंकि यह परियोजना शहर की सीवेज प्रणाली के सुधार एवं पर्यावरण संरक्षण से सीधे जुड़ी है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण) के परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिया कि लीकेज की मरम्मत पूर्ण होने के पश्चात् स्थल पर समुचित अर्थ फिलिंग सुनिश्चित की जाए, जिससे भविष्य में पुनः लीकेज की संभावना न रहे।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स को गिराकर पीटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ एयरपोर्ट पर हालात बेकाबू हो गए हैं। यहां कुछ पैसेंजर्स भिड़ गए और एक-दूसरे को जमीन पर गिरा-गिराकर पीटने लगे। इस दौरान कवर कर रहे मीडिया कर्मियों से सुरक्षाकर्मियों ने अभद्रता की। उनका कैमरा छीनने की कोशिश की। इंडिगो की फ्लाइट लगातार चौथे दिन रद्द होने पर एयरपोर्ट पर करीब 1000 हजार यात्रियों भीड़ है। शनिवार को कुल 22 फ्लाइट रद्द कर दी गईं। एक फ्लाइट एअर इंडिया की भी कैंसिल हुई है। दूर-दूर से आए यात्री 4 दिन से लखनऊ के होटलों में ठहरे हुए हैं। आज फिर यात्रियों में आक्रोश दिखा। एक यात्री लखनऊ शादी में शामिल होने दिल्ली से आया है। उसका लगेज इंडिगो प्रशासन ने रखवा दिया है। 3 दिन से अपने सामान का इंतजार कर रहा यात्री झल्ला उठा। उसने कहा- इंडिगो वाले सामने मिल जाएं तो झापड़ मार दूं। बिना अच्छे कपड़े के शादी में शामिल हो रहे हैं। आज किसी को 7 तो किसी को 8 दिसंबर के टिकट दिए गए हैं। दोपहर बाद एयरपोर्ट पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव बाग में पड़ा मिला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** माल थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव बाग में पड़ा मिला। सिर पर चोट के निशान और कपड़े फटे थे। सुबह टहलने निकले लोगों की नजर शव पर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान गांव के ही महेंद्र गुप्ता (35) के रूप में हुई। वह दो दिन से लापता था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना अमलौली गांव की है। शनिवार की सुबह अवधेश सिंह के बाग में शव मिला। जानकारी के अनुसार, उसने मौत से पहले भाई को फोन किया था। बताया था कि जल्दी आ जाओ, मुझे शुभम के लोगों ने जहर पिला दिया है। परिजनों के मुताबिक, जिस जगह पर शव मिला वहां से कुछ दूर पर शराब की पुड़िया और पानी मिला है। सिर और शरीर पर चोट के निशान हैं। कपड़े फटे हुए थे। रिजनों का कहना है कि उन्होंने बीते शुक्रवार को माल थाने पर अपने भाई महेंद्र गुप्ता की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिवार में पत्नी काजल तीन बच्चे यश, हार्दिक और कार्तिक हैं। घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। महेंद्र ने भाई को कॉल करके चचेरे बहनोई के भाई शुभम गुप्ता के 4 लोगों पर जहर पिलाने आरोप लगाया था। शुभम गुप्ता का भी कैटरिंग का काम है लेकिन कोई पुरानी रंजिश नहीं थी। ऐसे में उसने जहर क्यों दिया यह साफनहीं है।

### ट्रक की जोरदार टक्कर से पलटी कार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। यह घटना मोहनलालगंज कस्बे में शशी फिलिंग पेट्रोल पंप के सामने हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सड़क पर पलट गई। उसके चारों पहिए ऊपर हो गए। गनीमत रही कि हादसे में कार सवार लोगों को गंभीर चोट नहीं आई। दुर्घटना के बाद लखनऊ-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे भीषण जाम लग गया। मौके पर भारी भीड़ भी जमा हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल यातायात को डायवर्ट कर जाम खुलवाने का प्रयास शुरू किया। कार सड़क पर पलटी होने के कारण उसे तुरंत हटाया नहीं जा सका। पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएच) से क्रेन मंगवाकर पलटी हुई कार को सीधा कराया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद कार को सड़क से हटाया जा सका, जिसके बाद राजमार्ग पर यातायात बहाल हुआ। पुलिस के अनुसार, हादसे में कार चालक सुरक्षित है। पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है और दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

### पेड़ से लटकता मिला ड्राइवर का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। युवक की पहचान ग्राम गहदों निवासी सुभाष के रूप में हुई है। वह डाला वाहन का चालक था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सुभाष बीते शुक्रवार शाम अपने डाला वाहन को भाड़े पर ले जाने की बात कहकर घर से निकला था। शनिवार सुबह जब ग्रामीण अपने खेतों की ओर गए, तो उन्होंने आम के बाग में सुभाष का शव रस्सी के सहारे पेड़ से लटका देखा। ग्रामीणों की सूचना पर रहीमाबाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा, उसकी पहचान सुनिश्चित की और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि घटनास्थल के पास से मृतक का डाला वाहन और शराब का एक पाउच भी बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### राजकीय आईटीआई अलीगंज में लगा रोजगार मेला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज में ग्रे-सिम लर्निंग्स फाउण्डेशन एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहयोग से बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 33 प्रतिष्ठित कम्पनियों को प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया गया था।प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मेले में युवाओं को अधिकतम रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कम्पनियों को शामिल किया गया। मेला प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के क्रियान्वयन को गति देने और प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी एमए खाँ ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में 605 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 476 अभ्यर्थियों का विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 रुपये से 27,000 रुपये प्रतिमाह तक वेतन तथा अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उच्च संख्या में चयन इस मेले की सफलता को दर्शाता है। रोजगार मेले को सफल बनाने में ग्रे-सिम लर्निंग्स फाउण्डेशन एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय का विशेष योगदान रहे।

## अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिया फैसला

# बाबा साहेब की हर मूर्ति की बनेगी बाउंड्री, लगेगा छत्र

▸ सफाई कर्मियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी उपलब्ध कराएगी सरकार

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को बड़ी घोषणा की।

बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि अक्सर कुछ शरारती तत्व मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करते हैं, इसलिए उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार महत्वपूर्ण निर्णय लेने जा रही है कि जहां भी बाबा साहेब की मूर्तियां लगी हैं, वहां बाउंड्रीवाल बनाकर उन मूर्तियों की सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। मूर्तियों पर छत्र भी लगाया जाएगा, जिससे बाबा साहेब की मूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। सीएम ने डॉ. निर्मल के उस वक्तव्य का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी, संविदा, सफाई कर्मचारियों को उचित मानदेय मिले। सीएम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने उस समय भी खतरों से जागरूक किया था। कांग्रेस के बड़े नेता का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने 1923 में वंदे मातरम् गाने से इंकार कर दिया था। जब उनका अंतिम समय आया तो उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि येरूशलम में मरूं। तब बाबा साहेब ने टिप्पणी की थी कि जो व्यक्ति भारत में पैदा होकर यहां की सुविधा का उपभोग करके भी भारत की धरती को पवित्र न मानता हो, उसका वक्तव्य कभी भी भारतवासियों के हित में नहीं हो सकता।

### कोई भी गरीब-वंचित नहीं रहेगा अभावग्रस्त

सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने कॉरपोरेशन का गठन किया है। अगले एक-दो महीने के अंदर ही सरकार चतुर्थ श्रेणी, संविदा, सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी उपलब्ध कराएगी। जीरो पॉवर्टी अभियान भी उसी का हिस्सा है। अभी भी जो वंचित हैं और सुविधा का लाभ नहीं पा सके, उनके लिए कार्य हो रहे हैं। अनुसूचित जाति-जनजाति, अतिपिछड़ी के गरीबों को चिह्नित करने का कार्य लगभग फाइनल हो गया है। किसी के राशन, पेंशन कार्ड बन रहे तो किसी को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिसके पास आवास, आयुष्मान कार्ड नहीं होगा, उन्हें आवास व पांच लाख रुपये के आयुष्मान की सुविधा भी दिलाएंगे। कोई भी गरीब-वंचित अभावग्रस्त नहीं रहेगा। डबल इंजन सरकार उसे सभी सुविधाओं से संपन्न कराने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमें संविधान और बाबा साहेब पर गौरव की अनुभूति होती है।

### 11 दिसंबर डेडलाइन, यूपी में करीब 1.22 करोड़ मतदाता फॉर्म अभी बाकी

लखनऊ। यूपी में वोटर लिस्ट अपडेट करने का काम अभी काफी पीछे चल रहा है। राज्य में 15.44 करोड़ वोटर हैं, जिनमें अभी तक करीब 1.22 करोड़ वोटरों के फॉर्म को कंप्यूटर में फीड करना बाकी है। जिन लोगों से फॉर्म भरवा लिए गए हैं, उनमें से भी लगभग 14.20 करोड़ यानि करीब 92 फीसदी फॉर्म ही डिजिटाइज हो पाए हैं। इसका मतलब है कि अभी भी 8 फीसदी फॉर्म को ऑनलाइन करने का काम बचा हुआ है। वोटरों को ये फॉर्म बांटने और भरवाकर जमा करने का काम 11 दिसंबर तक पूरा करना है, जिसके लिए अब सिर्फ पांच दिन ही बचे हैं। देश के 12 राज्यों में यह काम चल रहा है, यूपी अभी सबसे पीछे है।

## बसपा प्रमुख मायावती ने डॉ. अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । देशभर में आज भारत रत्न, बहुजन समाज के महानायक और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर बड़े स्तर पर श्रद्धांजलि सभाएँ आयोजित की गईं। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर बाबा साहेब को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

उत्तर प्रदेश के 12 मंडलों के कार्यकर्ताओं एवं बाबा साहेब के अनुयाइयों ने लखनऊ में गोमती नदी तट पर स्थित अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल, जिसे बीएसपी सरकार ने निर्मित कराया था भारी संख्या में पहुंचकर उन्हें नमन किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली और उत्तराखंड के लोगों ने भी दिल्ली सीमा से सटे नोएडा के राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल एवं ग्रीन गार्डन में एकत्र होकर डॉ. अम्बेडकर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद भी मौजूद रहे और उन्होंने भी बाबा साहेब को पुष्पांजलि दी। देश के अन्य राज्यों में भी बीएसपी के नेतृत्व में जोन स्तर पर कार्यक्रम आयोजित हुए। मायावती ने इन सभी सम्मिलित कार्यक्रमों के लिए खासकर उत्तर प्रदेश के लोगों का दिल से आभार व्यक्त किया।

### उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां समाप्ति के लिए सात को संयुक्त बैठक करेगी समिति

लखनऊ। सात दिसंबर को लखनऊ में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, यूपी के जिलों और परियोजनाओं के संयोजकों व सहसंयोजकों की संयुक्त बैठक बुलाई गई है। बैठक में संघर्ष समिति से जुड़े हुए सभी घटक श्रम संघों और सेवा संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि इस बैठक में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में एक वर्ष से अधिक समय से चल रहे संघर्ष को और तेज करने का निर्णय लिया जाएगा। बिजली कर्मचारियों पर की गई और की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को समाप्त कराने हेतु इस बैठक में विशेष रूप से चर्चा होगी।

## पांच यूपी एअर स्कवाड्रन एनसीसी के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

▸ ग्रुप कमान्डर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। 5 यूपी एअर स्कवाड्रन एनसीसी लखनऊ द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 01 दिसम्बर 2025 से लखनऊ छावनी स्थित 02 सैन्य प्रशिक्षण वाहिनी, सेना चिकित्सा कोर केन्द्र एवं कॉलेज, के प्रांगण मे चल रहा है। जिसमे 405 छात्र छात्रायें भाग ले रहे हैं।

कैम्प कमान्डेन्ट विंग कमाण्डर प्रवीन तिवारी के मार्गदर्शन में ड्रिल, हथियार ड्रिल, फायरिंग प्रैक्टिस, माइक्रोलाइट फलाईंग एवम एयरोमाडलिंग ट्रेंनिग तथा कैडेटो के वायुसेना स्टेशन भ्रमण जैसे कार्यक्रम सम्पन्न कराया जा रहा है। कैम्प कमान्डेन्ट ने बताया कि लखनऊ ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमान्डर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव द्वारा 06 दिसम्बर 2025 को कैम्प का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कैम्प के सभी अधिकारी, एएनओ, वायुसैनिक व सिविलियन स्टाफ उपस्थित रहे। कैडेटों द्वारा ग्रुप कमान्डर को गार्ड आफ आनर दिया गया जिसके उपरान्त ग्रुप कमान्डर द्वारा कैडेटो के उच्च प्रदर्शन की सराहना करते हुये पुरस्कृत किया गया। ग्रुप कमान्डर ने अपने सम्बोधन के दौरान कैडेटों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## संविधान ने दिया हक, गरीब का बच्चा भी बन सकता है प्रधानमंत्री : केशव मौर्य

समृद्धि न्यूज



लखनऊ । डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य डॉ भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम सम्मिलित हुए।

उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा का पुष्पाजंलिए अर्पित करते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र के महान शिल्पकार, संविधान निर्माता, समतादृन्याय के प्रणेता, भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें सादर नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह दिवस केवल स्मरण मात्र नहीं, बल्कि हमारे कर्तव्य, संकल्प और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में आत्ममंथन का अवसर है। डॉ. अंबेडकर का व्यक्तित्व केवल एक नाम नहीं, बल्कि विचारों की ऐसी प्रखर धारा है जिसने भारत को आधुनिक, न्यायपूर्ण और लोकतांत्रिक स्वरूप प्रदान किया।

उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई, शोषित, वंचित वर्गो के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और यह सुनिश्चित किया कि नए भारत की नींव समानता और अवसर पर आधारित हो। प्रधानमंत्री ने अंबेडकर के विचारों को जनजन तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। डॉ. अंबेडकर जी का सपना था कि कोई भी व्यक्ति अवसरों से वंचित न रह जाए।

इसी दिशा में मोदी गरीब कल्याण योजनाएँ, शिक्षा, स्वास्थ्य सुधार, प्रधानमंत्री आवास, डिजिटल इंडिया, सामाजिक न्याय की नीतियाँ तेजी से लागू की जा रही हैं। उन्होंने अंबेडकर का कथन कोड करते हुए विपक्ष पर तंज कसा ÷मनुष्य महान अपने जन्म से नहीं, अपने कर्मो से होता है।÷ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के कथनों का सच्चे मन से पालन करते हैं।

### राष्ट्रीय लोकदल दफ्तर में मनाया गया बाबा साहब का महापरिनिर्वाण दिवस

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे के नेतृत्व में पूर्व विधायक शिवकरण सिंह तथा राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों के साथ जीपीओ स्थित महान समाज सुधारक एवं भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्रदेश मुख्यालय पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने किया। गोष्ठी का शुभारंभ राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक अन्याय, भेदभाव और विषमता के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया।

## बांग्लादेशी बताकर सफाई कर्मचारियों की झुग्गियां उजाड़ रही योगी सरकार : पटेल

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। लखनऊ की भाजपा मेयर द्वारा बहादुरपुर बस्ती में 20 वर्षों से रह रहे असम मूल के सफाईकर्मियों को बांग्लादेशी और रोहिंग्या बताकर 15 दिन में क्षेत्र खाली करने का आदेश देना न केवल अमानवीय, बल्कि असंवैधानिक है। आम आदमी पार्टी ने इसे भाजपा की नफरत भरी राजनीति और चुनावी साजिश करार देते हुए तीखा विरोध दर्ज किया है।

पार्टी नेताओं ने कहा कि यह कार्रवाई एसआईआर प्रक्रिया के खुले दुरुपयोग का उदाहरण है, जिसके माध्यम से प्रदेश में भय और भ्रम का माहौल बनाया जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने घोषणा की है कि इस पूरे मामले पर भाजपा सरकार की करतूतों के खिलाफ मुख्य चुनाव आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हो सके। आम आदमी पार्टी मुख्यालय में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बोलते हुए अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने कहा कि लखनऊ के बहादुरपुर बस्ती में भारतीय जनता पार्टी की मेयर द्वारा नगर निगम अधिकारियों के साथ छापेमारी कर असम मूल के सफाईकर्मियों को बांग्लादेशी बताना घोर निंदनीय और असंवैधानिक कृत्य है। बीस वर्षों से लखनऊ की सड़कों की सफाई करने वाले इन मेहनतकश परिवारों के पास आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी और एनआरसी डाटा जैसे सभी प्रमाण मौजूद हैं। बावजूद इसके, इन्हें बिना जांच-पड़ताल के 15 दिनों में बस्ती खाली करने का फरमान सुनाया गया।

# 24 घंटे के अंदर चोरी की घटना का खुलासा

▸ प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में विकास नगर पुलिस ने चोरी की घटना का किया पर्दाफाश

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के पूर्वी ज़ोन की थाना विकास नगर पुलिस टीम ने शनिवार को बेहतरीन कामयाबी हासिल करते हुए इलाके में हुई चोरी की वारदात का 24 घंटे के अंदर ही सफ़ल अनावरण कर वारदात को अंजाम देने वाले शातिर अपराधी को गिरफ़्तार कर लिया।

इस प्रकरण में जानकारी देते हुए एसीपी गाज़ीपुर अनिंद्य विक्रम सिंह ने बताया कि शुक्रवार को विकास नगर इलाके के सेक्टर एम निवासी आयुष श्रीवास्तव की तहरीर पर चोरी का मामला दर्ज किया गया था जिसके बाद से पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई थी। थाना प्रभारी विकास नगर आलोक सिंह ने बताया कि घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए स्थानीय पुलिस ने ज़मीनी एंव इलेक्ट्रॉनिक सूचना तंत्र के माध्यम व मुखबिर की सूचना पर शनिवार को घटना के 24 घंटे के अंतराल में ही वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर को सचिवालय कट के पहले से गिरफ़्तार कर लिया जिसकी पहचान उदयभान रावत (22) के रूप में हुई जिसके कब्जे से चोरी किया हुआ एप्पल का लैपटॉप जिसकी कीमत एक लाख 75 हज़ार और चोरी किया हुआ बैग, एक कीमती हाथ की घड़ी एक सोने की हीरा लगी अंगूठी व कई अहम कागज़ात पुलिस ने बरामद कर लिए। बाद गिरफ्तारी पुलिस ने कागज़ी प्रक्रिया सम्पन्न कर शातिर चोर को सलाखों के पीछे भेज दिया। गिरफ़्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह, आनंद यादव, सूरज कांत पाण्डेय, कांस्टेबल राघवेन्द्र और रघुवीर रहे।

संगोष्ठी

## एनवायरनमेंट एंड सोसाइटी आईसीईएस 2025 की 7वीं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

# जलवायु परिवर्तन से बड़े शहरों में बढ़ीं चुनौतियां : दयाशंकर

समृद्धि न्यूज



लखनऊ । ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एनवायरनमेंट एंड सोसाइटी आईसीईएस 2025 की 7वीं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से शहरों में चुनौतियां बढ़ गई हैं। हमें पर्यावरण सुधार की दिशा में प्रभावी कदम उठाने होंगे।

पिछले 200 साल के दौरान हुई औद्योगिक क्रांति की वजह से पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव किए जा सकते हैं, इसलिए हमें अभी से उपाय करने होंगे। डीजल बसों से पर्यावरण को काफी अधिक नुकसान होता है। उन्होंने अपने विभाग में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया। लखनऊ में पर्यावरण के स्तर में सुधार के पीछे इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ना बड़ी वजह है।15 शहरों में ही इलेक्ट्रिक बसों का संचालन होता था। अब इनकी संख्या बढ़कर 43 हो गई है। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि पर्यावरण के मुद्दे पर पूरे विश्व में आम सहमति बनाना जरूरी है। कुलपति ने पूरी दुनिया से सेमिनार में शामिल होने आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया। लोकसेवा आयोग के सदस्य एके वर्मा ने कहा कि पर्यावरण जैसे मुद्दे हमें वैश्विक सोच रखनी होगी। रष्ट्रीय स्तर पर नीति बनानी होगी, स्थानीय स्तर पर काम करना होगा और व्यक्तिगत स्तर पर जागरुकता फैलानी होगी। ग्लोकल एनवायरनमेंट एंड एसोसिएशन के अध्यक्ष एमडी गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण मानवता के अस्तित्व से जुड़ा सवाल है। ग्लोकल एनवायरनमेंट एंड एसोसिएशन की ओर से संस्था के संस्थापक रामकुमार वर्मा की याद में लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड की शुरुआत की गई। इस साल अवार्ड डॉ. क्षेत्रपाल गंगवार को दिया गया। परिवहन मंत्री को अमेरिकन यूनिवर्सिटी की ओर से मानद उपाधि प्रदान की गई।अमेरिका के नॉर्थ कैरोलाइना स्टेट यूनिवर्सिटी, रैले के समुद्री, पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान विभाग के प्रो. विनय पी अनेजा ने कहा कि कृषि में इस्तेमाल होने वाली उर्वरक का सिर्फ30 फीसदी हिस्सा ही पौधे को मिलता है। वहीं 70 फीसदी हिस्सा बर्बाद हो जाता है। इसकी वजह से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। रीएक्टिव नाइट्रोजन एक बड़ा मुद्दा बन रहा है। नाइट्रोजन पृथ्वी के वायुमंडल में 78 फीसदी पाया जाता है। उच्च तापमान और दबाव पर नाइट्रोजन गैस को हाइड्रोजन गैस के साथ उत्प्रेरक की उपस्थिति में अभिकृत करके अमोनिया बनाया जाता है।

# बाबा साहब की विरासत भारत की राष्ट्रीय पहचान का अभिन्न अंग : तनवीर




## सपा कार्यालय पर मनाया गया बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस जनपद के बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में मनाया गया। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। इस मौके पर सपा के जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की विरासत भारत की राष्ट्रीय पहचान का एक अभिन्न अंग है और उनके विचार भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।

इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी का समावेशी और समतावादी समाज का उनका दृष्टिकोण, जैसा कि भारतीय संविधान में निहित है, देश के भविष्य के विकास के लिये एक मार्गदर्शक सिद्धांत बना हुआ है। इस मौके पर सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को भारतीय संविधान के जनक के रूप में याद किया जाता है। इस मौके पर सपा के प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी,सपा के महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा नेता जितेंद्र प्रसाद प्रधान, सपा नेता कमल किशोर कठेरिया, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष अजफर अली, सपा युवज़न सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पार्थ यादव, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनोजिया, सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव अजीम खान, शाहाब खान, मोहम्मद जकी, अजय भोजवाल, राम रतन लाल सोनी, राजकुमार शर्मा, पी.एल गौतम, बादाम सिंह यादव, शिशुपाल सिंह यादव, सर्वेश, पार्वती सैनी, नीलम, अब्दुल समद, रानू खान, सबिता, मुकेश यादव, सुनील यादव, सचिन भोजवाल, सत्यनारायण, बिलाल खान, श्लोक मौर्य, यश मौर्य, आरिफ खान आदि मौजूद रहे।

# डेढ़ माह से आधार सेंटर बंद, ग्रामीण परेशान

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड मुख्यालय पर स्थित आधार केंद्र पिछले डेढ़ माह से बंद है। इसके कारण आधार कार्ड बनवाने या उसमें सुधार कराने आने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन 25 से 50 लोग अपने बच्चों के साथ आधार संबंधी कार्य के लिए ब्लॉक मुख्यालय पहुंचते हैं, लेकिन केंद्र बंद होने के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ता है। वर्तमान में केवाईसी और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आधार अनिवार्य कर दिया गया है। आधार कार्ड में त्रुटि होने पर बच्चों के स्कूल एडमिशन भी नहीं हो पा रहे हैं। अभिभावक इन त्रुटियों को ठीक कराने के लिए ब्लॉक मुख्यालय आते हैं, लेकिन केंद्र पर ताला लगा देखकर वापस लौट जाते हैं। ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को केंद्र के बंद होने का कारण या उसके खुलने की संभावित तिथि के बारे में जानकारी नहीं है। मौके पर मौजूद एक पंचायत सहायक ने बताया कि आधार केंद्र के ऑपरेटर ने साइट न चलने का हवाला देते हुए 5 दिन में सेंटर खोलने की बात कही थी, लेकिन डेढ़ माह से अधिक समय बीत चुका है। वहीं चर्चा है कि ब्लॉक मुख्यालय के नाम पर यह सेंटर किसी अन्य स्थान पर संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।



## गायत्री चेतना केंद्र पर मासिक दीप यज्ञ कार्यक्रम संपन्न

**समृद्धि न्यूज, पुवायां-शाहजहांपुर।** गायत्री परिवार का मासिक दीप यज्ञ कार्यक्रम स्थानीय गायत्री चेतना केंद्र पर संपन्न हुआ। आश्रम से जुड़ी साधक और भाजपा नगर अध्यक्ष (महिला मोर्चा ) आभा गुप्ता ने बताया कि गायत्री परिवार के मुख्यालय के निर्देशानुसार दीपयज्ञ कार्यक्रम प्रत्येक मास की पूर्णिमा को आयोजित किया जाता है। दीपयज्ञ कार्यक्रम में जिस भी साधक का जन्म दिवस पड़ता है उसका कार्यक्रम भी दीप यज्ञ कार्यक्रम में धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार आश्रम से जुड़ी साधक प्रीति गुप्ता का जन्मदिन मनाया गया। आश्रम से जुड़े सड़क राकेश चंद्र गुप्ता और प्रमोद चंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि मां गायत्री आदिशक्ति हैं उनकी आराधना करने से समस्त लौकिक और पारलौकिक सुखों की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही गायत्री चेतना केंद्र पर शिवालय का भी निर्माण कराया जाएगा जिसमें आदिशक्ति मां गायत्री और भगवान भोलेनाथ विराजमान होंगे। प्रत्येक माह होने वाले कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में दीपक कार्यक्रम और आरती के उपरांत भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रमोद चंद्रगुप्त राकेश चंद्र गुप्ता, डॉ प्रदीप कटियार, आभा गुप्ता, मीना गुप्ता, एकता दिलीप भारद्वाज, प्रमोद राठौर कमलेश गुप्ता, रामवीर, ज्ञान देवी, डॉ प्रदीप वैरागी आदि उपस्थित रहे।

# हनुमतधाम द्वार एवं मार्ग का लोकार्पण

## सहयोग संस्था ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

जनपद की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में पहुंचे एमएलसी डॉक्टर सुधीर गुप्ता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव ने हनुमत धाम द्वार एवं हनुमत धाम उद्घाटन किया। सहयोग संस्था के पदाधिकारियों के साथ मिलकर ग्राम के सभी बुजुर्गों को कंबल बांटे। डा. सुधीर गुप्ता ने कहा कि वाकई में जनपद में यदि कोई गांव है तो है भटपुरा रसूलपुर, यहां की गलियों में घूमने पर ऐसा लगता है कि किसी बहुत सुंदर जगह पर घूम रहे हैं और अजय प्रताप यादव बोले कि भटपुरा रसूलपुर पंचायत विभाग में नाम रोशन कर रहा है, हमारे सभी प्रधानों को बिल्कुल इसी प्रकार से कार्य करना चाहिए। सहयोग संस्था के संस्थापक शाहनवाज खां ने बताया कि यह बहुत सुंदर समय है एक साथ दो कार्य ग्राम पंचायत में हो रहे हैं,



प्रधान अनिल गुप्ता के साथ-साथ सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद हम सभी को भी मिल रहा है। संस्था अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने बताया कि भटपुरा रसूलपुर हमारी जन्मभूमि है और जब हम गांव की तारीफ सुनते हैं, तो मन प्रसन्न हो जाता है। अतिथियों का ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने माला पहनाकर स्वागत किया। सभी को उपहार स्वरूप देसी गुड़ भेट की। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार, अजय पाल वर्मा, रामदेव, महेंद्र दुबे, विकास सक्सेना, सुमन गुप्ता, शिवम वर्मा, सरदार अमरदीप सिंह खालसा, यशपाल सिंह, लड्डन अली, अनुज मिश्रा, श्रीकांत दीक्षित, सतीश, नसीरुद्दीन, सूरज गुप्ता, मनीष गुप्ता, मुनींद्र सिंह, सुधीर, सबाब, वेदपाल आदि रहे।

# कला प्रेमियों ने चित्रकार कमर को किया सम्मानित

## तौक़ीर आर्केड में कला से रोजगार पर हुआ व्याख्यान

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

शहर की बाड़ूजई स्थित तौक़ीर आर्केड में चित्रकला में लड़कियों के लिए रोजगार की संभावनाओं पर व्याख्यान का आयोजन हुआ, जिसमें एलबीडी गर्ल्स कॉलेज तिलहर की एवं शहर की जीएफ कॉलेज की छात्राओं ने आधुनिक कला की बारीकियों को सीखा और उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, उड़ीसा एवं बांग्लादेश के कलाकारों की पेंटिंग का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रख्यात चित्रकार एवं तौक़ीर आर्केड के निदेशक डॉ. मोहम्मद क़मर को जीएफ कॉलेज चित्रकला विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. उषा गर्ग एवं एलबीडी गर्ल्स कॉलेज तिलहर की पूर्व प्रधानाचार्य एवं कला प्रवक्ता सुनीता देवी एवं शिक्षिका रीना सक्सेना एवं



छात्राओं ने शाल भेंट कर सम्मानित किया।

डॉ. उषा गर्ग ने अपने व्याख्यान में मौजूदा समय में हर लड़की को अपने अंदर दबी हुई प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारने पर जोर दिया। उन्होंने चित्रकला ऐसा विषय है जिसमें महिलाएं पारिवारिक जिम्मेदारियों साथ अपनी भावनाओं को व्यक्त कर समाज में अपने आप को स्थापित कर रोजगार का माध्यम भी बना सकती है। डॉ. मोहम्मद क़मर की कला यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा आप की पेंटिंग यथार्थ वादी है। क़मर की कला के विषय गांव की पगडंडी से लेकर शहर की भाग दौड़ से भरी आपा धापी की जिंदगी भी देखी जा सकती है, आप की कला में प्रदूषण के दौर में पशु पक्षियों का दर्द भी महसूस होता है। वहीं प्रकृति की सुंदरता को भी दिखाया गया है। कला समीक्षक कला प्रवक्ता सुनीता देवी ने अपने व्याख्यान में कहा क़मर साहब अपनी कल्पना की नाव पर सवार होकर आकाश की ऊंचाई से लेकर समुद्र की गहराई तक मौजूद प्रकृति के विद्यमान स्वरूपों को रेखाओं के सहारे कैनवस एवं कागज पर उजागर करते है। मोहम्मद क़मर ने 2006 से शहीदों की नगरी शाहजहांपुर में रहकर अपनी कला की साधना के साथ धर्मानंद इंटर कॉलेज मुमुक्ष आश्रम में चित्रकला प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। मोहम्मद क़मर जी की कला में परंपरागत और आधुनिक तत्वों का समावेश है उनके निरंतर साधना और समर्पण हमें सोचने पर मजबूर करते हैं कि एक चित्रकार के चित्रों की गहराई को समझना इतना आसान नहीं है सत्य की अनुकृति जो हमें अक्सर कला से जुड़े रहने की प्रेरणा प्रदान करती है आपका शांत स्वभाव एवं मंद-मुस्कान आपकी आकृतियों में भी कहीं न कहीं देखने को मिलती है उनके कला दर्शन से युवा पीढ़ी के कलाकारों को जागरूकता के साथ-साथ समाज के लिए कुछ अच्छा करने की प्रेरणा भी मिलती है। इस अवसर पर कला प्रेमियों में प्रमुख रूप से मानसी, शबाना, अलीशा, प्रिया, प्रियंका चांदनी, पूनम, पिंकी, सरोजनी देवी, ज्योती, रचना, सोनाली, मधु, अनामिका, सरगम सिंह, नेहा, शीतल, कहकशां, यसरा, उमरा, सीमा, दीपा, सरोज, अग्रिमा पाल, मो. तय्यब, सबा नक़वी, देवघर शर्मा, अनुपम, रीना सक्सेना, सुनीता आदि उपस्थित रहे।

# बिना शोध के कोई उपलब्धि संभव नहीं : सुरेश खन्ना

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

गन्ना शोध संस्थान में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ वित्तमंत्री सुरेश खन्ना द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम बिहार सरकार के मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बिहार के विभिन्न जनपदों में पटना, बेगूसराय, नालंदा आद से आए 40 कृषकों का दल भाग ले रहा है।

वित्त मंत्री ने कहा कि गन्ना शोध संस्थान द्वारा विकसित उन्नत किस्मों ने प्रदेश के गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह संस्थान प्रदेश का एक प्रमुख एवं समृद्ध शोध केंद्र है, जिसकी अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हैं। बिना शोध के कोई उपलब्धि संभव नहीं है। हर प्रगति के पीछे शोध की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वह पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा यहां के अनुभवी वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई



तकनीकों को अपनाएं, इन तकनीकों को व्यवहार में लाकर किसान न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकते हैं, बल्कि अपने प्रदेश के कृषिगत विकास में भी योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद के निदेशक वीके शुक्ला ने मुख्य अतिथि मंत्री का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा निरंतर किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे किसान उन्नत ज्ञान प्राप्त कर उत्पादन बढ़ा सकें। जिला गन्ना अधिकारी जितेन्द्र मिश्र, प्रगतिशील किसान कौशल मिश्र, संस्थान के वैज्ञानिक एवं अन्य अधिकारी रहे। संचालन प्रसार अधिकारी डा. संजीव पाठक ने किया। उन्होंने बताया कि बिहार से आया यह सातवाँ प्रशिक्षण दल है। इसके अतिरिक्त उत्तराखंड के दो दल और हरियाणा का एक दल भी पूर्व में इस संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। गन्ना शोध संस्थान द्वारा संचालित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को नवीनतम तकनीकों, उन्नत गन्ना किस्मों, बेहतर कृषि प्रबंधन तथा उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक विधियों से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

## दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास, 2.25 लाख का लगा जुर्माना

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र में अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के मामले में एक पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय ने दोषी पर 2 लाख 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला एएसजे 08 (पॉक्सो न्यायालय) ने सुनाया।

आरोपी नन्हेलाल पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी कोलामझारा रैपुरा थाना जलालाबाद, को अपनी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ और बलात्कार का दोषी पाया गया। उसे शेष प्राकृतिक जीवन के लिए आजीवन कारावास की सजा दी गई है। जलालाबाद पुलिस ने 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत इस मामले में प्रभावी पैरवी की। मॉनिटरिंग सेल, थाना जलालाबाद पुलिस और अभियोजन विभाग ने समन्वय स्थापित कर समयबद्ध तरीके से साक्षियों के बयान दर्ज कराए और न्यायालय में मजबूत पक्ष रखा, जिसके परिणामस्वरूप यह सफलतम न्यायिक परिणाम प्राप्त हुआ।

## सूचना

जयरानी व रामबेटी पत्नी रामकुमार निवासी ग्राम कटइला पुरवा पोस्ट शिवपुरी तहसील मितौली जिला खीरी एक ही महिला के नाम है।

भविष्य में रामबेटी नाम से जाना जाए।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**03010 नई दिल्ली–हावड़ा जं. विशेष रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन | गाड़ी सं. 03010 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| नई दिल्ली | --- | 07:30 |
| हावड़ा जं. | 13:30 | --- |

चलने के दिन : 03010 नई दिल्ली से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., सासाराम, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर एवं बर्द्धमान स्टेशन।

**01016 लखनऊ जं.–लोकमान्य तिलक (ट.) विशेष रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन | गाड़ी सं. 01016 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| लखनऊ जं. | --- | 19:30 |
| लोकमान्य तिलक (ट.) | 23:30 | --- |

चलने के दिन : 01016 लखनऊ जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा, भुसावल जं., जलगांव जं., नाशिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं. एवं ठाणे स्टेशन।

**01020 ह. निज़ामुद्दीन–छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) विशेष रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन | गाड़ी सं. 01020 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| ह. निज़ामुद्दीन | --- | 17:30 |
| छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 13:30 | --- |

चलने के दिन : 01020 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : मथुरा जं., सवाई माधोपुर, कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत, वसई रोड, ठाणे एवं दादर स्टेशन।

**01409/01410 पुणे जं.– ह. निज़ामुद्दीन – पुणे जं. विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 01409 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01410 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:20 | पुणे जं. | 09:00 | --- |
| 01:00 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 05:00 |

चलने के दिन : 01409 पुणे जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 01410 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता.
ठहराव : दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड़ जं., भुसावल जं., खंडवा, ईटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर एवं आगरा कैंट स्टेशन।

**06259/06260 यशवंतपुर – ह. निज़ामुद्दीन – बेंगलूरु कैंट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 06259 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 06260 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | --- | बेंगलूरु कैंट | 19:45 | --- |
| --- | 07:00 | यशवंतपुर | --- | --- |
| 03:00 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 23:50 |

चलने के दिन : 06259 यशवंतपुर से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 06260 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : येलहंका, धर्मावरम जं., अनंतपुर, डोन, कर्नूलु सिटी, काचीगुडा, काज़ीपेट, बल्हारशाह, नागपुर, भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**04474/04473 गाजियाबाद – सहारनपुर – गाजियाबाद अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04474 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04473 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 05:15 | गाजियाबाद | 17:20 | --- |
| 08:45 | --- | सहारनपुर | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 04474 गाजियाबाद से तथा 04473 सहारनपुर से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को।
स्थान : सामान्य
ठहराव : नया गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर, मोहिउद्दीनपुर, परतापुर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाँडा, खतौली, मन्सूरपुर, जड़ौदा नारा, मुज़फ़्फ़रनगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबंद, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

**04476/04475 गाजियाबाद – सहारनपुर – गाजियाबाद अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04476 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04475 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:30 | गाजियाबाद | 16:00 | --- |
| 20:00 | --- | सहारनपुर | --- | 12:30 |

चलने के दिन : 04476 गाजियाबाद से तथा 04475 सहारनपुर से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को।
स्थान : सामान्य
ठहराव : नया गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर, मोहिउद्दीनपुर, परतापुर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाँडा, खतौली, मन्सूरपुर, जड़ौदा नारा, मुज़फ़्फ़रनगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबंद, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

**02417/02418 प्रयागराज जं. – नई दिल्ली – प्रयागराज जं. विशेष रेलगाड़ी** — 03 फेरे

| गाड़ी सं. 02417 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 02418 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:20 | प्रयागराज जं. | 04:30 | --- |
| 11:40 | --- | नई दिल्ली | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 02417 प्रयागराज जं. से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) तथा 02418 नई दिल्ली से दिनांक 07 एवं 09.12.2025 (रविवार एवं मंगलवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : फतेहपुर, गोविंदपुरी, ईटावा, टुण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन।

**02275/02276 प्रयागराज जं. – नई दिल्ली – प्रयागराज जं. विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 02275 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 02276 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:20 | प्रयागराज जं. | 04:30 | --- |
| 11:40 | --- | नई दिल्ली | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 02275 प्रयागराज जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 02276 नई दिल्ली से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : फतेहपुर, गोविंदपुरी, ईटावा, टुण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन।

**01082/01081 बनारस – लोकमान्य तिलक (ट) – बनारस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 01082 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01081 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:40 | बनारस | 16:05 | --- |
| 19:55 | 20:05 | वाराणसी जं. | 15:25 | 15:35 |
| 06:25 | --- | लोकमान्य तिलक (ट) | --- | 08:25 |

चलने के दिन : 01082 बनारस से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 01081 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : वाराणसी जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, ईटारसी जं., खंडवा, भुसावल जं., नाशिक रोड एवं कल्याण जं. स्टेशन।

**02559/02560 बनारस – आनंद विहार (ट) – बनारस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 02559 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 02560 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:15 | बनारस | 04:15 | --- |
| 10:30 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 12:20 |

चलने के दिन : 02559 बनारस से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 02560 आनंद विहार (ट) से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**08760/08761 दुर्ग – ह. निज़ामुद्दीन – दुर्ग एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 08760 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 08761 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:45 | दुर्ग | 15:00 | --- |
| 11:10 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 12:30 |

चलने के दिन : 08760 दुर्ग से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 08761 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकोनॉमी
ठहराव : रायपुर जं., उरलापुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी एवं आगरा कैंट स्टेशन।

**08403/08404 पुरी – दिल्ली जं. – भुवनेश्वर विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 08403 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 08404 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:45 | पुरी | --- | --- |
| 12:50 | 12:55 | भुवनेश्वर | 22:00 | --- |
| 13:30 | --- | दिल्ली जं. | --- | 18:30 |

चलने के दिन : 08403 पुरी से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) तथा 08404 दिल्ली जं. से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : खोरधा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जाजपुर केन्दुझर रोड, भद्रक, बालेश्वर, जलेश्वर, हिजली, मेदिनीपुर, बिष्णुपुर, बांकुड़ा जं., आद्रा जं., नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, पारसनाथ, कोडरमा, गया, डेहरी ओन सोन, सासाराम, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल, टूंडला एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।

**04206/04205 वाराणसी जं. – नई दिल्ली – वाराणसी जं. आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04206 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04205 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:50 | वाराणसी जं. | 01:20 | --- |
| 05:15 | --- | नई दिल्ली | --- | 10:55 |

चलने के दिन : 04206 वाराणसी जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 04205 नई दिल्ली से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ जं., बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**04462/04461 नई दिल्ली – हावड़ा जं. – नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04462 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04461 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | --- |
| 23:30 | --- | हावड़ा जं. | --- | 01:30 |

चलने के दिन : 04462 नई दिल्ली से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 04461 हावड़ा जं. से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी
ठहराव : गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., ईटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल स्टेशन।

**04580 चंडीगढ़–तिरुवनंतपुरम सेंट्रल आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04580 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| चंडीगढ़ | --- | 07:15 |
| तिरुवनंतपुरम सेंट्रल | 14:45 | --- |

चलने के दिन : 04580 चंडीगढ़ से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., मेरठ सिटी जं., गाजियाबाद जं., ह. निज़ामुद्दीन जं., कोटा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., उधना जं., वसई रोड, पनवेल, रोहा, रतनागिरी, थिविम, मडगांव जं., कारवार, कुमता, मूकांबिका रोड बैन्दूर, कुन्दापुरा, उडुपी, मंगलूरु जं., कासरगोड, कन्नूर, कोझीकोड, षोरणूर जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टायम, चेंगन्नूर, कायमकुलम, कोल्लम जं. एवं वर्कला शिवगिरी स्टेशन।

**04004/04003 नई दिल्ली – मुंबई सेंट्रल – नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04004 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04003 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:40 | नई दिल्ली | 20:50 | --- |
| 21:00 | --- | मुंबई सेंट्रल | --- | 23:30 |

चलने के दिन : 04004 नई दिल्ली से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 04003 मुंबई सेंट्रल से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी
ठहराव : मथुरा, कोटा, नागदा, रतलाम, वडोदरा, सूरत एवं बोरीवली स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें | उत्तर रेलवे | आपकी सुविधा - हमारा ध्येय | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शिकायतों का ससमय व गुणवत्ता के साथ हो निस्तारण : डीएम

**डीएम ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सदर में सुनी समस्याएं**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस संपन्न हुआ। डीएम ने फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याएं सुनी कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराया शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए है। समाधान दिवस में अवैध कब्जा, बिजली, राशन कार्ड, पेंशन आदि से संबंधित कुल 49 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। डीएक्ष ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता दें। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील दिवस में जिन विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारियों गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। शिकायत के निस्तारण उपरांत शिकायतकर्ता की संतुष्टि का फीडबैक भी लिया जाए। कब्जा अथवा भूमि संबंधित विवाद का निस्तारण पुलिस एवं राजस्व की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर करे। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में शिकायतकर्ता को एक से अधिक बार एक ही प्रकरण के लिए न आना पड़े। साथ ही डीएम ने एसआईआर कार्य में लगे संबंधित अधिकारियों को एएसडी वोटर के संबंध में दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी एएसडी वोटर की सूची सार्वजनिक रूप से पढ़े और लोगों से सुनिश्चित करे कि कोई ऐसा वोटर तो नहीं जो यहां रह रहा हो। डीएम ने निर्देश दिए कि यह कार्य सोमवार तक पूर्ण करके रिपोर्ट मीटिंग में उपलब्ध कराई जाए। एसडीएम तहसील सदर संजय पांडे, सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा, सीओ प्रियंक जैन सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सीडीओ ने कस्तूरबा विद्यालय जलालाबाद में परखी शिक्षा की गुणवत्ता



**तहसील में 25 शिकायतों में पांच का हुआ निस्तारण**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जलालाबाद तहसील में सीडीओ डा. अपराजिता सिंह ने सम्पूर्ण समाधान में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराया। उन्होंने आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, अधीनस्थों को निर्देश दिए कि एक एक शिकायत ससमय निस्तारण हो। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 25 शिकायतें आई, जिनमें 5 का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त सीडीओ ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और शिक्षा की गुणवत्ता देखी। विद्यालय में चल रही, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट क्लासेज की जानकारी ली। बच्चों से सीडीओ ने क्लासेज को लेकर फीडबैक लिया। साथ ही कांट में इंदेपुर गोशाला की स्थिति का अवलोकन किया।जहां पर पशुओं को हरा चारा की उपलब्धता न होने पर उनका पारा चढ़ गया और उन्होंने एनजीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

## एडीएम अरविंद कुमार ने सत्येंद्र ग्लोबल एकेडमी में बच्चों को किया पुरस्कृत

**स्पोर्ट फिट एंड फास्ट आयोजन में मुख्य अतिथि ने बच्चों को दिया आशीर्वाद**



**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**

सत्येंद्र ग्लोबल एकेडमी में आयोजित स्पोर्ट फिट एंड फास्ट के पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने प्रतियोगी विजई बच्चों को प्रमाण पत्र देकर व मैडल पहनाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शनिवार अपरान्ह दो बजे एकेडमी में पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने कहा कि एकेडमी के डायरेक्ट दीपक चौहान, मैनेजर गौरव चौहान व शिक्षक टीम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को जिस तरह निखारा है। वह बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि माता पिता और गुरुजन बच्चों के भगवान हैं। यूं तो कण कण में भगवान समाये हैं। लेकिन एक पिता ही अपने बच्चे को बुलंदियों पर देखना चाहता। अन्य सभी रिश्ते द्वेष वश तरक्की देख प्रसन्न नहीं होता। उन्होंने विभिन्न कहानियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा और संस्कारों को लेकर उत्साहित किया।

इस मौके पर 100 मीटर रेस , 400 मीटर रेस , 100 मीटर हर्डल रेस, कबड्डी, खो-खो, शॉट पुट के अलावा प्री प्राइमरी वर्ग में विशेष मनोरंजक प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। जिनमें जलेबी रेस, बॉल बैलेंसिंग रेस, स्पूनदूलेमन रेस शामिल रहीं। जिनसे नन्हे मुन्ने बच्चों का उत्साह देखने को मिला। एकेडमी डायरेक्टर दीपक सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि एडीएम अरविंद कुमार को शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

समारोह में आशुतोष सिंह आशु एडवोकेट, राजीव गुप्ता, जहीर अहमद व मीडिया कर्मी मौजूद रहे। आयोजन में एसपी त्रिपाठी, सौरभ तिवारी, प्रांजय, नाजिया खान, वंश, अमन सिंह, प्रिया शर्मा, बोस्की गुप्ता, अभिषेक, हरिओम मिश्रा, शिप्रा, रितिका गर्ग, मुक्ता गुप्ता एवं समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। पल्लवी सिंह ने सम्पन्न की घोषणा करते हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## बाबा साहब ने सबसे अधिक अधिकार महिलाओं को दिए

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** प्रांतीय अनुसूचित जाति-जनजाति बेसिक शिक्षक संघ के तत्वधान में पुवायां रोड स्थित बुद्ध विहार पर भारत रत्न बाबासाहेब डा.भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय वर्मा तथा संचालन महामंत्री विनोद कुमार ने किया स प्रांतीय कोषाध्यक्ष सियाराम दिनकर ने कहा डा. अम्बेडकर केवल शोषित और वंचित वर्ग के ही मसीहा नहीं थे वो तो पूरे देश के मसीहा थे। बाबा साहब ने संविधान में संपूर्ण मानव जाति के साथ साथ प्राणी मात्र की रक्षा के लिए संविधान में अधिकार दिए। बाबा साहब ने सबसे अधिक अधिकार महिलाओं को दिए, यदि बाबा साहब ने लिंग परीक्षण के विरुद्ध कानून न बनाया होता तो आज महिलाओं की संख्या बहुत कम होती। जिलाध्यक्ष अजय वर्मा ने कहा की बाबा साहब ने सभी को तीन मूल मंत्र दिए शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो परम पूज्य बोधिसत्व बाबा साहब डॉ0भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन संघर्ष से परिपूर्ण था। उन्होंने दबे कुचले शोषित और वंचित समाज को अपने हक और अधिकार के लिए लड़ना सिखाया स वरिष्ठ शिक्षक अमर सिंह जी ने बताया समाज में व्याप्त विषमता, अन्याय और भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समानता, स्वतंत्रता और बंधुता पर आधारित समाज के निर्माण का जो सपना बाबा साहब ने देखा था, वह आज भी हम सभी के लिए पथप्रदर्शक है। जिला महामंत्री विनोद कुमार ने बताया कि साहब ने आजीवन घर परिवार का त्याग कर जीवन पर्यन्त दवे कुचले वंचितों को उठाने का और आगे बढ़ने का कार्य किया। दिनेशपाल सिंह ने कहा कि जीवन लंबा होने की बजाय महान होना चाहिए बाबा साहब ने समाज और देश के अतुलनीय कार्य किया। कमलेश निगम ने कहा की शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा इसलिए सभी को शिक्षित बनने के लिए हर प्रयास करना चाहिए। ब्लॉक अध्यक्ष तिलहर अरविन्द वर्मा नें कहा आज का दिन समाज और देश के लिए बहुत ही अपूरणीय क्षति का है सब कुछ साहब की देन है। ब्लॉक मंत्री पुवायां नीरज वर्मा ने बताया कि 6 दिसंबर 1956 को मुंबई की सड़को पर 6 लाख से अधिक लोग शामिल थे महिलाओं को अधिकार दिलाए, कार्यक्रम में राजीव वर्मा, अशोक कुमार पूर्व एआरपी, दिनेश पाल सिंह, धनपाल सिंह, नीरज वर्मा, जगदीश चंद्रा, ज्ञानेंद्रमोहन ज्ञान, डेगपाल सिंह आदि नें भी अपने विचार रखें।

## खबरें एक नजर में

### पुत्री को भगाने बाले आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र निवासी पुत्री के पिता ने थाना बण्डा के गांव पोहकरपुर रामबाबू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। दर्ज रिपोर्ट में बताया कि मेरी 21 वर्षीय पुत्री को रामबाबू पुत्र कल्लू निवासी ग्राम पोहकरपुर बहला फुसलाकर भगा ले गया है। काफी तलाश किया लेकिन नही मिली है। मेरी पुत्री अपने साथ सोने की लर व कुण्डल एक जोडी पायल चांदी की ले गयी है। ओर मेरी पुत्री सोनम के खाते में 50,000 रूपए पडे थे वह भी निकाल लिये है। व एक मोबाईल भी साथ ले गयी है। मुझे लड़की मिले न मिले लेकिन मेरा जेवर मिल जाए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### पीएम कुसुम योजना फायदे के साथ इनकम भी बढ़ेगी

**जलालाबाद-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार द्वारा संयुक्त रुप से संचालित प्रधानमंत्री कुसुम योजना भाग बी 2025, 2000, 26 से अंतर्गत किसानों को 16 सिंचाई पंप पर साठ प्रतिशत की भारी सब्सिडी दी जा रही है। इसके साथ ही 5 वर्ष की वारंटी और धीमा सुरक्षा का लाभ दी। किसानों को मिलेगा इस योजना के लिए ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल खोल दिया गया है। जिसकी अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2025 है। कुल लागत पर साथ पर्सेंट तक की सरकारी सब्सिडी मिलेगी। इसके अलावा पांच वर्ष की गारंटी और बीमा सुरक्षा डीजल और बिजली खर्च के पूरी मुक्ति पर्यावरण संरक्षण कम रखरखाव का खर्च एवं 24 घंटे बिजली की निर्माता के बिना सिंचाई का सिराला किसानों को मिलेगा इसी योजना ने वह किसान जिनके पास खेती योग जमीर एवं बोरवेल जल स्रोत उपलब्ध हो जिनके पास आधार कार्ड भूमि दस्तावेज और बैंक खाता हो जो किसान अभी डीजल बिजली से सिंचाई कर रहे हैं आवेदन कर सकते हैं जिसका किसान इसका आंसर प्रदेश किसी विभाग के चवजजमत पंडित सीजन सेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन के बाद अधिकारियों द्वारा सपना सत्या गलत यावल बारिश किया जाएगा।

### विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद-शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले की जलालाबाद नगर इकाई के द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि सामाजिक समरसता दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे जिसमे मुख्य बक्त विपिन अग्निहोत्री ने कहा अखिल भारतीय विधार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्रों के हित मे काम करती आई है। अखिल भारतीय विधार्थी परिषद बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि सामाजिक समरसता दिवस के रूप मनाती है। जिसमे अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक संजय गुप्ता ने कहा बाबा साहेब सिर्फ एक नेता नहीं थे, वो उम्मीद थे उन करोड़ों लोगों के लिए जिन्हें समाज ने हाशिए पर धकेल दिया था। उन्होंने समाज के हर उस हिस्से के लिए लड़ाई लड़ी जिसे दुनिया ने अनदेखा कर दिया था। बाबा साहेब का यह नारा सामाजिक जागरूकता और अधिकारों की प्राप्ति का रास्ता दिखाता है। वे मानते थे कि शिक्षा से ही व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है, संगठन से ताकत मिलती है और अन्याय के खिलाफ संघर्ष जरूरी है। बाबा साहेब ऐसे धर्म को मानते थे जो सबको बराबर माने, किसी में भेद न करे और प्रेम व इंसानियत को बढ़ावा दे। जिसमे जिला मेडिविजन संयोजक जितेंद्र पाल, जिला मीडिया संयोजक जय श्रीवास्तव, तहसील संयोजक सुजल गुप्ता, नगर सह मंत्री बाबू टाटा उपस्थित रहे।

### गन्ने का बकाया भुगतान कराया जाए, वरना होगा आंदोलन

**समृद्धि न्यूज, बंडा-शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने बकाया गन्ना भुगतान न होने व किसानों को परेशान किये जाने का आरोप लगाते हुए गन्ना महाप्रबंधक चीनी मिल मकसूदापुर को ज्ञापन देकर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। किसान यूनियन ने सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि यूनियन ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया था कि किसानों का बकाया गन्ना भुगतान 15 अक्टूबर तक नहीं कराया गया तो समस्त कार्यकर्ता व सट्टा किसान चीनी मिल की चैन बंद करने के साथ अनिश्चितकालीन धरना, उग्र आंदोलन को विवश होंगे। लेकिन मिल प्रशासन द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया। यूनियन ने छह दिसम्बर को आंदोलन का ऐलान करते हुए कहा कि 9 दिसम्बर तक बकाया भुगतान नहीं किया गया तो 10 दिसम्बर को उग्र आंदोलन के साथ मिल के सभी कार्यालयों में तालाबंदी की जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन, प्रशासन व मिल प्रबंधन की होगी। ज्ञापन देने वालों में दर्शन सिंह वरिष्ठ तहसील उपाध्यक्ष,अजय गंगवार युवा ब्लाक अध्यक्ष, विनय कुमार, सर्वेश पटेल, राजीव गंगवार, बलवीर, अरविंद गंगवार लोकेश, सचिन, विनोद, सुशील आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे।

### रंजिशन नष्ट किये यूकेलिप्टिस के पेड़

**समृद्धि न्यूज, बंडा-शाहजहांपुर।** गांव सैदापुर निवासी नन्हेंलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 1 दिसंबर को उसके खेत के पड़ोसी लालचंद्र, रोहित, जोगेंद्र, सूरज समेत कुछ अज्ञात लोगों ने उसके खेत की मेड़ के किनारे लगे दर्जनभर से अधिक यूकेलिप्टस के पेड़ काटकर नुकसान पहुंचाया। नन्हेंलाल के मुताबिक जब वह खेत पर पहुंचा तो उसने देखा कि पेड़ काटे जा चुके हैं। आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ में उसे पड़ोसियों के शामिल होने की जानकारी मिली। पीड़ित ने बताया कि उसने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस ने अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। नन्हेंलाल का कहना है कि यूकेलिप्टस के पेड़ उसकी आय का सहारा थे, जिन्हें क्षति पहुंचाकर आर्थिक नुकसान किया गया है। पीड़ित ने न्याय की मांग करते हुए एसपी से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### दो बाइकों में भिड़ंत में चार घायल, दो रेफर

**समृद्धि न्यूज, खुटार-शाहजहांपुर।** खुटार पुवायां रोड पर रौतापुर कलां गांव की मोड़ के पास दो बाईकों की भिड़ंत में बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जिला लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी के गांव बांकेगंज निवासी आशीष कुमार 32 वर्ष श्री जी गुरुनानक इंडस्ट्रीज गंगसरा में काम करते हैं। शनिवार को अपने सहकर्मी मैलानी के ही गांव ऊंचागांव निवासी रंजीत 24 वर्ष के साथ घर से काम पर गंगसरा जा रहे थे। खुटार पुवायां रोड पर रौतापुर कलां गांव की मोड़ के पास पीछे से आ रहे बाइक सवार पुवायां थाना क्षेत्र के गांव बड़ागांव निवासी आकाश 22 वर्ष व उसकी बाइक पर पीछे बैठे सौफरी गांव के रंजीत 20 वर्ष की बाइक से आशीष की बाइक में पीछे से टक्कर हो गई। जिससे चारों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते हो मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। तहसील दिवस से वापस आ रहे थाना प्रभारी आर के रावत सड़क हादसा देख मौके पर पहुंचे। और 108 एंबुलेंस से चारों घायलों को सीएचसी में सीएचसी भिजवाया। हालत गम्भीर होने पर आशीष व आकाश को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों को मरहम पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई।

## संजू ढाबा के पास खड़े ट्रक से पांच सौ लीटर डीजल चोरी

**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर।** नगर में आए दिन खड़े ट्रकों से डीजल चोरी होने की घटनाएं कम नहीं हो रही है। वही अभी तक पुलिस किसी भी डीजल चोर को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

सलीम पुत्र मुन्ने निवासी मोहल्ला रुस्तमपुर मंडी गेट कस्बा व थाना जलालाबाद ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह गाड़ी संख्या यूपी 27 एटी 9686 पर ट्रक का चालक है। शुक्रवार देर रात सलीम अपने ट्रक में मौरंग भरकर बरेली से जलालाबाद की तरफ जा रहा था। कटरा पहुंचते हैं सलीम को नींद आने लगी। शनिवार की सुबह 3 बजकर 30 मिनट पर संजू ढाबा के पास ट्रक खड़ा करके उसी में सो गया। सुबह उसने देखा कि ट्रक की टंकी खुली हुई है और डीजल अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। चालक सलीम ने बताया कि लगभग पांच सौ लीटर डीजल चोरी हो गया है। चालक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की।

## कुएं की जमीन को खाली कराकर हिंदुओं को सौंपा जाए : राजेश

**हिन्दू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा**



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी नंदकिशोर एडवोकेट एवं प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में शाहजहांपुर में सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें मांग की कि शहर के टाउन हॉल नगर निगम के पास पूर्व में हिंदुओं के कुआं को बंद कर बनाई गई अवैध तीन मंजिला मस्जिद पर तत्काल बुलडोजर चलवाया जाए और कुएं की जमीन को खाली कराकर हिंदुओं को सौंपा जाए। जनपद में जहां कुआं, सरकारी जमीन है और उन पर असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा किया हैं, उन सभी कुंआ, सरकारी तालाब, चारागाह, खाद के गड्ढे, नदियों के किनारे स्थित सरकारी भूमि, जिन पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा किया गया है। उनकी पैमाइश कराकर उन्हें तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाए और उक्त भूमि को निराश्रित गोवंशों के लिए चिन्हित कर आवंटित कर दिया जाए। जनपद में लव जिहाद की घटनाएं लगातार बढ़ रही है।

दूसरे समुदाय के लोग हिंदू समाज की बहू बेटियों को टारगेट कर उन्हें अपना शिकार बना रहे हैं। जिले में कई ऐसे मामले हो चुके हैं। जिनमें अभी तक पुलिस लव जिहाद का शिकार हुई बेटियों को बरामद नहीं कर पाई है।

उन्हें तत्काल बरामद कराया जाए और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाए। जनपद में बनाई गई अवैध मजार, मस्जिदों की जांच कराकर उन पर बुलडोजर की कार्रवाई कराई जाए। हरदोई, सीतापुर बाईपास के साथ ही आईटीआई रोजा के सामने खाली पड़ी सरकारी भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जे को तत्काल खाली कराया जाए। इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। अगर इस पर शीघ्र ही रोक नहीं लगाई गई, तो हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के कार्यकर्ता अजान के समय पर मस्जिदों के सामने बैठकर साउंड सिस्टम लगाकर हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस मौके पर ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र पटवा, राजेंद्र कनौजिया, राजेश कुमार, विनीत शुक्ला, यश दीक्षित, मनीष कश्यप, अवनीश कश्यप, राजकुमार प्रजापति, कमल दीक्षित, राजकुमार, करण कुमार, गोविंद मिश्रा, सचिन रावत, राजीव शुक्ला, आनंद पांडे, भारत राठौर, मोहित राणा, राजीव अवस्थी, श्रीपाल, निर्भय मिश्रा, भगवान दास, आचार्य अंकुर शुक्ला, विकास अग्निहोत्री, आचार्य पवन देव जी महाराज, आचार्य अंकित कृष्ण कात्यान, सुमित कुमार, विशाल पांडे, आकाश दीक्षित आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## सहायक आयुक्त व सहायक निबन्धक सहकारिता ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया है कि जनपद के कलान के अन्तर्गत उर्वरक बिकी केन्द्र बी-पैक्स कलान, बी-पैक्स चौकिया, बी-पैक्स आंधीदेई बी-पैक्स श्रीनगर एव बी-पैक्स लक्ष्मणपुर तथा सहकारी संघ बारा खुर्द संचालित है।

उक्त सभी उर्वरक बिकी केन्द्रों पर यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता है, जिसमें समिति आंधीदेई में 57.50 मीट्रिक टन, समिति कलान में 7.00 मीट्रिक टन, समिति लक्ष्मणपुर में 17.50 मीट्रिक टन, समिति चौकिया में 51.50 मीट्रिक टन, समिति श्रीनगर में 44.00 मीट्रिक टन एवं संघ बाराखुर्द में 29.30 मीट्रिक टन स्टॉक उपलब्ध है।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता द्वारा निरीक्षण के दौरान उक्त केन्द्रों का निरीक्षण किया गया तथा वितरण देखा गया उक्त समितियों पर यूरिया लेने वाले कृषकों की अत्यधिक भीड़ थी, जिन्हें टोकन व्यवस्था के अनुसार उर्वरक का वितरण किया जा रहा था। समिति सचिव तथा संबंधित सहायक विकास अधिकारी सहायक को निर्देशित किया गया कि समितियों पर उर्वरक की उपलब्धता निरंतर बनी रहे तथा स्टॉक कम होने पर तत्काल सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता को सूचना दें जिससे वहां यूरिया का प्रेषण कराया जा सके। इफको आंवला प्लांट से लगातार कलान क्षेत्र की समितियों को यूरिया का प्रेषण सीधे प्लांट से भी आवश्यकतानुसार किया जा रहा है, जिससे समितियों पर निर्बाध रूप से यूरिया का वितरण होता रहे। जिला प्रबन्धक पीसीएफ तथा क्षेत्र प्रबन्धक इफको को निर्देशित किया गया है कि कलान क्षेत्र की समस्त समितियों पर स्टॉक कम होने के पूर्व ही उर्वरक का प्रेषण कराना सुनिश्चित करें।

## जिला जज ने लोक अदालत के प्रचार-प्रसार वाहन को हरी दिखाकर किया रवाना



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार-प्रसार वाहन 12 दिसंबर तक जनपद की सभी तहसीलों व ब्लॉकों, गॉवों, मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जाकर राष्ट्रीय लोक आदलत का प्रचार-प्रसार करेगा। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नरेन्द्र कुमार-तृतीय, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदीप कुमार जायसवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष वर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शओम प्रकाश मिश्र-तृतीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति अग्रवाल एवं अन्य न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी व एलएडीसीएस के अधिवक्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा।

**समाचार व विज्ञापन हेतु संपर्क करें**

तहसील प्रभारी
गौरीशंकर त्रिवेदी
अंकित दीक्षित
परशुरामपुरी जलालाबाद-कलान शाहजहांपुर
7571940399, 8853460381

**सूचना**

मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2021 जिसका अनुक्रमांक 215738288 का अंकपत्र व सहप्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।
**लक्ष्मी यादव पुत्री मूलचंद्र नि.मो. कसभरा तकिया, पुवायां-शाहजहांपुर।**

**सूचना**

मेरे हाई स्कूल वर्ष 2001 जिसका अनुक्रमांक 0970062 है, जिसमें मेरा नाम विनोद कुमार पाल दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड व पेनकार्ड में मेरा नाम विनोद कुमार दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम है। मुझे विनोद कुमार के नाम से जाना जाये। मेरे नाम व पते का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। **विनोद कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी मुरहास जैतपुर, फर्रुखाबाद।**

## एएसडी वोटरों की सूची राजनैतिक दलों को उपलब्ध करा दी जाएगी : डीएम

**विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में डीएम ने राजनैतिक दलों साथ की बैठक**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अब तक संपन्न हुए पुनरीक्षण कार्यों की जानकारी दी और प्रत्येक चरण से सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एएसडी वोटरों की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध करा दी जाएगी, ताकि प्रत्येक दल अपने स्तर से मतदाता सूची की गुणवत्ता सुनिश्चित कर लें। आयोग के निर्देशानुसार बीएलए और बीएलओ की संयुक्त बैठक आगामी 10 दिसंबर को बूथ स्तर पर आयोजित होगी। सभी दलों से अपील की है कि वह अपने बीएलए को अनिवार्य रूप से बैठक में भेजें, जिससे नामावली पुनरीक्षण की प्रक्रिया अधिक सुदृढ़ हो सके। आग्रह किया कि जिन राजनैतिक दलों ने अभी तक अपने बीएलए नियुक्त नहीं किए हैं या सभी मतदेय स्थलों पर बीएलए नियुक्त नहीं हैं, वह तत्काल प्रभाव से अपने बीएलए की नियुक्ति पूर्ण करें। बीएलए की सक्रिय भागीदारी से मतदाता सूची की शुद्धता बढ़ती है और संभावित त्रुटियों को समय रहते दूर करने में सहायता मिलती है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्र सहित संबंधित अधिकारी तथा राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सामाजिक समरसता दिवस पर एबीवीपी की संगोष्ठी सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, शाहजहाँपुर महानगर द्वारा बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर सामाजिक समरसता दिवस के रूप में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मंचाशीन अतिथियों द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कॉलेज प्रबंधक डा. अंशुमान मैसी, विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार, तथा महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव' प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। डा. अंशुमान मैसी ने कहा कि अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने न केवल दलित, वंचित और पिछड़े वर्गों को आवाज़ दी, बल्कि पूरे भारत को एक मजबूत संवैधानिक ढांचा भी दिया। आज की पीढ़ी को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाना होगा। राहुल गंगवार विभाग संगठन मंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव सामाजिक समरसता, समान अधिकार और राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता रहा है। आज का दिन हमें उनके योगदान को याद कर उसे अपने जीवन में उतारने का संकल्प दिलाता है। आयुष श्रीवास्तव महानगर मंत्री ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और परिवर्तन का प्रतीक है। उन्होंने हमें सिखाया कि शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति और समाज दोनों का विकास संभव है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आकाश मैसी, विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार, संदीप, वैभव सक्सैना, आयुष श्रीवास्तव, करन, भानु प्रताप, आशुतोष मिश्रा, अंशु आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

**कार्यालय ग्रा0पं0 महरुपुर सहजू वि0ख0 बढ़पुर, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2025-26 दिनांक 06/12/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत महरुपुर सहजू विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 07/12/2025 से 11/12/2025 तक की अपरान्ह 4-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 11/12/2025 को सायं 5:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 07/12/2025 से 11/12/2025 तक अपरान्ह 4-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रामरुप के घर से महरुपुर सम्पर्क मार्ग तक इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.42 लाख | 2% | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ.डी. आर व एन.एस.सी व चेक द्वारा ली जायेगी। **प्रधान-वेदप्रकाश दुबे** **ग्रा0पं0 महरुपुर सहजू, वि0ख0 बढ़पुर** **सचिव-कंचन रावत**

**कार्यालय ग्राम पंचायत भुजपुरा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा**

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.12.2025 से 13.12.2025 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

**निविदा मूल्य-100 रू.**

| क्र.सं. | योजना अन्तर्गत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | गोट सेन्टर निर्माण आशाराम s/o जयपाल | 1.47 लाख | | ईटा, गिट्टी, बालू, सीमेन्ट, सरिया, चद्दर आदि | - | - |

**शर्ते-** 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**प्रधान** **सचिव**

## पुनरीक्षण पर सुप्रीम मोहर

मतदाता सूचियों की शुद्धता व पारदर्शी चुनावों के लिये चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया को जारी रखने का निर्देश देकर देश की शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को राहत ही दी है। वहीं दूसरी ओर संसद से सड़क तक एसआईआर के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश में लगे विपक्ष को इस निर्णय से बैकफुट पर आना पड़ेगा। दरअसल, विपक्षी दल बिहार में शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया को लेकर लगातार मुखर विरोध करते रहे हैं और मामला कई बार अदालत तक भी पहुंचा था। लेकिन बिहार में बहुत कम समय में यह काम पूरा हुआ और राज्य में नई सरकार भी चुन ली गई है। हालिया प्रक्रिया की कथित विसंगतियों के बाबत सुप्रीम कोर्ट के चीफजस्टिस सूर्यकांत के नेतृत्व वाली बेंच ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकारों के कर्मचारी एसआईआर व अन्य वैधानिक दायित्वों के निर्वहन के लिये बाध्य हैं। वहीं कोर्ट ने राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों को निर्देश दिए हैं कि एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों पर काम का दबाव कम करने के लिए तुरंत कदम उठाएं। इसके लिये अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों विशेष गहन पुनरीक्षण में लगे कई बीएलओ के तनाव से मरने व आत्महत्या करने के समाचार आए थे। जिसके चलते चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को एक सप्ताह के लिये आगे बढ़ाया था। वहीं दूसरी ओर अदालत ने स्पष्ट किया कि एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारों को चुनौती नहीं दी जा सकती। यह भी कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसके पास मतदाता सूचियों में पारदर्शिता लाने के लिये एसआईआर को अंजाम देने के संवैधानिक व कानूनी अधिकार हैं। साथ ही अदालत ने इस प्रक्रिया पर किसी तरह की रोक लगाने से इनकार किया। इसके अलावा अदालत का कहना था कि यदि भविष्य में किसी तरह की अनियमितता सामने आती है तो तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए जाएंगे। निस्संदेह, विगत में भी देश में समय–समय पर मतदाता सूचियों में पुनरीक्षण का कार्य होता रहा है। लेकिन यह कभी इतना बड़ा राजनीतिक विरोध का मुद्दा नहीं बना। बहरहाल, अदालत के इस आदेश के बाद विशेष गहन पुनरीक्षण को मुद्दा बनाकर विरोध करने वाले राजनीतिक दलों को झटका अवश्य लगा होगा। हालांकि, इससे पहले भी अदालत ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार किया था। साथ ही उससे जुड़ी विसंगतियों को दूर करने को जरूरी निर्देश अवश्य दिए थे। जहां तक बूथ लेवल अधिकारियों पर काम के दबाव का सवाल है तो निश्चित ही यह एक श्रम साध्य कार्य है। इस काम में लगे शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े दस्तावेजों के प्रमाणीकरण और शिकायतों के निवारण में खासी माथापच्ची करनी पड़ती है। इसलिए बीएलओ के काम के बोझ को कम करने का प्रयास करना बेहद जरूरी है। जिसके लिये कर्मचारियों की संख्या तुरंत बढ़ाने की जरूरत है, जिससे बीएलओ का काम का बोझ कम हो सके। उन्हें साप्ताहिक अवकाश लेने का अवसर मिल सके। निस्संदेह, सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रीय दायित्व का निर्वहन नियुक्त कर्मचारियों के लिये अपरिहार्य है। ऐसी ही जटिलता का सामना कर्मचारियों को जनगणना आदि कार्यक्रमों व स्वास्थ्य से जुड़े मिशनों में करना पड़ता है। घर–घर जाना और लोगों की तल्ख प्रतिक्रियाओं का भी सामना करना पड़ सकता है।


# 2030 राष्ट्रमंडल खेल व 2036 विश्व-ओलंपिक प्रस्ताव का निर्णायक अग्रदूत

– डॉ सत्यवान सौरभ

सन 2030 के राष्ट्रमंडल खेल भारत के लिए केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सन 2036 के विश्व-ओलंपिक प्रस्ताव का निर्णायक अग्रदूत हैं। यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक-शक्ति (सॉफ्ट पावर) को नई ऊँचाई दे सकता है, परन्तु किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कमी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को आघात पहुँचा सकती है। विशाल खेल आयोजन किसी भी राष्ट्र के लिए मात्र खेल-प्रतियोगिताएँ नहीं होते, बल्कि वे उस देश की राजनैतिक इच्छा-शक्ति, आर्थिक सामर्थ्य, सांस्कृतिक पहचान और प्रशासनिक परिपक्वता का सार्वजनिक प्रदर्शन भी होते हैं। आधुनिक समय में खेल कूटनीति एक प्रकार की सांस्कृतिक-शक्ति बन चुकी है–ऐसी शक्ति जो बिना किसी सैन्य बल के, विश्व समुदाय को अपने अनुकूल प्रभावित कर सकती है।

भारत लंबे समय से विश्व-स्तर पर अपनी प्रतिष्ठा के विविध आयामों को सुदृढ़ करने का प्रयास करता आया है, और सन 2036 के विश्व-ओलंपिक आयोजन की महत्वाकांक्षा इसी दिशा का अगला स्वाभाविक चरण है। परंतु ओलंपिक जैसे विराट आयोजन से पहले सन 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को भारत एक प्रकार के पूर्वाभ्यास, पूर्व-ओलंपिक नमूने और वैश्विक विश्वास की परीक्षा के रूप में देख रहा है। यह रणनीति जितनी आकर्षक संभावनाएँ प्रदान करती है, उतनी ही गंभीर आर्थिक, प्रशासनिक और सामाजिक चुनौतियाँ भी प्रस्तुत करती है। भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र में इस प्रकार के आयोजनों की तैयारी केवल खेल मंत्रालय का नहीं बल्कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, नगर निकायों, सुरक्षा संस्थाओं, निजी क्षेत्र, तकनीकी विशेषज्ञों, खेल संघों और व्यापक समाज- सभी का संयुक्त प्रयास मांगती है।

यदि भारत 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों को सफलतापूर्वक आयोजित कर लेता है, तो यह विश्व स्तर पर यह संदेश जाएगा कि देश 2036 के विश्व-ओलंपिक जैसे महाकाय आयोजन को संभालने में सक्षम है। यही कारण है कि यह आयोजन भारत की विश्वसनीयता के लिए एक निर्णायक पड़ाव साबित हो सकता है। भारत की सबसे बड़ी प्रेरणा सांस्कृतिक-शक्ति को सुदृढ़ करना है। आज वैश्विक राजनीति में खेल आयोजन एक सांस्कृतिक उत्सव से आगे बढ़कर राष्ट्र की क्षमताओं की खुली परीक्षा बन चुके हैं। राष्ट्र अपनी तकनीकी दक्षता, शहर-प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, सामाजिक समावेशन, पर्यावरण-जागरूकता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास का विश्व मंच पर प्रदर्शन करते हैं। भारत यदि सन 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों को उच्च स्तर पर सम्पन्न करता है, तो यह निःसंदेह भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाई प्रदान करेगा। किन्तु इस प्रतिष्ठा की कीमत क्या होगी? यह वह कठिन प्रश्न है जिसे अनदेखा करना भारत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। विशाल खेल आयोजनों का सबसे विवादास्पद पहलू उनकी भारी आर्थिक लागत है।




**सन 2010 के राष्ट्रमंडल खेल अभी तक भारत की प्रशासनिक छवि पर एक दाग की तरह मौजूद है- अत्यधिक खर्च, भ्रष्टाचार, समय पर कार्य न होना और आयोजन स्थल की कमजोर गुणवत्ता ने भारत की छवि को काफी प्रभावित किया था। यदि वर्ष 2030 में फिर ऐसी ही कोई कमी सामने आती है, तो 2036 विश्व-ओलंपिक का सपना लगभग असंभव हो सकता है। इसलिए आर्थिक अनुशासन, पारदर्शिता, बहु-स्तरीय जाँच, और जवाबदेही-व्यवस्था को आज से ही प्राथमिकता देनी होगी।इस सबके साथ-साथ 2030 का आयोजन भारत के लिए एक प्रयोगशाला भी सिद्ध हो सकता है। यह अवसर होगा- शहरी अधोसंरचना, यातायात प्रबंधन, आपदा-प्रतिक्रिया, हरित ऊर्जा, जल-निकास प्रणाली, स्वास्थ्य सेवाओं, सार्वजनिक सुरक्षा, और खेल विज्ञान को अंतरराष्ट्रीय मानक पर परखने का। इस स्तर के आयोजनों में क्षण भर की चूक भी बड़े संकट उत्पन्न कर सकती है।**

सन 2010 के राष्ट्रमंडल खेल अभी तक भारत की प्रशासनिक छवि पर एक दाग की तरह मौजूद है- अत्यधिक खर्च, भ्रष्टाचार, समय पर कार्य न होना और आयोजन स्थल की कमजोर गुणवत्ता ने भारत की छवि को काफी प्रभावित किया था। यदि वर्ष 2030 में फिर ऐसी ही कोई कमी सामने आती है, तो 2036 विश्व-ओलंपिक का सपना लगभग असंभव हो सकता है। इसलिए आर्थिक अनुशासन, पारदर्शिता, बहु-स्तरीय जाँच, और जवाबदेही-व्यवस्था को आज से ही प्राथमिकता देनी होगी।इस सबके साथ-साथ 2030 का आयोजन भारत के लिए एक प्रयोगशाला भी सिद्ध हो सकता है। यह अवसर होगा- शहरी अधोसंरचना, यातायात प्रबंधन, आपदा-प्रतिक्रिया, हरित ऊर्जा, जल-निकास प्रणाली, स्वास्थ्य सेवाओं, सार्वजनिक सुरक्षा, और खेल विज्ञान को अंतरराष्ट्रीय मानक पर परखने का। इस स्तर के आयोजनों में क्षण भर की चूक भी बड़े संकट उत्पन्न कर सकती है। इसलिए वर्ष 2030 का आयोजन भारत के लिए पूर्ण स्तर वाला अभ्यास सिद्ध हो सकता है, जिसमें न केवल खेल प्रबंधन बल्कि सम्पूर्ण शासन प्रणाली की परीक्षा होगी। इसके अतिरिक्त, शहरी प्रशासन को सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना होगा। कोई भी विशाल खेल आयोजन केवल खेल-स्थल और खिलाड़ियों के निवास-स्थल तक सीमित नहीं रहता। यह पूरे नगर के परिवहन, मार्ग-संरचना, हवाई अड्डों की क्षमता, स्वच्छता प्रणाली, जल प्रबंधन, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था, अस्पतालों की तैयारी, भीड़ नियंत्रण, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग का तनाव परीक्षण बन जाता है। संभावित मेजबान नगर–दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई या किसी बहु-नगर मॉडल–सभी पर भारी तैयारी का दबाव होगा। यह तैयारी अवसर भी है और चुनौती भी। अवसर इसलिए कि इससे नगरों का बुनियादी ढाँचा विश्व-स्तर पर पहुँच सकता है। चुनौती इसलिए कि कहीं ऐसा न हो कि यह निवेश केवल दिखावे की अधोसंरचना में बदल जाए, जो आयोजन-उपरांत उपयोगहीन रह जाए। दुनिया में अनेक उदाहरण हैं जहाँ खेल आयोजनों में बनाए गए स्टेडियम और भवन बाद में मरे हुए ढाँचे बन गए। भारत में भी यह समस्या पहले देखी जा चुकी है। इसलिए यह अनिवार्य है कि जो भी अवसंरचना बनाई जाए, वह आयोजन के बाद भी जनसाधारण, खेल प्रशिक्षण संस्थानों और नगर-विकास के लिए उपयोगी बनी रहे। भारत को पर्यटन, आतिथ्य, सांस्कृतिक प्रदर्शनों, कला एवं हस्तशिल्प, पारंपरिक संगीत, खानपान और जातीय विविधता जैसे क्षेत्रों में अपार लाभ प्राप्त होने की संभावना है।

विश्वभर से लाखों दर्शक और प्रतिनिधि भारत आएँगे, जिससे सेवा क्षेत्र, व्यापार, परिवहन, कृषि-आधारित उपभोग और सूक्ष्म उद्योगों को व्यापक लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, डिजिटल भारत की अवधारणा–जैसे पूर्णतः डिजिटल प्रवेश-प्रणाली, दूर-संवेदन सुरक्षा व्यवस्था, तेज संचार तंत्र–विश्व के सामने भारत की प्रौद्योगिकी क्षमता का अत्यंत प्रभावशाली प्रदर्शन कर सकती है।

## विचार

# आतंकवाद की नई परिभाषा गढ़ते तालिबान-पाकिस्तान

संजीव ठाकुर

तब जब तालिबान और पाकिस्तान एक-साथ मिलकर, अमेरिका व पश्चिम समर्थित अफ़ग़ानी शासन के खिलाफ संघर्ष में थे। तब आतंकवाद, संगठित विद्रोह, और पनाह-गाह का एक साझा मंच था। उस संघर्ष का मकसद स्पष्ट था अफ़ग़ानिस्तान में तालिबानी शासन स्थापित करना, और क्षेत्रीय देश अपने स्वार्थ साधना। पाकिस्तान ने अपने हितों के तहत तालिबान और उनसे जुड़े संगठनों को संरक्षण दिया था।

कई आतंकी समूह चाहे वे तालिबान के ही हों या बहु-संगठित भारत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, और मध्य एशिया में सक्रिय रहे लेकिन वक्त और हालात बदल गए। पहले जिस तालमेल को आतंकवाद की साझा पहचान ने जोड़ा था, अब वही लहू-खून और घात-छिपा युद्ध का कारण बन गया है। पिछले महीनों में सीमा पार कई हिंसक हमले हुए। कथित आतंकवादी संगठनों ने पाकिस्तान की सुरक्षाबलों पर हमले बढ़ा दिए। पाकिस्तान का आरोप है कि ये हमले विशेषकर उन संगठनों द्वारा अफगानिस्तान की जमीन से संचालित हो रहे हैं। हाल ही में, पाकिस्तान ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि अगर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), टीटीपी या अन्य प्रतिबंधित समूहों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो अफ़ग़ानिस्तान के शासन और तालिबान दोनों को दुश्मन माना जाएगा। दूसरी ओर, तालिबान भी खामोश नहीं रहा। उसने पाकिस्तान द्वारा अफ़ग़ानिस्तान में कथित हवाई हमलों जिनमें मासूमों की मौत हुई को अभियान, सैन्य घुसपैठ, और सरहद उल्लंघन करार दिया। तालिबान के एक मंत्री ने पाकिस्तान की रक्षा नीति को चुनौती देते हुए, उसे कायर दुश्मन कहा और चेतावनी दी कि इस तरह की हरकतों का जवाब दिया जाएगा।

यही नाजुक संतुलन जो कभी साझा थे अब क्लेश, वियोग, और परस्पर अविश्वास में बदल गया है। पाकिस्तान का कहना है कि तालिबान शासन ने उन आतंकवादी समूहों को पनाह दी जिन्होंने खुद पाकिस्तान की सेना व आम नागरिकों को निशाना बनाया। उनकी मांग यह है कि तालिबान उन समूहों को खदेड़े, या उन्हें समाप्त करने की ठोस कार्रवाई करें। क्योंकि, पाकिस्तान का कहना है, जो भी उन्हें पनाह देता है, उकसाता है या फंड करता है, वह हमारे लोगों का मित्र नहीं हो सकता।

तालिबान के लिए जिसे अब काबुल में सत्ता मिली है। यह कहना आसान हो सकता है कि वे अपने देश के अंदर सीमाओं और नागरिकों की रक्षा करेंगे। लेकिन उस रक्षा की भी कीमत चुकानी पड़ी है। जब पाकिस्तान ने उत्तर वजीरिस्तान और कुर्म बार्डर क्षेत्र में आतंकवादियों के ठिकानों पर हवाई और थल हमले किए, तालिबान ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी। इस बदलते परिदृश्य को यदि हम तत्कालीन इतिहास से जोड़कर देखेंरू 2021 में जब तालिबान ने अफ़ग़ानिस्तान में फिर सत्ता सँभाली, पाकिस्तान की उम्मीदें बहुत थीं कि तालिबान न सिर्फ अफ़ग़ान,



**यही नाजुक संतुलन जो कभी साझा थे अब क्लेश, वियोग, और परस्पर अविश्वास में बदल गया है। पाकिस्तान का कहना है कि तालिबान शासन ने उन आतंकवादी समूहों को पनाह दी जिन्होंने खुद पाकिस्तान की सेना व आम नागरिकों को निशाना बनाया। उनकी मांग यह है कि तालिबान उन समूहों को खदेड़े, या उन्हें समाप्त करने की ठोस कार्रवाई करें। क्योंकि, पाकिस्तान का कहना है, जो भी उन्हें पनाह देता है, उकसाता है या फंड करता है, वह हमारे लोगों का मित्र नहीं हो सकता। तालिबान के लिए जिसे अब काबुल में सत्ता मिली है। यह कहना आसान हो सकता है कि वे अपने देश के अंदर सीमाओं और नागरिकों की रक्षा करेंगे। लेकिन उस रक्षा की भी कीमत चुकानी पड़ी है।**

बल्कि क्षेत्रीय संतुलन में पाकिस्तान का साथ देगा। विशेष रूप से, भारतदूपाकिस्तान कश्मीर के मसलों में तालिबान को पाकिस्तान का साथी बनाने की कवायद थी। लेकिन वह उम्मीद धरी की धरी रह गई।

न तो तालिबान ने कश्मीर पर पाकिस्तान की किसी पुरजोर रणनीति का वादा निभाया, न ही भारत-विरोधी स्पष्ट राजनीतिक रुख अपनाया। अब, जब तालिबान स्वयं आतंकवादियों के जिनमें टीटीपी, बीएलए आदि शामिल खिलाफ कार्रवाई में रुचि नहीं दिखा रहे, या दिखा भी रहे हो, पर कार्रवाई ठोस नहीं है, पाकिस्तान की नाराजगी बढ़ने लगी। और इस नाखुशी की आंच से दोनों पूर्व मित्र अब आपस में तलवारें खिंचने लगे हैं। इस विस्तृत परिप्रेक्ष्य में जहाँ दोनों ही पक्षों ने कभी आतंकवाद को पनाह दी, सहारा दिया आज विरासत खतरनाक हैरू अस्थिरता, अविश्वास, सीमा पर गोलीबारी, नागरिकों की जान और क्षेत्रीय राज-नैतिक असंतुलन।

भारत के लिए, यह संघर्ष सिर्फएक सीमापार झड़प नहीं बल्कि एक व्यापक सुरक्षा, भू-राजनीति और कूटनीति का चेहरा है। क्योंकि जब पाक तालिबान जैसी शक्तियाँ आपस में झड़ रही हों, तो आतंकवाद का जाल और जटिल हो जाता है चाहे वह कश्मीर हो या पंजाब, चाहे भारत की सीमाएँ हों या मध्य एशिया का विस्तार। इसलिए, अब यह कहना लाजिमी हो गया है कि आतंकवादियों को पनाह देने वाले देशों चाहे कभी मित्र रहे हों का अंत निश्चित था। और वह अंत सिर्फ उनकी अपूर्णीय साझेदारी का ही नहीं, बल्कि उस साझेदारी के दायित्वों, कूटनीतिक दावों और सुरक्षा प्रणालियों की विफलता का प्रतीक है।

## ढलान पर दोस्ती, संजोने की जरूरत है !


गिरीश्वर मिश्र

समकालीन ज़िन्दिगी में निरंतर बढ़ती वैयक्तिकता के दौर में अतिव्यस्त होता हुआ आज आदमी अपने ही अंदर सिकुड़ता चला जा रहा है। रिश्तों की उपेक्षा और उनका हाशियाकरण जिस तेजी से हो रहा है वह उस समाज के ताने-बाने को झटका देने वाला साबित हो रहा है जिसमें साथ चलने, साथ बोलने, मन के मिलने और साझे में विचरने पर जोर दिया जाता था। हमारी प्रार्थना ही थी- संगच्छध्वम् संवदध्वम् संवदध्वम् संवो मनांसि जानताम्। अब यह वैश्विक स्तर पर एक विशेष चिंता पैदा करने वाली बात होती जा रही है कि आज की दुनिया के छोटे-बड़े, विकसित-कम विकसित लगभग हर तरह के देशों में आम जनों में मित्रता की प्रवृत्ति में बड़ी तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है।

अब लोगों को ऐसे क़रीबी दोस्त नहीं मिलते जिन पर भरोसा किया जा सके। सिमटते-सिकुड़ते रिश्तों के दौर में ऐसे मीत और साथी नहीं मिल रहे जिनके साथ खुल कर दुख-दर्द बांटा जा सके, मन हल्का किया जा सके और मौक़ा पड़ने पर पुकारा जा सके। मित्रता स्वभाव से सहयोगी हुआ करती थी और एक मित्र दूसरे की उन्नति की कामना करता था। बढ़ती प्रतिस्पर्धा के वर्तमान दौर में मित्रता की जगह लोगों में अपनी निजी सामर्थ्य, शक्ति और समृद्धि को अधिकाधिक पर्याप्त बनाने और उसमें सुख ढूँढने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। थोड़े समय तक तो जीने का यह तरीका सही और ठीक लगता है पर ज़िन्दिगी की लंबी दौड़ में थोड़े दिनों में ही इसकी पोल खुलने लगती है। आत्मरति की मृग-मरीचिका कदापि अंतहीन नहीं होती है और उसका तिलस्म टूटने पर आदमी को आगे कोई राह नहीं सूझती है। अब शहरी इलाकों में लोगों को अपने परिचित लोगों की संख्या देखें तो लगता है वह खूब बढ़ रही है। मोबाइल पर 'कांटैक्ट' तो निरंतर बढ़ते रहते हैं। यानी हम जिन लोगों के संपर्क में रहते हैं उनकी तादाद बढ़ती जा रही है। परंतु उनमें से ज्यादातर ऐसे ही होते हैं जिनके साथ क्षणिक रिश्ता होता है। गहरी, टिकाऊ और सच्ची दोस्ती जो ज़िन्दिगी में मददगार होती है कम होती जा रही है। कभी लोग विभिन्न आयोजनों और क्लब या होटल आदि में भी परिचित लोगों से भी लोग ख़ुशी से मिलते-जुलते थे पर अब हालात ये हो रहे हैं कि भीड़ में भी लोग अलग-थलग और अकेले ही रहते हैं। अब लोग अकेले ही खाना-पीना पसंद करते हैं। मित्रता के अभाव में ज़िन्दिगी अंदर से खोखली और सतह पर भरी-पूरी दिखती है।

स्थिति इतनी नाजुक हो रही है कि दोस्ती अब सिर्फ एक सामाजिक मुद्दा नहीं रहा। वह एक विकट सांस्कृतिक समस्या का रूप ले रहा है। सच्ची बात तो यह है कि दोस्ती के लिए समय निकालना अब विलासिता नहीं बल्कि एक ख़ास ज़रूरत हो चुकी है। आज की कटु सच्चाई है कि अकेलापन एक लत बनता जा रहा है। अगर हम दोस्ती की कद्र नहीं करेंगे और उसमें निवेश नहीं करेंगे तो हम न सिर्फ़ नए दोस्त बना सकेंगे, बल्कि पुराने रिश्ते भी खो देंगे। अनेक शोध अध्ययन यह दिखाते हैं कि अकेलेपन से कई बीमारियां और अस्वास्थ्यकर स्थितियां पैदा हो रही हैं। वे हृदय रोग और अवसाद को बढ़ाती हैं। उनसे आदमी की असमय मृत्यु का जोखिम भी बढ़ जाता है। मित्रता मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए एक आधारभूत आवश्यकता है।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक 80-वर्षों से चल रहे एक दीर्घकालिक अनुसंधान को मानें तो आदमी के लिए सच्ची खुशी और स्वास्थ्य के बीच बड़ा घनिष्ठ संबंध है। जिंदगी की सच्चाई यही है कि रूपया-पैसा कमाया जा सकता है, रुतबा भी बदला जा सकता है लेकिन सच्चा दोस्त ही अकेला ऐसा होता है जो परिवार का रक्त संबंधी न होते हुए भी जीवन की हर परिस्थिति और चुनौती में आपके साथ चट्टान की तरह अटल खड़ा होता है। दोस्ती सचमुच ही एक ऐसा धन या खजाना है जो कभी चुकता या खत्म नहीं होता। इसलिए सिर्फ़ जान-पहचान से संतुष्ट न हों- दोस्त बनायें और दोस्तों को आवश्यक प्रतिष्ठा और इज़्ज़त दें । अच्छे दोस्त ही हमारे असली धन होते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम सब दोस्ती को बढ़ावा दें, उसके लिए समय निकालें, लोगों को क्षमा करने की आदत डालें और रिश्तों की यादें बनाएं। दोस्ती एक अवसर है जिसको बनाना बिगाड़ना हमारे ही हाथ में होता है।



## राशिफल

**मेषः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। संवेदनशील मन पुरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओतप्रोत होगा। पारिवारिक दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा।

**बृषभः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। भौतिकता से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा।

**मिथुनः-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य न करें।

**कर्कः-** कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंहः-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अतरू उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा।

**कन्याः-** वाणी पर नियंतण्ररखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्ठा करें। आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा।

**तुलाः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा।

**धनुः-** परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईर्ष्याभाव रखना ठीक नहीं है। किसी अचल सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मकरः-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा।

**कुंभः-** परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा।

**मीनः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। ईरीय आस्था हर स्थिति पर विजय प्राप्त करेंगे। स्वास्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

# घुसपैठियों पर सुप्रीम अदालत की तल्ख टिप्पणी

तारकेश्वर मिश्र

चुनाव आयोग द्वार देश के 12 राज्यों में जारी एसआईआर ने राज्यों की राजनीति को जिस तरह बदला है, वह केवल एक चुनावी मुद्दा नहीं रह गया है, यह पहचान, सुरक्षा और शासन की विश्वसनीयता से जुड़ा भावनात्मक प्रश्न बन चुका है। एक ओर इसी पृष्ठभूमि में यह सच्चाई भी सामने आने लगी है कि एसआईआर के डर से घुसपैठिए पश्चिम बंगाल छोड़कर भागने लगे हैं। दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने भी घुसपैठियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अदालत ने रोहिंग्याओं की भारत में कानूनी हैसियत पर सवालिया निशान लगाते हुए पूछा कि क्या 'घुसपैठियों का लाल कालीन बिछाकर स्वागत' किया जाए, जबकि देश के अपने लाखों गरीब नागरिक हैं।

**मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जयमाल्या बागची की बेंच मानवाधिकार कार्यकर्ता रीता मांचंदा की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मई महीने में दिल्ली पुलिस ने कुछ रोहिंग्याओं को पकड़ा था और अब उनके ठिकाने का कोई पता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने तल्ख लहजे में कहा, 'अगर उनके पास भारत में रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है और वे घुसपैठिए हैं तो क्या हम लाल कालीन बिछाकर उनका स्वागत करें कि आइए, हम आपको सारी सुविधाएं देंगे? पहले आप अवैध तरीके से सीमा पार करते हैं। सुरंग खोदकर या तार काटकर भारत में घुसते हैं। फिर कहते हैं कि अब मैं आ गया हूं, तो अब भारत के कानून मेरे ऊपर लागू हों, मुझे खाना दो, रहने की जगह दो, मेरे बच्चों को पढ़ाई दो। क्या हम कानून को इस हद तक लचीला बना दें?'**

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जयमाल्या बागची की बेंच मानवाधिकार कार्यकर्ता रीता मांचंदा की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मई महीने में दिल्ली पुलिस ने कुछ रोहिंग्याओं को पकड़ा था और अब उनके ठिकाने का कोई पता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने तल्ख लहजे में कहा, 'अगर उनके पास भारत में रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है और वे घुसपैठिए हैं तो क्या हम लाल कालीन बिछाकर उनका स्वागत करें कि आइए, हम आपको सारी सुविधाएं देंगे? पहले आप अवैध तरीके से सीमा पार करते हैं। सुरंग खोदकर या तार काटकर भारत में घुसते हैं। फिर कहते हैं कि अब मैं आ गया हूं, तो अब भारत के कानून मेरे ऊपर लागू हों, मुझे खाना दो, रहने की जगह दो, मेरे बच्चों को पढ़ाई दो। क्या हम कानून को इस हद तक लचीला बना दें?' मुख्य न्यायाधीश ने देश के गरीब नागरिकों का हवाला देते हुए कहा, 'हमारे देश में अपने लाखों गरीब लोग हैं। वे नागरिक हैं। उन्हें सुविधाएं और लाभ मिलने का पहला अधिकार है।

पहले उन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। ये सच है कि अवैध घुसपैठिए भी हों तो उन्हें थर्ड डिग्री टॉर्चर नहीं करना चाहिए, लेकिन आप हैबियस कॉर्पस मांग रहे हो कि उन्हें वापस लाओ।' बेंच ने कहा कि अगर वापस लाकर दोबारा छोड़ने की बात होगी तो लॉजिस्टिक दिक्कतें आएंगी। याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील ने 2020 के एक पुराने आदेश का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि रोहिंग्या को सिर्फ कानूनी प्रक्रिया के तहत ही डिपोर्ट किया जाए। न्यायालय ने ने पहले भी कई बार साफ कहा है कि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी यूएनएचसीआर का कार्ड भारत के कानून में कोई वैध दस्तावेज नहीं माना जाता। बीते 16 मई को सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे कुछ याचिकाकर्ताओं को फटकार लगाई थी, जिन्होंने दावा किया था कि 43 रोहिंग्याओं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, को म्यांमार डिपोर्ट करने के लिए अंडमान सागर में छोड़ दिया गया था।

कोर्ट ने कहा था, 'जब देश मुश्किल समय से गुजर रहा है, तो आप हवा-हवाई बातें लेकर आ रहे हैं।' 8 मई को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर देश में रोहिंग्या भारतीय कानूनों के तहत विदेशी पाए जाते हैं, तो उन्हें डिपोर्ट करना होगा। इस मामले की अगली सुनवाई अब 16 दिसंबर को होगी। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में एसआईआर के मुद्दे पर भी घुसपैठियों का मुद्दा सुर्खियों में है। एक ओर भाजपा का कहना है कि घुसपैठी बांग्लादेशी नागरिकों का पलायन उनके दावे को सच साबित कर रहा है, तो तृणमूल कांग्रेस का पलायन पर बचाव उसे कटघरे में खड़ा कर रहा है। दरअसल, पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर की वजह से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक अपने देश लौट रहे हैं। भारत-बांग्लादेश की हकीमपुर सीमा पर जमे बांग्लादेशियों में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो 10-15 साल पहले दलालों की मदद से भारत में घुस आए थे। या यह भी कह सकते हैं कि इनको तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले नेताओं का भी समर्थन प्राप्त था। यही वजह है कि इन्होंने अपने रहने के लिए अस्थायी झुग्गियां बना लीं। फिर दलालों की मदद से आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र भी बनवा लिए। इसके बाद तो कई घुसपैठिए स्थायी आवास बनाकर रहने लगे। अब जब दो दशक बाद भारत में एसआईआर शुरू हुआ तो बांग्लादेशी नागरिकों ने यहां से पलायन करना शुरू कर दिया। इस रिवर्स माइग्रेशन ने बंगाल में घुसपैठ के विमर्श को धार दे दी है।पश्चिम बंगाल के हकीमपुर में अंतरराष्ट्रीय सीमा से बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों के अपने देश लौटने के मामले में राजनीतिक वाकयुद्ध तेज हो गया है। मतदाता सूची को सुधारने के लिए शुरू किये गये अभियान और घुसपैठ पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आक्रामक रुख अख्तियार किया है

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# अधिकारियों की अनुपस्थिति देख चढ़ा मंडलायुक्त का पारा, स्पष्टीकरण तलब

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/ महोबा।**

मंडलायुक्त की अध्यक्षता व डीआईजी की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस के आयोजन अवसर पर मंडलायुक्त अजीत कुमार सिंह ने कहा कि समस्त अधिकारी उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण का कार्य करें। समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगे जाने की बात कही है। समाधान दिवस में 45 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं सौ प्रतिशत एस आई आर करने वाले दो बीएलओ को मंडलायुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।





- मंडलायुक्त के सख्त तेवरों को देख अधिकारियों में हड़कम्प
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस में उपस्थित मंडलायुक्त अजीत कुमार व डीआईजी राजेश एस द्वारा एक-एक शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों से जमीनी स्तर पर निस्तारण किए जाने के सख्त निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त का उस समय पारा चढ़ गया, जब उनकी अध्यक्षता में आयोजित तहसील समाधान पर कुछ अधिकारी नदारद रहे।

उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक समाधान दिवस पर सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित होकर लोगों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनें और उसका जमीनी स्तर निस्तारण करें। और जो अधिकारी अनुपस्थित रहे हैं, उन्हें स्पष्टीकरण मांगे जाने के निर्देश दिए।

वहीं एस आई आर में सौ प्रतिशत कार्य करने वाले दो बीएलओ कुलदीप तिवारी प्राथमिक विद्यालय लमौरा एवं खूब सिंह राजपूत पूर्व माध्यमिक विद्यालय पठारी कदीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कुलपहाड़ मौजा की आनलाइन खतौनी के सम्बन्ध में बार एसोसिएशन द्वारा दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि यह शासन स्तर पर रेवेन्यू बोर्ड से पेंडिंग है,अविलंब इस समस्या का समाधान करा दिया जाएगा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड, तहसीलदार प्रमित सचान, एसडीओ प्रदीप कुमार,अधिशाषी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### मंडलायुक्त को शिकायती पत्र देकर की समस्या के निस्तारण की मांग

समाधान दिवस में लोग उस समय आश्चर्य में पड़ गए, जब एक पीड़ित व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर जोर जोर से चिल्लाते हुए अपनी बात मंडलायुक्त के सामने रखने लगा। जिस पर मंडलायुक्त ने एडीशनल कमिश्नर के नेतृत्व में समिति बनाकर समस्या निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया और जो दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही है। बताया जाता है कि यह एक जमीन कब्जा से जुड़ा मामला तहसील अंतर्गत ग्राम कुड़ई का है,जहां के पीड़ित शिकायतकर्ता नाथूराम अपनी पत्नी के नाम भूमि सम्बन्धित शिकायत लेकर पहुंचा और जोर जोर से चिल्लाते हुए अपनी फरियाद कमिश्नर के सामने रखने लगा। जिसे देखकर उपस्थित लोग अचरज में पड़ गए। मंडलायुक्त ने पीड़ित की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना और एडीशनल कमिश्नर के नेतृत्व में समिति बनाकर जांच कराकर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। और कहा कि अगर शिकायत में जो गलत पाया जायगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों की मानें तो यह मामला जमीन के अवैध कब्जा से जुड़ा है, जिसे राजस्व कर्मचारियों से लेकर तहसीलदार, एसडीएम स्तर के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पहले ही निस्तारण करने का प्रयास किया गया, लेकिन शिकायतकर्ता सन्तुष्ट नहीं है अपनी बात पर अडिग रहते हुए पुनः मंडलायुक्त के समक्ष समाधान दिवस में अपनी फरियाद लेकर पहुंचा और ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाते हुए अपनी पीड़ा को सुनाने का प्रयास किया।



### महापरिनिर्वाण दिवस पर समाजसेवियों ने छात्र छात्राओं को वितरित किए गर्म कपड़े

**समृद्धि न्यूज कुलपहाड़/महोबा।** नगर के जनतंत्र इंटर कॉलेज में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया,इस अवसर पर समाजसेवियों द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वेटर व जैकेट आदि का वितरण किया गया । सर्दी के मौसम में गर्म कपड़े पाकर छात्रों के चेहरे पर खुशी देखी गई । नगर के जनतंत्र इंटर कॉलेज में 6 दिसंबर 2025 डॉ भीमराव अंबेडकर जी का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस दौरान उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील अग्रवाल के पुत्र सोमू अग्रवाल तथा सोभित सोनी के सौजन्य से करीब 100 छात्र छात्राओं को निःशुल्क विद्यालय के प्रबंधक डॉ आत्म प्रकाश वर्मा ,प्रधानाचार्य प्रकाश चंद यादव, के के द्विवेदी, आकाश मिश्रा आदि द्वारा स्वेटर व जैकेट का वितरण किया गया। इस सर्दी के मौसम में गर्म कपड़े पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र सिंह पटेल, प्रेमचंद अनुरागी ,मदनपाल सिंह, जानकी प्रसाद लोधी,धीरज कुमार पांडे ,रेनू आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे ।

## खबरें एक नजर में

### अवैध बंदूक व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार




**समृद्धि न्यूज, चरखारी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी टीम के उपनिरीक्षक अनूप कुमार पाण्डेय मय हमराह हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव व कांस्टेबल राहुल यादव के द्वारा चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति के दौरान अभियुक्त शिवपाल अहिरवार पुत्र नन्हुआ अहिरवार उम्र करीब 37 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी को रिवई गांव गौशाला मोड़ के पास से एक अवैध बंदूक 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया, आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### वारण्टी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**समृद्धि न्यूज पनवाड़ी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम के उपनिरीक्षक दिनेश कुमार यादव मय हमराह कांस्टेबल श्याम कुमार द्वारा वांछित एवं वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में वारण्टी अभियुक्त गंगाराम पुत्र चन्नू अहिरवार उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बैदों थाना पनवाडी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### अज्ञात चोरों ने मोबाइल की दुकान में चोरी की वारदात को दिया अंजाम

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** मुख्यालय के आल्हा चौक मोहल्ला निवासी रमाकांत सोनी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि विगत रात्रि अज्ञात दो शातिर चोरों द्वारा दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखे मोबाइल सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया है और घटना को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गए। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित ने बताया है कि चोर दुकान के पास से निकलते कर पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के जमरेही ऊपर गांव निवासी किसान को खेत में गेहूं की फसल में पानी लगाते समय जहरीले सांप ने काट लिया । परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। वहां से हालत गंभीर होने पर कानपुर रिफर किया गया जहां इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। क्षेत्र के जमरेही ऊपर गांव निवासी किसान लक्ष्मी नारायण उम्र 35 वर्ष पुत्रबद्री प्रसाद बुधवार को अपने खेत में बोई गेहूं की फसल में पानी लगाने गया था। तभी बारह बजे रात में खेत में जहरीले सांप ने काट लिया। घटना की जानकारी परिजनो को होने पर युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। वहां से उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर कानपुर रिफर किया गया। वहां तीन दिन उपचार के बाद हैलेट अस्पताल में शनिवार को सुबह साढ़े चार बजे युवक ने दम तोड़ दिया। अचानक हुई इस घटना परिजनों में कोहराम मच गया । परिजनो की मांग पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम कराया है। मृतक खेती करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनो का हाल बेहाल है।

### अज्ञात कारणों के चलते किशोरी फांसी पर झूली

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** बीती रात थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर में अज्ञात कारणों के चलते किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका दो बहनों तथा एक भाई में दूसरे नंबर की थी। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। परिजन घटना का कारण नहीं बता पा रहे हैं।नरायनपुर गांव निवासी आदित्य साहू की पुत्री खुशी 17 वर्ष ने बीती रात घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतका दो बहन एक भाई में दूसरे नंबर की थी। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। भाई सबसे छोटा है। पुलिस ने पिता की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। परिजन घटना के बारे में नहीं बता पा रहे हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नेशनल हाईवे पर राठ तिराहे के पास शनिवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। युवक को नाजुक हालत में एआरटीओ प्रवर्तन अपनी गाड़ी से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे। कानपुर नगर के सजेती थाना क्षेत्र के मिश्रापुर गांव निवासी पुष्पेंद्र 25 वर्ष पुत्र शिवशंकर शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे अपनी बाइक से सुमेरपुर की तरफ से आ रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। उसके सिर पर गंभीर चोटें आई थी। तभी वहां से गुजर रहे एआरटीओ प्रवर्तन ने अपनी गाड़ी से लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर कोतवाली प्रभारी पवन पटेल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर महिला घायल

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** तपोभूमि के समीप हाईवे पार कर रही महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला ट्रक के नीचे चली गई। चालक के ट्रक खड़ा कर देने से बड़ा हादसा होते-होते बच गया। बतौर सफाई कर्मी पशु चिकित्सालय में रहने वाली शालिनी वाल्मीकि तपोभूमि जाते समय हाईवे पार करते हुए तेज रफ्तार ट्रक के नीचे चली गई। चालक के ट्रक खड़ा कर देने से एक बड़ा हादसा टल गया। महिला को इलाज के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद महिला की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### चंदोखी में संपर्क मार्ग का हुआ भूमि पूजन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** राठ मार्ग पर कलौली बैठकाधाम से चंदौखी होकर हमीरपुर मार्ग तक संपर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य किया जाना है जिसकी लंबाई 2.850 किलोमीटर और जिसकी लागत 191.61 लाख होगी इस कार्य का आज हमीरपुर सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति के द्वारा भूमि पूजन किया गया इस भूमि पूजन में ग्रामीण एवं ग्राम प्रधान तथा प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### भाकियू ने की अलाव जलाने की मांग

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** भाकियू के प्रदेश सचिव ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेज कर नगर पालिका एवं नगर पंचायत में रैन बसेरा संचालित करने तथा शहर कस्बे से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव सुरेश शुक्ला ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर शीत लहर के बढ़ते प्रकोप को मद्देनजर रखते हुए नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं में रैन बसेरा तथा शहर कस्बे से लेकर ग्राम पंचायत तक अलाव के प्रबंध करने की मांग की है।

# डिजिटल युग में मोबाइल वरदान भी खतरा भी : जिला पंचायत अध्यक्ष

- कैरियर गाइडेंस मेला व वार्षिकोत्सव भव्य रूप से सम्पन्न
- सैकड़ों विद्यार्थियों ने लिया कैरियर मार्गदर्शन

**समृद्धि न्यूज अजनर/महोबा।**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज अजनर में आयोजित कैरियर गाइडेंस मेला एवं वार्षिकोत्सव समारोह अत्यंत उत्साह,उमंग और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर में सैकड़ों विद्यार्थियों,अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। समारोह का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष जे. पी. अनुरागी तथा उपजिलाधिकारी आदेश सिंह सागर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने देव प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण के बाद विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कैरियर मार्गदर्शन पर विशेष सत्र मुख्य अतिथि जे.पी. अनुरागी ने विद्यार्थियों को तकनीक, डिजिटल शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और भविष्य की मांग वाले कोर्सों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में मोबाइल जितना क्रांतिकारी साधन है, उतना ही गलत उपयोग होने पर घातक भी। गूगल बाबा दुनिया का सबसे बड़ा ज्ञानकोष है, उसका सार्थक उपयोग करने वाला कभी पीछे नहीं रहता। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में हार तब होती है जब हम मान लेते हैं, और जीत तब जब हम ठान लेते हैं। सपनों को लक्ष्य बनाकर मेहनत करें, सफलता कदम चूमेगी।



### महिला सशक्तिकरण पर जोर

मुख्य अतिथि ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश देते हुए कहा कि बेटियाँ घर-परिवार ही नहीं, समाज का गौरव बढ़ा रही हैं। हर माता-पिता को बेटियाँ पाने पर गर्व होना चाहिए। शिक्षा और अवसरों के माध्यम से बेटियाँ देश को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकती हैं।

### रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समा

विद्यालय के विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य और नाटक की कई आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। 'राधारानी कहो तो अभी तो जान दे दूँ' जैसे नृत्य-गीत कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बने। दर्शकों ने तालियों से युवा कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख जैतपुर संदीप राजपूत, जिला पंचायत सदस्य अजनर प्रतिनिधि बिनोद राजपूत, ग्राम प्रधान अजनर नन्हेराम अनुरागी, भाजपा जिला संयोजक डॉ. एस.के. पाठक, समाजसेवी अरविंद कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजनर सुरेंद्र राजपूत तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन राजपूत सहित अनेक सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि द्वारा 2024 टॉप टैन मेधावियों मोनिका,सोनम,हेमन्त को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रणधीर राणा ने सभी आँगनतुकों का आभार जताया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कैरियर गाइडेंस मेला विद्यार्थियों को अपने भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यकृम का संचालन डॉ बी के राजपूत ने किया।

# शिकायतों के निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिलने पर की जाएगी कार्रवाई : डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



**समृद्धि न्यूज चरखारी/**तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में किया गया। इसमें जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया।इस मौके पर तहसील चरखारी से कुल 69 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे की उपस्थिति में 53 में से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

# श्रीराम कथा की भव्य कलश यात्रा में शामिल हुए हजारों भक्त

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में शनिवार को श्रीराम कथा की भव्य कलश यात्रा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। पीतांबर धारी महिलाओं की लंबी कतार ने यात्रा में आकर्षण बढ़ा दिया। सिर पर कलश रखकर चलती हुई महिलाओं के मंगल गीतों और जयकारों से संपूर्ण कस्बे का माहौल भक्तिमय हो गया।

कस्बे के चांद थोक स्थित राम जानकी मंदिर से कथा आयोजक बिंदाप्रसाद साहू ने सिर पर रामचरित मानस रखकर पत्नी दुर्गा देवी के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा मुख्य मार्गों से गुजरती हुई तपोभूमि पहुंची,जहां इसका विधिवत समापन हुआ। यात्रा में बैंडबाजा,डीजे एवं भांगड़ा की धुनों पर युवक एवं महिलाओं ने जमकर नृत्य किया।वहीं दिवारी नृत्य एवं घोड़ों के नृत्य आकर्षण के केंद्र रहे। यात्रा में राम दरबार एवं राधा कृष्ण आदि की नयनाभिराम झांकियां शामिल रही। तपोभूमि में कथा व्यास पंचदशनाम जूना अखाडा मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश स्थापना की। इसके उपरांत उन्होंने श्रीराम कथा का शुभारंभ करते हुए कथा के महत्व का आध्यात्मिक वर्णन किया। स्वामी आत्मानंद गिरि जी ने कहा कि श्रीराम कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्ग है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने का संदेश देते हुए भक्तों को धर्म, सदाचार और सद्भाव की राह पर चलने की प्रेरणा दी।



इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, देवेंद्र साहू, कुंजबिहारी पांडे,संजीव पांडेय,गंगा प्रसाद सोनी, बउआ महाराज, राधारमण द्विवेदी,अनिल पालीवाल, अज्जू मिश्रा,राधे शुक्ला,बीरेंद्र शुक्ला, रज्जन पांडे, डॉ. शिवम, केके त्रिवेदी, लाला महाराज,राजन दीक्षित, आदित्य अवस्थी, राघवेंद्र पांडेय सहित बड़ी संख्या श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को अर्पित किया श्रद्धा सुमन



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर, अंबेडकर पार्क नगर पालिका हमीरपुर में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की उपस्थिति में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।उनके बताए रास्ते, समता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांत आज भी हमारे समाज और देश के लिए प्रकाश स्तंभ हैं।बाबासाहेब का संघर्ष और संविधान के रूप में दिया गया उनका अमूल्य योगदान हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा।इस कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव आईटी सेल जिला संयोजक सिद्धार्थ पाठक रोहित निषाद उमा दीक्षित इंद्रप्रकाश बाजपेई बृजभूषण सोनी दीपक सोनी नगर उपाध्यक्ष दुर्गेश ओमर शैलेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# जिला मानसिक स्वास्थ्य अर्बन स्वम कैम्प आयोजित

- अर्बन आयुष्मान आरोग्य मेले में 80 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम के द्वारा अर्बन स्लम कैम्प का आयोजन अर्बन आयुष्मान आरोग्य मन्दिर भिलावा मेरापुर में किया गया जिसमे 80 मरीजो का रजिस्टेशन हुआ जिसमे 20 से 25 मरीज मानसिक बिमारी के, जैसे मिर्गी, चिंता, डिप्रेशन इत्यादि के मरीज आये जिन्हे देखकर काउसंलिगं एवं दवाईयाँ दी गयी। जन जागरूकता कैम्प का उद्घाटन जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 पुष्पेन्द्र कुमार एवं सभासद कन्हैया कुमार के द्वारा किया गया। इस शिवर में डॉ0 सागर सचान, डॉ0 नीता एवं डॉ0 मुकेश गुप्ता के द्वारा मरीजो को देखकर दवाईयो का वितरण किया गया। इस शिविर में सुश्री मजंरी (DCPM) प्रगति देवी कम्युनिटि नर्स, अनिल राजपूत (CHO), अमित त्रिपाठी (LT), ललित यादव (मलेरिया विभाग) तथा क्षेत्रीय आशाये उपस्थित रही।




# क्रिकेट टूर्नामेंट में मौदहा ने हरियाणा को 5 रनों से हराकर फाइनल में किया प्रवेश

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के रहमानियां खेल ग्राउंड में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के दूसरे फेज में शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला केजीएन मौदहा और हरियाणा के मध्य 20-20 ओवरों का रोमांचक मुकाबला खेला गया। जिसमें केजीएन ने 5 रनों से मुकाबला जीत फाइनल में प्रवेश पा लिया। इस मुकाबले के मुख्य अतिथि जुनैद मीनू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबला शुरू कराया। जिसमे केजीएन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

केजीएन की तरफ से ओपनिंग करने उतरे अभय ने 51 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेल टीम को अच्छी शुरुआत कराई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए हर्षित ने 57 रनों की शानदार पारी खेलते हुए टीम का स्कोर सौ रनों के पार पहुंचाया इसके बाद अपने क्रम से बल्लेबाजी करने आए आलोक ने 27 तो हिमांशु ने 28 रनों की पारी खेल निर्धारित 20 ओवरों में टीम का स्कोर 176 रनों पर पहुंचा दिया और हरियाणा को 177 रनों कि लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा के अपने ओपनर बल्लेबाज पियूष 3 रनों पर आउट हो गए जबकि निशांत ने 58 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे निखिल ने 38, आदित्य ने 34 रनों की शानदार पारी खेली लेकिन अंतिम समय में लड़ते लड़ते मात्र 5 रनों से पीछे रह गए इसी तरह केजीएन मौदहा ने 5 रनों से मुकाबला जीत लिया। केजीएन मौदहा की तरफ से 4 विकेट लेने वाले मीशम अब्बास को मुख्य अतिथि द्वारा मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैच में अंपायर की भूमिका अज़ीज़ मिंटू व डॉ आसिफ परवेज ने निभाई जबकि स्कोरिंग समीर व कमेंट्री कैफू ने की। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह, मोहम्मद अहमद (गुड्डू भाई), शाद सिद्दीकी, मोहम्मद लारैब, नफीस दीवानजी, शहजाद रेंजर सहित अन्य कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। आज केजीएन मौदहा और दिल्ली के मध्य 12 बजे फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।




# परिनिर्वाण दिवस पर डॉ. अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

6 दिसंबर स्थानीय भौली रोड स्थित अम्बेडकर पार्क में डा भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। पूर्व चेयरमैन माया वाल्मीक ने प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।तथा मौजूद लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उक्त अवसर पर पूर्व चेयरमैन , सांसद प्रतिनिधि माया बाल्मीकि ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए बताया किबाबा साहब दबे कुचले एवं गरीबों के मसीहा थे। उनका सपना था कि गरीब, लाचार, कमजोर, तबके के लोग शिक्षित हो संगठित हो। और अपने हक एवं अधिकारों के लिए संघर्ष करे। तभी समाज आगे बढ़ सकता है। बिना शिक्षा के समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। इस लिए सभी लोग बुराइयों को छोड़कर अपने परिवार को शिक्षित बनाए। तथा पिछड़े वंचित, कमजोर तबके के लोग एकजुट होकर अपनी ताकत का एहसास कराते हुए संघर्ष करे।तभी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का सपना साकार होगा और उनके प्रति हम सभी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सभा को घनश्याम बाल्मीकि, सतेंद्र कुमार, जयदीप, अहिरवार,आदि ने संबोधित किया। तथा बाबा साहब के आदर्शो पर चलने का आवाहन किया। इस अवसर पर गंगाचरण, प्रेमचंद्र, रामबाबू, गोविंदसिंह शोभित कुमार, हरी, प्रभु, पंचमलाल, सहित प्राथमिक विद्यालय के बच्चे व शिक्षक मौजूद रहे।




रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी की शुरुआत

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा गोमती नगर – सहारनपुर – गोमती नगर के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

26504/26503 गोमती नगर-सहारनपुर-गोमती नगर वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन)

| रेलगाड़ी सं. 26504 आगमन | रेलगाड़ी सं. 26504 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 26503 आगमन | रेलगाड़ी सं. 26503 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:10 | गोमती नगर | 14:05 | ---- |
| 15:28 | 15:38 | डालीगंज जं. | 13:34 | 1344 |
| 16:33 | 16:35 | सीतापुर जं. | 12:36 | 12:38 |
| 18:08 | 18:10 | शाहजहाँपुर जं. | 11:07 | 11:09 |
| 19:05 | 19:07 | बरेली जं. | 09:40 | 09:42 |
| 20:35 | 20:40 | मुरादाबाद जं. | 08:00 | 08:05 |
| 21:54 | 21:56 | नजीबाबाद जं. | 06:25 | 06:27 |
| 22:42 | 22:44 | रूड़की | 05:40 | 05:42 |
| 23:50 | ---- | सहारनपुर जं. | ---- | 05:05 |

चलने के दिन: 26504 गोमती नगर से प्रतिदिन दिनांक 09.12.2025 से (सोमवार छोड़कर)। और 26503 सहारनपुर से प्रतिदिन दिनांक 10.12.2025 से (मंगलवार छोड़कर)।

स्थान : चेयर कार एवं एक्जीक्यूटिव चेयर कार।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

3792/25

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
www.nr.indianrailways.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राष्ट्र की सुरक्षा एवं लोकतंत्र की मजबूती के लिए एसआईआर जरूरी: ब्रजेश पाठक

▸ भाजपा जिला कार्यालय पर समीक्षा बैठक में बोले डिप्टी सीएम



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर) प्रक्रिया की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर से देश के लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि यह एक अत्यधिक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें मतदाताओं और सरकारी कर्मचारियों (बीएलओ ) की पूरी मदद सुनिश्चित करनी है ताकि किसी को भी कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण इसके पहले देश और प्रदेश में कई बार हो चुका है। प्रदेश में 2003 में चुनाव आयोग एसआईआर करवा चुका है तब विपक्ष के पेट में दर्द क्यों नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव से पूर्व हुए एसआईआर में करीब 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे,परन्तु किसी ने भी चुनाव आयोग में नाम काटने की शिकायत नहीं की। जिससे एसआईआर प्रक्रिया की पारदर्शिता की पुष्टि होती है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्ष के भ्रामक प्रचार का मुंहतोड़ जवाब दें।उन्होंने कहा कि जनता सब समझ रही है। उन्होंने फॉर्म 6,7 व 8 की चर्चा करते हुए इसकी उपयोगिता समझाई। प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा में समर्पित भाव से एसआईआर की सफलता के लिए दिन रात मेहनत कर रहा है।उन्होंने कहा कि बूथ जीतने के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण आवश्यक है। पात्रों के नए वोट जुड़वाने एवं बोगस वोट कटवाने के लिए एसआईआर मील का पत्थर साबित होगी।जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत, जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल,राज्य मंत्री सतीश शर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह,पूर्व सांसद उपेंद्र रावत,पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, संतोष सिंह,शशांक कुसुमेश, अरविंद मौर्य, अमरीश रावत, रामकुमारी मौर्य, डॉ विवेक वर्मा, शील रत्न मिहिर,संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई,धर्मेंद्र यादव, संजय तिवारी,रामशरण पाठक, आलोक तिवारी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कुंडी खटकाओ अभियान के तहत डोर-टू-डोर पहुंचे डिप्टी सीएम

बाराबंकी। समीक्षा बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सीधे जनता के बीच पहुंचे, जहाँ उन्होंने 'कुंडी खटकाओ अभियान' के तहत एसआईआर प्रक्रिया के लिए जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने नानमऊ के बूथ संख्या 271 एवं 272 पर डोर-टू-डोर संपर्क अभियान के दौरान लोगों से बातचीत की। उन्होंने मतदाताओं को एसआईआर के महत्व के बारे में बताया।

# महिला ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार, थाने में नहीं हुई सुनवाई

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



शिवदुलारी पत्नी बुद्धि लाल निवासिनी ग्राम खोर थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विपक्षीगण अरुण तिवारी पुत्र राजू तिवारी माला पुत्री राजू तिवारी निवासी उपरोक्त दिनांक 3.12. 2025 की रात्रि करीब 8:00 बजे की घटना है प्रार्थिनी उसकी बहू सरोजनी पत्नी अरविंद कुमार धान पीट करके खेत से वापस आ रही थी तभी गांव के बीच चौराहे पर पहले से मौजूद विपक्षी संख्या एक शराब के नशे में धुत होकर प्रार्थिनी व उसकी बहू को गंदी-गंदी गालियां देने लगा जब प्रार्थिनी व उसकी बहू ने विपक्षी संख्या एक को गाली देने से मना किया तो विपक्षी संख्या एक ने प्रार्थिनी की बहू सरोजनी को पकड़ कर नाली में गिरा दिया तथा उसकी छाती पर लात रखकर उसे लात घूसों से मारने लगा। विपक्षीय संख्या एक द्वारा सीने पर लात रखने तथा मारपीट करने से प्रार्थिनी की बहू के सीने में चोट पहुंची है। जिससे उसे सांस लेने में परेशानी हो रही है मारपीट करने के बाद जाते समय विपक्षीय संख्या एक ने प्रार्थिनी व उसकी बहू को ऐलानियां धमकी दिया है कि कहीं पर शिकायत करोगी तो गोली मार दूंगा ।थाना मिल एरिया में लिखित रूप से दिया जिस पर थाने द्वारा विपक्षी गणों के विरुद्ध कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई जिससे प्रार्थिनी को थाने से न्याय मिलने की आशा नहीं रह गई है। जिससे विवश होकर आज प्रार्थिनी ने पुलिस अधीक्षक का दरवाजा खटखटाया है।

# बुजुर्ग महिला को नहीं मिला न्याय, पहुंची अधिकारियों के द्वार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अधिकारियों और संपूर्ण समाधान दिवस में चक्कर लगाते लगाते महिला हुई घनचक्कर लेकिन आज तक नहीं मिल पाया न्याय डीएम के नेतृत्व में हुआ था तहसील दिवस उसमें भी बुजुर्ग महिला ने दिया था शिकायती पत्र लेकिन नहीं हो रही है सुनवाई। राज देई पत्नी दसऊ निवासिनी पूरे गोसाइन मंज़रे कुशमहुरा ने लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि भूमि गाटा संख्या 809 / 0,1400 हैकटेयर जो नवीन परती के नाम दर्ज है। तथा इस भूमि पर गांव के रमेश पुत्र रामफेर निवासी उपरोक्त के द्वारा अवैध तरीके से फसल उगाई जा रही है उक्त भूमि ग्राम सभा की है जिससे ग्राम सभा को क्षति पहुंचाई जा रही है। तथा इस भूमि से प्रार्थिनी के खेत को पानी जाता था तथा नाली भी पहले बनी थी जिसको विपक्षी के द्वारा मिटा दी गई।

तथा वर्तमान समय में विपक्षी उक्त भूमि में गेहूं व बरसीम आदि की बुवाई करके कब्जे किए हुए हैं तथा इससे पूर्व भी प्रार्थिनी ने कई बार शिकायत किया है परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई।

संपूर्ण समाधान दिवस मे कुल 29शिकायती पत्र आये राजस्व के 11 पुलिस के 11 अन्य सात शिकायती पत्र जिसमें से दो शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एसडीएम गौतम सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

# राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पोलिंग बूथों पर लिया एसआईआर कार्य का जायज़ा

**खीरो रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह शनिवार दोपहर बाद भीतरगांव पहुंचे, जहां उन्होंने हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ संख्या 113, 114, 117 और 119 का निरीक्षण कर एसआईआर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ सुपरवाइजर, बीएलओ, बीएलए-2, प्रवासी मतदाताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए कहा कि गांव का जो भी व्यक्ति रोजगार अथवा अन्य कारणों से बाहर रहता है, उसका नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए। वहीं बाहरी व्यक्तियों या एक से अधिक स्थान की मतदाता सूची में शामिल नामों को सुरक्षित रूप से हटाने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष पासी ने की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह ने किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल, जिला उपाध्यक्ष पासी जन्मे सिंह, रूपेश नारायण शुक्ला, बृजेश कुमार शुक्ला, धोनी सिंह, गौरव सिंह, समाजसेवी संदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



# डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 48, पुलिस 15, विकास 02 एवं अन्य 25 कुल 90 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 06 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए बाबा साहेब अंबेडकर

**बिसवां, सीतापुर।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर कांशीराम कॉलोनी में नागरिक अधिकार संगठन द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

संयोजक कमरुन निशा ने कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं सहित हर नागरिक को अधिकार और आजादी देने का काम किया। उन्होंने कहा कि अधिकार तभी सुरक्षित होंगे जब हम अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। वान्या फाउंडेशन की सचिव रामलली पटेल ने कहा कि संविधान राष्ट्रवादी सोच का मार्गदर्शक दस्तावेज है, जो वंचित, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को हिम्मत और सम्मान देता है। नागरिक अधिकार संगठन के सचिव हरीशंकर गुप्ता ने कहा कि न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मजबूत आधार देने वाला संविधान ही समाज को एक सूत्र में पिरोता है। कार्यक्रम में फूलजहाँ बानो, सरिता कश्यप, शीला कठेरिया, रेशमा, रोज, अलकारिया, नंदनी, प्रदीप वाल्मीकि, मनीराम, शमा वाल्मीकि, संजय, साधना, बबिता, प्रियंका, राम प्रकाश, संदीप, सूरज, अफ़साना, जसवंत, सुनीता, विजेता, दयाराम, खलील, रामू आदि उपस्थित रहे।

# जांच में नियम विरुद्ध भुगतान की पुष्टि दस माह बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड पिसावां की ग्राम पंचायत बांसी और फरिहा में नियम विरुद्ध भुगतान के मामले में जांच पूरी होने के बावजूद 10 माह से किसी भी जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई न होने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के जिलाध्यक्ष एस.के. तूफानी ने 19 फरवरी 2025 को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर भ्रष्टाचार की विस्तृत शिकायत की थी, जिस पर जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई थी। जांच रिपोर्ट (28 अप्रैल 2025), जिसे उपयुक्त श्रम रोजगार अधिकारी द्वारा पत्रांक 100/मनरेगा-लेखा सहायक के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी को भेजा गया था, में स्पष्ट रूप से यह पुष्टि की गई कि सचिव द्वारा शासनादेश का उल्लंघन करते हुए ग्राम प्रधान और उसके पुत्र के खातों में लाखों रुपये का भुगतान कराया गया। इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा पत्रांक 3611, 3612 (दिनांक 25 जून 2025) तथा 3696, 3697 के तहत ग्राम प्रधान और सचिव को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए थे। लेकिन न तो नोटिस का कोई परिणाम निकला और न ही अब तक किसी भी अधिकारी, सचिव या प्रधान पर कोई कार्रवाई हुई, जिससे पूरे मामले पर प्रश्नचिन्ह लगना शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों और शिकायतकर्ता का आरोप है कि प्रशासनिक स्तर पर ÷कार्यवाही से बचाने का खेल चल रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार, जिम्मेदार अधिकारी जांच रिपोर्ट आने की पुष्टि कर चुके हैं, बावजूद इसके 10 महीनों से कार्रवाई लंबित है, जो पूरी प्रक्रिया पर संदेह पैदा करता है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई तो उच्चाधिकारियों को पत्र सौंपकर कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी। जनता का सवाल सरल है–जब जांच रिपोर्ट में नियम विरुद्ध भुगतान की पुष्टि हो चुकी है, तब भी कार्रवाई न होने का अर्थ क्या है? क्या यह लापरवाही है या फिर भ्रष्टाचार का खुला संरक्षण?

### चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस द्वारा अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना संग्रामपुर से संबंधित मोटरसाइकिल सवार सोनू पुत्र राम आसरे निवासी ग्राम सोइया रामगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। प्लेटिना मोटरसाइकिल सं. यूपी 72 एसी 3487 के कागज मांगने पर दिखा न सका। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि यह मोटरसाइकिल कल शुक्रवार को गडेरी चौराहे के पास बाजार से चुराया था। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) की बढोत्तरी की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील मिश्रिख में विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव एवं जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 171 शिकायतों में से 18 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील बिसवां में प्राप्त 42 प्रार्थना पत्रों में से 12, तहसील लहरपुर में प्राप्त 91 प्रार्थना पत्रों में से 20, तहसील सदर में प्राप्त 17 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 60 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महोली में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील सिधौली में प्राप्त 49 प्रार्थना-पत्रों में से 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# निर्धारित संख्या से अधिक पेड़ काटने का मामला आया सामने

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

वन क्षेत्र रामसनेहीघाट अंतर्गत हकामी के चिरायंधा गांव में निर्धारित संख्या से अधिक पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। गांव निवासी रामसागर पुत्र राम आसरे ने अपने खेत में मौजूद दस पेड़ों–चार जामुन, चार आम, एक महुआ और एक गुलर–की कटान के लिए वन विभाग से परमिट मांगी थी। जांच के बाद विभाग ने 26 नवंबर को दस पेड़ों की कटान की अनुमति जारी कर दी थी। इसके बाद कटान कार्य के लिए पहुंचे ठेकेदारों ने परमिट से अधिक कटान करते हुए अतिरिक्त पांच पेड़ और काट दिए। इनमें दो आम, एक गुलर, एक महुआ और एक जामुन शामिल हैं। कटान के दौरान वन विभाग को इसकी जानकारी नहीं हो सकी। दो दिन बाद ग्रामीणों से सूचना मिलने पर विभागीय टीम मौके पर पहुंची।

निरीक्षण में पाया गया कि अनुमति प्राप्त दस पेड़ों के स्थान पर कुल पंद्रह पेड़ों के ठूंठ और पतली लकड़ी मौजूद थी, जबकि कटे हुए अतिरिक्त पेड़ों की लकड़ी मौके से गायब थी। वन विभाग ने नियमविरुद्ध कटान के मामले में कागजी कार्यवाही पूरी करते हुए पेड़ मालिक रामसागर और कटान कार्य करने वाले ठेकेदार गुड्डू तथा अकबर अली के खिलाफ विभागीय मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चूल्हे की चिंगारी से लगी आग,गृहस्थी खाक

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सुबेहा थाना क्षेत्र के पूरे नूरअली का पुरवा गांव में शनिवार शाम चूल्हे की चिंगारी से एक घर में आग लग गई। इस घटना में कपड़े, रजाई, गद्दे, अनाज और साइकिल सहित हजारों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। यह आग नगर पंचायत सुबेहा के सराय चंदेल वार्ड स्थित पूरे नूरअली का पुरवा गांव में सिरताजा पत्नी स्व. भगौती के घर में लगी। सिरताजा का मानसिक रूप से विक्षिप्त बेटा पुनवासी शाम करीब चार बजे घर पर खाना बना रहा था। इसी दौरान चूल्हे से उड़ी एक चिंगारी ने आग पकड़ ली।

देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई। आग की लपटें देखकर पुनवासी की मां ने शोर मचाया, जिसके बाद मोहल्ले के लोग पानी और बाल्टी लेकर आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक घर में रखी रजाई, गद्दे, कपड़े, अनाज और साइकिल पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुके थे। सूचना मिलने पर सभासद प्रतिनिधि गिरजा रावत मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार के लिए रजाई, गद्दे और खाने के सामान की व्यवस्था कराई। रावत ने हल्का लेखपाल को फोन पर घटना की जानकारी दी और गरीब परिवार को हरसंभव सरकारी मदद दिलाने की मांग की।



# सामूहिक विवाह समारोह में 198 जोड़े बंधे दाम्पत्य बंधन में

**बेलहरा,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को क्षेत्र के साईं पीजी कॉलेज ग्राउंड में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कुल 198 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शांति कुंज हरिद्वार से आए पुरोहितों की टोली ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों का विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया। वहीं एक जोड़े का निकाह भी कराया गया। विधायक साकेन्द्र वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि योगी सरकार सर्व समाज में समरसता और सर्वधर्म सद्भाव के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से निर्धन परिवारों को सम्मानपूर्वक बेटियों का विवाह कराने में बड़ी सहायता मिल रही है। सरकार ने इस योजना की आर्थिक सहायता राशि 51 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी है,जिसमें से 60 हजार रुपये सीधे कन्या के खाते में भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के वंचित और गरीब वर्गों के बेहतर जीवन के लिए पूर्ण रूप से संकल्पित है। विवाह समारोह में सभी जोड़ों को 24 प्रकार की उपहार सामग्रियां प्रदान की गईं, जिनमें चांदी की पायल,बिछिया,डिनर सेट,ट्रॉली बैग,गद्दे,कंबल,कुकर,बेडशीट,कपड़े, पंखा,वैनिटी किट आदि शामिल रहे। सामूहिक विवाह के बाद बेटियों की एक-एक कर हो रही विदाई ने पूरे माहौल को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। योजना के अनुसार कुल 212 जोड़ों का विवाह प्रस्तावित था,लेकिन 198 जोड़ों का ही विवाह सम्पन्न हो सका।

# समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

माह के प्रथम शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक ने तिलोई मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील तिलोई में कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 6 का मौके पर निस्तारण कराया गया, मुसाफिरखाना में 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 4 का निस्तारण किया गया, गौरीगंज में 46 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 4 का निस्तारण किया गया, तथा अमेठी में 18 प्राप्त हुई, जिनमें 1 का निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, उपजिलाधिकारी तिलोई अमित, तहसीलदार तिलोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



### डीपी एक्ट में दो वांछित गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में शनिवार को थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर डीपीएक्ट एक्ट में वांछित दो अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र अनिल कुमार व अनिल कुमार पुत्र रामआधार निवासीगण कामापुर मजरे नसरतपुर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में राकेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज, उ.नि. लक्ष्मण सिंह चन्देल, हे.का. संतोष कुमार व का. अरविन्द प्रताप सिंह आदि रहे।

# मां ने दिया पूरे संसार को छांव: दिनेश सिंह राठौर

**महराजगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



मां पृथ्वी है जगत है धूरी है मां बिना इस सृष्टि की कल्पना अधूरी है मां की महिमा असीमित अपरिमित अपार अंतहीन है मां ने पूरे संसार को छांव दिया है और उसने ही हर गति को पैर दिया है मां का आशीर्वाद गोलोकवासी हो जाने के पश्चात भी अपने पुत्रों पर सदैव बना रहता है। और वह हमेशा अपने स्नेह से अभिसिंचित कर पुत्रों को कृतार्थ करती हैं यह उद्गार ब्लॉक सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मूल रूप से ब्लॉक क्षेत्र गांव अलीपुर के रहने वाले दिनेश सिंह राठौर व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 8 दिसंबर उनके लिए एक अत्यंत भावनात्मक एवं स्मरणीय दिवस होता है । क्योंकि यह हमारी पूज्यनीय माता की पुण्य स्मृति से जुड़ा हुआ है। और विगत वर्षों से पुण्यतिथि पर अपनी जन्मभूमि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित होता रहा है पिछले वर्ष या कार्यक्रम अयोध्या धाम में आप सभी की स्नेहिल उपस्थिति में संपन्न हुआ था 2 वर्ष पूर्व जब भगवान श्री राम 500 वर्षों के सतत संघर्षों के पश्चात अपनी जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में विराजमान हुए तब भी कार्यक्रम अयोध्या में ही संपन्न किया गया था इस वर्ष जब 144 वर्षों के बाद दिव्य एवं भव्य महाकुंभ का आयोजन हुआ है तो मन में यह भाव आया कि आप सभी आत्मीय जनों के साथ संगम स्नान का पूर्ण लाभ लिया जाए यद्यपि उस समय जन सैलाब के कारण योजना संभव न हो सखी तथापि आपके स्नेहपूर्ण सुझाव एवं प्रेरणा से अब यह निश्चय किया गया है कि अपने माता-पिता के स्वरूप में आप सभी को तीर्थराज प्रयाग में संगम स्नान हेतु आमंत्रित किया जाए तीर्थराज प्रयाग में स्नान का महत्व अनंत है मत्स्य पुराण के अनुसार कार्तिक एवं माघ मास में त्रिवेणी संगम स्नान करना हजारों तीर्थ के दर्शन के समान पुण्यदाई होता है ।यह गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती का संगम है जो की आत्मा को पवित्र कर मोक्ष प्रदान करता है। दिनेश सिंह राठौर ने कार्यक्रम की रूप रेखा साझा करते हुए बताया कि इस बार दिनांक 7 दिसंबर रविवार को निवास स्थान अलीपुर से सुबह 6:00 बजे तीर्थराज प्रयाग के लिए प्रस्थान होगा जहां पहुंचने के पश्चात 10:30 संगम स्नान दोपहर 2:00 बजे तक लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण 5:30 बजे से 7:00 बजे तक मानगढ़ कृपालु धाम दर्शन रात लगभग 9:30 बजे गंतव्य के लिए वापसी होगी।

# खाद्य पदार्थो के मिलावट खोरों पर होगी कार्रवाई

**सीडीओ ने खाद्य सुरक्षा स्टीयरिंग समिति की बैठक कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ रामकृपाल चौधरी

कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा स्टीयरिंग समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए अभियान चलाकर नियमित रूप से छापेमारी की जाए और मिलावट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। सीडीओ ने कहा कि व्यापारियों का शोषण नहीं होना चाहिए, लेकिन जो लोग मिलावट करते हैं उनके खिलाफ किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। लंबित वादों की प्रभावी पैरवी कर शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश भी उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि खाद्य लाइसेंसिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल संचालित है, जहां प्रत्येक खाद्य व्यवसायी का लाइसेंस अनिवार्य है। जिले में कितने लाइसेंस ऑटो-रिन्यू हुए और कितने एक्सपायर हैं, इसका विस्तृत ब्योरा तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा गया। सीडीओ ने मिलावटी खाद्य पदार्थों, ताजे खाद्य सामग्री के उपयोग तथा सुरक्षित उपभोग के संबंध में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य कारोबारियों को भी नियमों व दिशा निर्देशों के प्रति जागरूक करने की बात कही। बैठक में डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय/अभिहित अधिकारी उमेश प्रताप सिंह सहित विभागीय अधिकारी रहे।

# आधुनिक राष्ट्र निर्माण में बाबा साहब का योगदान रहा अविस्मरणीय

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय अलीनगर में भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं आधुनिक राष्ट्र निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 70 वें महापरिनिर्माण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके द्वारा बनाए गए संविधान के मूल्यों एवं आदर्शों का पालन करते हुए जीवन पथ पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिक्षक संकुल अवधनारायण ने कहा बोधिसत्व बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर विश्व विख्यात विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री एवं महान समाज सुधारक थे। समतामूलक समाज की स्थापना करने व समाज के शोषितों, वंचितों, पिछड़ों,अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, कमजोर वर्ग एवं महिलाओं के हक व अधिकार के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया। इतना ही नहीं उन्होंने देश के हर नागरिक को संविधान के मध्यम से न्याय दिलाने का कार्य किया। देश के प्रत्येक नागरिक को उनके द्वारा बनाए गए संविधान के मूल्यों एवं आदर्शों का पालन करना चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## रोडवेज बस में दिल्ली से लौट रहे यात्री की अचानक हुई मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** दिल्ली के लाल कुआं से छिबरामऊ का टिकट लेकर रोडवेज की बस से आ रहे एक व्यक्ति की रास्ते में ही अचानक मौत हो गई। बस जैसे ही यहां के पूर्वी बाईपास पहुंची तो चालक आसाराम, परिचालक सुभाष और दयाशंकर ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। काफी देर तक छानबीन के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो पाई। बाद में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दक्षिणी खुड़ावा निवासी बृजेश कुमार उर्फ लाल गुप्ता ने शव की शिनाख्त अपने दोस्त विक्रम सिंह के रूप में की। बृजेश ने बताया कि विक्रम चार-पांच माह पहले दिल्ली-गाजियाबाद में रहने चला गया था और अब घर लौट रहा था। बृजेश के कहने पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव उनको सौंप दिया। मौत का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है और ना ही उनके सगे संबंधियों तथा निवास का सही पता चल सका है।

# खेल दिवस प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जेबीजी नेशनल हॉयर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल दिवस प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यूकेजी के मो. उवैश ने रिंग गेम में, पीजी के शिवा व एलकेजी के अभि ने 100 मीटर रेस में, छात्र मनराज ने कैरम में व कक्षा 4 के अयान ने बैडमिंटन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 के रेहान ने सीनियर ग्रुप में जीत हासिल की। खो-खो में सनी, कृष्णा, हसन, मो. जियाद, इसरा, गरून, राधा कृष्णा, अम्मार और रोहित ने जीत प्राप्त की। खो-खो सीनियर ग्रुप में आयशा, तवीवा, परवेज, तैवा, प्राची, अंजली ने और क्रिकेट में शिवप्रकाश, फरमान, हसन खाँ, हसन कादरी, जोन्सू गगन, फैजान, अरूण ने जीत हासिल की। इस मौके पर प्रधानाचार्य चंदन सिद्दीकी ने कहा खेल केवल मनोरंजन के साधन नहीं, बल्कि ये हमें जीवन में जीतने की कला, टीम वर्क का महत्व और लक्ष्य तक पहुँचना सिखाते हैं। स्कूल के प्रबंधक एहतिशामुद्दीन सर ने कहा खेल के मैदान में गिरना, संभलना और फिर से उठकर जीत हासिल करना-यही असली खेल भावना है।

इस मौके पर साधना, इरम, रक्षा, अराध्या, नाजरीन, सुमरा, शाहरूख, माण्डवी, मंतशा, वरीशा, जीतू और दीपेन्द्र आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# संविधान की रक्षा हम सभी का दायित्व : विनोद दुबे

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट के प्रदेश सचिव विनोद कुमार दुबे ने कहा कि संविधान की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। अंबेडकर जी ने देश को संविधान देकर समता, स्वतंत्रता और न्याय का मार्ग दिखाया। आज संविधान पर खतरा मंडरा रहा है, हमें एकजुट होकर इसकी रक्षा करनी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन ने कहा कि बाबा साहब का सपना समावेशी भारत था। कुछ ताकतें संविधान को कमजोर करना चाहती हैं, लेकिन कांग्रेस और जनता मिलकर उनकी हर साजिश को नाकाम करेगी। संविधान ही हमारी एकता की गारंटी है। इस मौके पर आसाराम यादव, अजय दुबे, देवकीनंदन दुबे मुन्ना, राजीव अग्निहोत्री, राजेश कुमार, उज्ज्वल अहमद, राजू खान, सुरेश सिंह तोमर, आशीष चौहान, प्रिया श्रीवास्तव, अनुपमा, दिनेश पांडेय व भैयालाल आदि उपस्थित रहे।

# मानव कल्याण के लिए बाबा साहब ने किया कार्य : प्रिया शाक्य

- बुद्ध विहार बड़ेपुर में बाबा साहब को किया गया याद

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




बुद्ध विहार बड़ेपुर में शाक्य मुनि बुद्ध विहार धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित बोधिसत्व बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के 69 वें परिनिर्वाण दिवस पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा बाबा साहब ने संपूर्ण जीवन मानव कल्याण के लिए कार्य किया। गौतम बुद्ध एजुकेशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा बाबा साहब हमारे देश के संविधान के शिल्पी थे। उनके दिखाएं रास्ते पर चलकर ही हम सभी का उत्थान हो सकता है। इसके अलावा रमेश बाबू बौद्ध, अमित बौद्ध, धर्मपाल शाक्य, आदित्य विक्रम सिंह शाक्य, प्रधानाचार्य कृष्ण मुरारी शाक्य ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रबंधक शिव प्रताप सिंह शाक्य, अजीत शाक्य, अशोक शाक्य, अतुल प्रताप सिंह शाक्य, अमित शाक्य, कृष्ण कांत शाक्य, कमला देवी, हिना शाक्य, सुमन शाक्य सहित विद्यालय के बच्चे भी उपस्थित रहे। उधर ग्राम लक्षीराम नगला स्थित सम्राट अशोक चैरिटेबल ट्रस्ट के कैम्प कार्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान अमित बौद्ध, अमित शाक्य चंचल शाक्य, प्रबल शाक्य, आशीष व सौरभ कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## युवती को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री मंगलवार रात घर से चली गई। पुत्री के घर वापस न आने पर खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। पीड़ित ने गांव के एक युवक बादल के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## भीम आर्मी व आजाद समाज ने मनाया बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी ने विश्व रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 70वीं पुष्यतिथि को परिनर्वाण दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर बाबा साहव डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष जयद्रथ ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान धर्मेन्द्र कश्यप, सन्देश कश्यप, पवन गौतम सहित संगठन के लोग मौजूद रहे।

## कूड़ा निस्तारण में लापरवाही न होगी बर्दाश्त, जिम्मेदारों पर होगी कार्यवाही: डीएम

**जालौन (उरई)।** शनिवार को अपरान्ह जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कोंच रोड स्थित एमआरएफ( मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेंटर पर अत्यधिक मात्रा में जमा कूड़ा देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कूड़े के निस्तारण के निर्देश दिए। कोंच रोड स्थित एमआरएफसेंटर के निरीक्षण में डीएम ने पाया कि नगर पालिका द्वारा कूड़ा निस्तारण की कोई ठोस कार्ययोजना तैयार नहीं की गई, जबकि सेंटर पर लगातार कूड़ा बढ़ता जा रहा है। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए ईओ सुशील कुमार को कूड़ा निस्तारण की व्यवस्थित योजना तैयार कर उसे लागू करने के निर्देश दिए। कहा कि कूड़े के उचित निस्तारण से स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत



अब्दुल कादिर की फाइल फोटो

**समधन, समृद्धि न्यूज।** बीता शुक्रवार शाम करीब 8 बजें दिल्ली से अपनी बाइक लेकर समधन घर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत समधन के मुहल्ला लोहिया नगर निवासी अब्दुल कादिर उम्र 29 वर्ष पुत्र मुहम्मद मुस्तकीम दिल्ली के सकूर बस्ती में सिलाई का काम करता है जो कि वह अपने घर में प्लास्टर करवाने के लिए बीता शुक्रवार शाम करीब 8 बजें अपनी बाइक से समधन अपने घर लौट रहा था तभी दिल्ली कानपुर नेशनल हाईवे पर जनपद मैनपुरी के थाना बिछुआ के पास पहुंचा तभी उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे खड़े कंटेनर ट्रक में पीछे से उसकी बाइक जा घुसी जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई वह हेलमेट भी पहने हुए था किसी तरह घटना की सूचना पुलिस को लगी तों रात करीब 1 बजें पुलिस घटनास्थल पर पहुंची शव को बिछुआ थाना पर ले गई बाद में उसकी जेब में मिला आधार कार्ड से गुरसहायगंज थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी गई शनिवार सुबह पुलिस ने परिजनों को दी गई बाद में परिजन शव कों लेने के लिए मैनपुरी पहुंचे देर शाम युवक का शव नगर में पहुंचा परिवारजनों में चीख-पुकार मच गई। अब्दुल कादिर अपने 4 भाइयों में सबसे बड़ा था मृतक युवक की 3 बहने भी हैं पिता का रो रो कर बुरा हाल हों गया है।

# शिक्षित होने के साथ संस्कारित होना जरूरी: अर्चना पांडेय

- सरस्वती विद्या मंदिर में सप्त शक्ति संगम का आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



भारतीय शिक्षा समित कानपुर प्रान्त से सम्बद्ध श्रीमती गंगा देवी चतुर्वेदी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में आयोजित %सप्त शक्ति संगम% कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पाण्डेय ने कहा शिक्षित होने के साथ संस्कारित होना भी आवश्यक है।

उन्होंने कहा सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर शिक्षा के साथ संस्कार देने का कार्य भी बखूबी निभा रहे हैं। समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में नारी प्रशक्ति का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मुख्य पक्ता सरिता अग्निहोत्री ने कहा कि वर्तमान समय में मातृशक्ति की भूमिका और बढ़ गयी है। हम माताओं बहिनों का यह दायित्व है कि अपनी सन्तानों को समय दें, और उनमें उत्तम संस्कार विकसित करें। विशिष्ट अतिथि बहिन बीके शिवानी ने कहा कि सामाजिक समरसता को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मातृ शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम की अध्यक्ष इन्दिरा दुबे ने कहा कि बालक और बालिका में भेद नहीं करना चाहिए। आज बालिका शिक्षा पर बल देना समय की मांग है। इस अवसर पर विद्यालय की बहिनों ने अपनी सुन्दर प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती चायल सिंह ने संचालन व श्रीमती सीमा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की जबकि श्रीमती सपना मिश्रा ने आभार ज्ञापित किया। प्रधानाचार्य ल अनिल कुमार शुक्ल ने मातृशक्ति के इस सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि



छिबरामऊ, कन्नौज। नगला सधारी में आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी छबिराम जाटव ने कहा कि बाबा साहब जैसा न कोई हुआ और न होगा। उन्होंने बाबा साहब के प्रसिद्ध कथन को दोहराया कि फ्रशिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वो दहाड़ेगा। जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि बाबा साहब शोषित-वंचितों एवं महिलाओं के मसीहा थे और उन्होंने दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि बीजेपी एसआईआर लाकर वोट का अधिकार छीनना चाहती है, यह संविधान-विरोधी कदम है। इसलिए सभी लोग अपना एसआईआर फॉर्म अवश्य भरें और वोट को सुरक्षित रखें। सभा में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह, जिला प्रभारी शेर सिंह, संगठन मंत्री हरिपाल सिंह, मीडिया प्रभारी अनुज रावण, विधानसभा उपाध्यक्ष कमलेश कुमार सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेरा गाँव-मेरा विद्यालय कार्यक्रम संपन्न



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय खोजीपुर में मेरा गाँव मेरा विद्यालय थीम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय, अभिभावक और समुदाय की भूमिका पर जनजागरूकता लाने हेतु ग्रामीणों के साथ मिलकर भव्य प्रभातफेरी निकाली गई। कार्यक्रम में बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं तथा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रन्नो देवी, एसएमसी अध्यक्ष राजेंद्र दिवाकर, प्रधानाध्यापक डॉ. आशीष राजपूत सहित शिक्षक इसकामलिन हसनैन, सवा मुकीम, बलराम सविता, अमित यादव, विनीता एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# किसान नेता के शव को रखकर साथी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

- सूचना मिलने पर पहुंचे एसडीएम व सीओ को सौंपा मांग-पत्र
- एसडीएम के आश्वासन पर किसान नेताओं ने धरना किया समाप्त

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



भाकियू कार्यकर्ताओं से वार्ता करत एसडीएम

कोतवाली क्षेत्र के गांव सत्तारनगर निवासी भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के जिला प्रभारी गिरीश चंद्र शाक्य 28 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां गुरुवार देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार देर शाम उनका शव गांव पहुंचा। भारतीय यूनियन के नेताओं ने उनके शव को धरनास्थल पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया था। जिसकी सूचना मिलने पर देर रात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची थी और उसने भाकियू कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया था, लेकिन कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर जिद पर अड़े रहे। शनिवार सुबह जानकारी मिलने पर एसडीम कायमगंज अतुल कुमार सिंह व सीओ राजेश कुमार द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी धरना स्थल पर पहुंचे। वह मौजूद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सोमवंशी, प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी, जिला अध्यक्ष देवेंद्र राजपूत ने उन्हें मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने मृतक के परिवार के लिए उनकी पुत्री के निःशुल्क शिक्षा और 50 लख रुपए मुआवजे के साथ ही कई अन्य मांगे भी रखीं। किसान नेताओं ने प्रशासन से 15 दिसंबर तक उनकी मांगों का निराकरण करने का समय दिया। उन्होंने कहा कि यदि 15 दिसंबर तक हमारी मांगें न मानी गईं, तो वह धरना प्रदर्शन के साथ-साथ पैदल लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से भेंट करेंगे। एसडीएम ने उन्हें इस दौरान उच्च अधिकारियों से बात कर समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिया। जिस पर परिवारीजन और किसान नेता उनके अंतिम संस्कार को लेकर राजी हुए और शमशाबाद ढाई घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## हारजीत की बाजी लगाते तीन जुआड़ी गिरफ्तार

**जालौन,उरई।** बंगरा मार्ग पर मोहल्ला शाहगंज में हार जीत लगाकर जुआ खेल रहे तीन लोगों को चौकी पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 5070 रूपए बरामद किए। चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह को सूचना मिली कि बंगरा मार्ग पर छह पुल के पास मोहल्ला शाहगंज में कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने शाहगंज निवासी शौकीन शाह, साबिर शाह व उमर मुहम्मद को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने मालफड़ पर 3900 रुपये एवं जामा तलाशी में 1170 रुपए व मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एसडीएम ने किया ज्वार-बाजरा खरीद केंद्र का निरीक्षण

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

एसडीएम हेमंत पटेल ने शनिवार को नवीन गल्ला मंडी परिसर में खुले सरकारी धान, ज्वार व बाजरा खरीद केंद्र का निरीक्षण कर केंद्र प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम हेमंत पटेल शनिवार को नवीन गल्ला मंडी में खुले सरकारी धान, ज्वार व बाजरा खरीद केंद्र पर पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्र प्रभारी से केंद्र पर हुई अब तक की खरीद के बारे में जानकारी ली। जिसमें केंद्र प्रभारी राजकपूर ने बताया कि केंद्र पर अब तक 600 क्विंटल धान, 1600 क्विंटल बाजरा और 7500 क्विंटल ज्वार की खरीद हो चुकी है। एसडीएम ने निर्देश देकर कहा कि किसानों से एमएसपी दर पर ही उसकी उपज की खरीद की जाए। किसानों से किसी भी प्रकार से धन की उगाही न की जाए। उपज की सही तौल कराई जाए और उनका भुगतान समय से कराया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। लापरवाही मिलने पर या किसानों का किसी भी तरह उत्पीड़न किए जाने की शिकायत मिलती है तो कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने किसानों से भी खरीद को लेकर बातचीत की। जिसमें किसानों ने संतोषजनक उत्तर दिया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आयीं 38 शिकायतें, आठ निपटी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 38 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमें आठ शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया।

डीएम राजेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित हुए समाधान दिवस में डीएम ने पिछली शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 38 लोगों ने शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें से आठ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए उन्होंने ने कहा कि सभी शिकायतों का त्वरित व प्रभावी निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजनमानस की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस जनता की समस्याओं को सीधे प्रशासन तक पहुचाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए पूरी गंभीरता से कार्य करें। कुठौंद में दिवंगत इंस्पेक्टर अरूण कुमार राय के निधन को लेकर डीएम की अध्यक्षता में उपस्थित अधिकारियों ने दो मिनट का मौन धारण किया और दिवंगत की आत्म शांति व दुखी परिवार को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## अस्पताल मार्ग में इंटरलॉकिंग बिछाने में बाधा दूर करने के दिये निर्देश



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों को सुनते डीएम राजेश पांडेय।

जालौन। तहसील क्षेत्र के ग्राम गधेला के प्रधान संजय कुमार ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत में हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर बना हुआ है। इस अस्पताल तक जाने के लिए मात्र एक ही रास्ता बना हुआ है। इस आम रास्ते पर करीब 30 वर्ष पूर्व खड़ंजा डाला गया था। वर्तमान में इस रास्ते की हालत जीर्ण शीर्ण हो चुकी है। लोगों को अस्पताल तक पहुंचने में हो रही दिक्कतों को देखते हुए क्षेत्र पंचायत द्वारा इंटरलॉक डलवाई जा रही है। लेकिन गांव का ही एक व्यक्ति इसमें व्यवधान डाल रहा है। दो वर्ष से वह लगातार इस बाबत समाधान दिवस में शिकायत कर रहे हैं। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए डीएम ने एसडीएम को मामले की जांच सौंपकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# पल्स पोलियो अभियान को एएनएम-आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां बनायें सफल

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

रविवार को आयोजित होने वाले पल्स पोलियों प्रतिरक्षण अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. सहन बिहारी गुप्ता ने अभियान में लगाए गए शिक्षकों, आशा बहुओं, एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यक्रत्रियों को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डॉ. सहन विहारी गुप्ता बताया कि 14 दिसंबर रविवार को आयोजित पोलियो प्रतिरक्षण अभियान को हर हाल में सफल बनाया जाना है। इस अभियान में एक भी बच्चा छूटने न पाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने कहा कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र में शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा पिलाई जानी है। बताया कि नगर में दवा पिलाने के 31 बूथ बनाए गए हैं और ग्रामीण क्षेत्र में 88 बूथ बनाए गए हैं जबकि यात्रा कर रहे बच्चों को दवा पिलाने के लिए चार ट्रांजेट बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों में देवनगर चौराहा, कोंच चौराहा और सहाव मोड़ पर बच्चों को दवा पिलायी जाएगी।

# सपा नेताओं ने बाबा साहब को परिनिर्वाण दिवस पर किया याद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर समाजवादियों ने संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कस्बा नवाबगंज स्थित फर्रुखाबाद रोड पर ग्राम सिरमौरा बांगर में संविधान के निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर समाजवादी नेताओं ने संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनकी प्रतिमा की साफ-सफाई की गयी तथा माल्यार्पण कर उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों आदि को हमेशा न्याय दिलाने का कार्य किया और उन्हीं के बने संविधान से आज दलित, पिछड़ी जातियां आज सरकारी नौकरियों में अच्छे पदों पर तैनात हैं। यह सब बाबा साहब की ही देन है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ. नवरंग सिंह, प्रधान विजेंद्र सिंह यादव, अमित यादव, कोटेदार फारुख अली, अल्वी सहित तमाम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अनुयाई मौजूद रहे।

**वहीं दूसरी ओर** नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान की अध्यक्षता में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर सभी कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने बताया की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जो कि संविधान के निर्माता थे, उन्होंने सभी को संविधान तथा संविधान के आरक्षण के बारे में लोगों को आगे बढ़ाया तथा बाबा साहब के ही सूझबूझ से आज सभी दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक उन्हीं के बने संविधान व कानून पर चल रहे हैं और सभी को बराबरी का हिस्सा तथा अहमियत दी जाती है। इस मौके पर एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, एकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह, लिपिक राज भारती, विनीत वर्मा, एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, ललतेश कुमार, मनोज कुमार शाक्य, रामबाबू, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, सुनील कुमार गौतम, मोतीलाल यादव, बृजेश कुमार, आकांक्षा सक्सेना, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार, राहुल यादव सभासद तथा अश्वनी यादव, अमन सूर्यवंशी सहित समस्त ग्राम सचिव आदि मौजूद रहे।


बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सपाई


विकास खंड कार्यालय पर बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस मनाते कर्मचारी

# गोली लगने से युवक की हुई मौत के मामले में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज़।**

बीती रात नामकरण संस्कार की दावत में हुई हर्ष फायरिंग के दौरान युवक के सीने में गोली लगने से उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम उमराव नगला निवासी राकेश पुत्र रामौतार के यहां पुत्र के नामकरण संस्कार की दावत थी। उसी दौरान गांव के ही 25 वर्षीय अंशु यादव पुत्र किंदर पाल यादव की हर्ष फायरिंग के दौरान सीने में गोली लगने से मौत हो गयी। मृतक के पारिवारिक चाचा सुधीर यादव पुत्र ब्रजपाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जिसमें कहा की उनका पारिवारिक भतीजा अंशु नामकरण संस्कार की दावत में गया था। जहां वर्तमान प्रधान ग्राम धारा नगला निवासी कश्मीर सिंह का पौत्र गोलू अपने बाबा कश्मीर सिंह की लाइसेंसी दोनालू बंदूक लेकर आ गया। अंशु को देखते ही गोलू ने कहा की अंशु यादव के गोली मार दो। जिस पर आरोपी विकास पुत्र विनोद ने दोनालू बंदूक गोलू से लेकर अंशु के सीने में गोली मार दी। जिससे अंशु की मौके पर ही मौत हो गयी। अंशु की मौत के बाद प्रधान कश्मीर सिंह बंदूक लेकर गोलू आदि के साथ मौके से फरार हो गये। पुलिस ने आरोपी गोलू व विकास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही प्रधान की लाइसेंसी बन्दूक को कब्जे में ले लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने बताया की विधिक कार्यवाही पुलिस कर रही है।


घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग

## एसआईआर को लेकर एसडीएम ने बीएलओ की ली बैठक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में न्यायिक उप जिलाधिकारी गजराज सिंह और अमृतपुर के नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह ने बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बूथ लेवल अधिकारियों को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि उन्हें वापस आए एसआईआर फॉर्मों की गहनता से जांच करनी होगी। इन फॉर्मों में दर्ज जानकारी की पुष्टि के लिए बीएलओ को घर–घर जाकर विस्तृत विवरण जुटाना होगा। अधिकारियों ने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे सभी फॉर्मों को आज शाम तक अनिवार्य रूप से जमा कराएं। इस कार्य में तेजी लाने और बीएलओ की सहायता के लिए नगर पंचायत की ओर से सात कर्मचारियों को उनके साथ सहयोग करने के लिए लगाया गया है।


बीएलओ की बैठक लेते एसडीएम

# डीएम ने मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का लिया जायजा

- अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश
- सौ प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर बीएलओ चंदन सिंह की थपथपाई पीठ


कार्य की प्रगति का जायजा लेते डीएम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का जायजा लेने शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी तहसील तथा नगर पालिका परिषद पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चल रहे कार्यों की जानकारी ली तथा समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन सहित डिजिटाइजेशन का कार्य समयबद्ध तरीके से किया जा रहा है, ताकि आगामी निर्वाचन में मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया कि त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित किया जाए और कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने हमीरपुर खास के बीएलओ चंदन सिंह द्वारा सौ प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किए जाने पर उनकी सराहना की और उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। जिससे अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिलेगी। जिलाधिकारी ने नगर पालिका और तहसील के संबंधित अधिकारियों से शेष कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही आम नागरिकों से अपील की कि यदि किसी का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो या संशोधन आवश्यक हो तो बीएलओ या संबंधित कार्यालय से तुरंत संपर्क करें। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा 100 प्रतिशत कार्य पूरा कर चुके हमीरपुर खास के बी.एल.ओ. चंदन सिंह की प्रशंसा की एवं सम्मानित करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कायमगंज उपजिलाधिकारी अतुल कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह, नायब तहलीलदार अनवर हुसैन मौजूद रहे। इसके बाद जिलाधिकारी और जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने घसिया चिलौली गांव में ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 12 लाख की लागत से निर्मित बारात घर का उद्घाटन किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

मोनू पुत्र स्व0 गंगादीन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह ग्राम रजलामऊ कोतवाली गुरसहायगंज जिला कन्नौज का रहने वाला है। दिनांक 28.11.2025 को सुबह 8:30 बजे मेरे बड़े भाई रामजीत पुत्र स्व0 गंगादीन घर से अपनी बाइक पल्सर गाड़ी सं0 यू.पी.74एएल7511 को लेकर शेखपुर रुस्तमपुर थाना कमालगंज काम से आ रहे थे। भाई रामजीत समय सुबह करीब 9:30 बजे कमालगंज में आर0पी0 डिग्री कालेज के पास पहुँचे, तो फतेहगढ़ की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने गाड़ी को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये मेरे भाई रामजीत की पल्सर बाइक में सामने से विपरीत दिशा में आकर जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भाई रामजीत गम्भीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना देकर सीएचसी कमालगंज में भर्ती कराया था।

यहां हालत गम्भीर होने पर डाक्टरों ने फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल के लिये रेफर कर दिया था। वहां डाक्टरों ने इलाज किया। दिनांक 28.11.2025 को शाम लगभग 4:30 बजे भाई रामजीत की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### डीएम ने सद्भावना पार्क पुस्तकालय व बारात घर का किया शुभारंभ


सद्भावना पार्क पुस्तकालय के उद्घाटन के बाद मौजूद डीएम व अन्य

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा कायमगंज चिलौली ग्रामीण सद्भावना पार्क पुस्तकालय का फीता काटकर उदघाटन किया। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत चिलौली का मजरा प्रेमनगर में पहुँचकर बारात घर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, जिला पंचायत सदस्य कृष्णपाल यादव, डीपीआरओ कायमगंज, खण्ड विकास अधिकारी, राजेन्द्र सिंह, सचिव हृदेश पाण्डेय, ग्राम प्रधान पूनम, प्रतिनिधि शिवम यादव मौजूद रहे।

### रंजिशन दबंगों ने अधेड़ को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** रंजिशन दबंगों ने अधेड़ को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर बागर निवासी भूपेंद्र सिंह सुबह करीब 11 बजे गांव के किनारे स्थित अपनी समरसेबिल पम्प पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के कुछ युवकों ने वहां पहुंचकर भूपेंद्र से गाली–गलौज किया। जिसका विरोध करने पर दबंगों ने भूपेंद्र को लाठी–डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे भूपेंद्र लहूलुहान हो गया। पीड़ित ने घटना के संबंध में तीन नामजद लोगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी। क्राइम निरीक्षक संजय कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने घायल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सीय परीक्षण कराया।

### कूड़ा डालने गयी किशोरी के साथ की मारपीट

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कूड़ा डालने गई किशोरी के साथ पड़ोसी ने मारपीट कर दी। शिकायत करने पर मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।थाना क्षेत्र के ग्राम लुकटपुरा निवासी मोरपाल सिंह के पुत्र अरविंद ने दो नामदर्ज व तीन अज्ञात के खिलाफ शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। 6 दिसंबर 2025 की सुबह लगभग 6:30 बजे पीड़ित की पुत्री शिक्षा कूड़ा डालने के लिए गई थी, तभी सोबरन सिंह पुत्र दफेदार, सोनम पुत्री सोबरन सिंह व तीन अज्ञात लोगों ने गाली–गलौज करते हुए पीड़ित की पुत्री के साथ मारपीट कर दी थी। साथ ही धमकाया कि अगर रिपोर्ट की तो खुद को गोली मारकर तुमको फंसवा देंगे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिल गई है। मामले जांच कर कानूनी कारवाही की जाएगी।

### शराबी युवक का पड़ा मिला शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शराब पीने के आदी युवक की मौत हो गयी। जिसका शव शनिवार सुबह एक मंदिर के पास पड़ा देखा गया। जानकारी के अनुसार दिनेश सिंह राठौर उम्र 42 वर्ष पुत्र स्व. सत्यपाल सिंह निवासी लोको रोड मसेनी फतेहगढ़ का शव आज सुबह एक हनुमान मंदिर के निकट पड़ा देखा गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि मृतक शराब पीने का आदी था। वह प्रताप सिंह चौहान की आगरा स्थित आटा मिल में काम करता था। मृतक के परिवार में कोई नहीं था। कुछ समय पूर्व मृतक को टीबी की बीमारी हो गयी थी। जिसके चलते वह फतेहगढ़ आ गया था।

## शाहजहांपुर में युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवती को बचाने के चक्कर में बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे एक अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना कम्पिल के ग्राम सिवारा खास निवासी सुशील पुत्र मलिखान कश्यप अपनी मौसी के घर धीमरपुरा गांव गया था। मृतक के पिता मलिखान कश्यप ने बताया कि दोपहर के समय सुशील धीमरपुरा गांव से कोल्ड ड्रिंक पीने ढाई घाट गया था। वापस लौटते समय ढाई घाट से धीमरपुरा मार्ग पर अचानक एक लड़की सामने आ गई। लड़की को बचाने के प्रयास में सुशील ने बाइक का नियंत्रण खो दिया और लड़की से टक्कर होने के बाद सड़क पर दूर जा गिरा। इस हादसे में लड़की को भी चोटें आईं। गंभीर हालत में सुशील को मिर्जापुर के अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुशील अपने परिवार का इकलौता बेटा था। जिसकी दो छोटी बहनें हैं। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को सिवारा खास ले आए। बताया गया है कि सुशील ने हेलमेट नहीं पहना था। जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। यदि उसने हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। सुशील बीए तृतीय वर्ष का छात्र था और उसकी परीक्षाएं 12 दिन बाद शुरू होने वाली थीं। वह पढ़ाई में भी ठीक बताया जा रहा था। इकलौते बेटे को खोने के गम में माता सुनीता और दोनों बहनें ईशु कुमारी व अंजलि कुमारी का रो–रोकर बुरा हाल था।


मृतक का फाइल फोटो

# पुलिस ने दो बाइकों सहित चार लुटेरों को दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


घटना का खुलासा करते एएसपी व मौजूद सीओ आदि

मऊदरवाजा थाना पुलिस ने लूट की घटनाओं का पर्दाफाश कर दो बाइकों सहित चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है। मऊदरवाजा थाना अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह की टीम ने थाना मऊदरवाजा के ग्राम झौनी नगला निवासी रोहित शाक्य पुत्र रामसेवक, विशाल शाक्य पुत्र अशोक, ग्राम सरैया न्यामतपुर निवासी सुधांशु चौहान उर्फ एसके चौहान पुत्र स्वर्गीय बृजेश सिंह एवं ग्राम बाबरपुर निवासी शहबाज उर्फ ऋषभ पठान पुत्र अंसार उर्फ अच्छे को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि पकड़े गए लुटेरों ने गिरोह बना लिया है। जिन्होंने 1 दिसंबर की रात कायमगंज बाईपास एक मोटरसाइकिल व कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में बाइक लूटी है। उन्होंने बताया कि सीओ सिटी के निर्देशन में मऊदरवाजा थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने चारों लुटेरों को गिरफ्तार किया और उनकी निशादेही पर दोनों बाइकें एवं लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया है। एक मोटरसाइकिल का इंजन खुला था बाइक की नेम प्लेट गायब थी। उन्होंने पुलिस द्वारा लूट गए सामान की शत-प्रतिशत बरामदगी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अभियुक्तों से पूंछताछ और पूछताछ में और भी रिकवरी हो सकती है। वार्ता के दौरान सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय एवं थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मौजूद रहे। अभियुक्तों को पकड़ने वाली टीम में जसमई चौकी इंचार्ज अरविंद सिंह यादव, दीवान मनोज कुमार, सरताज, अनुज तिवारी एवं सिपाही अनुज व ललित कुमार शामिल रहे। मालूम हो कि थाना मऊदरवाजा के ग्राम कि खगऊ निवासी मदनलाल पुत्र किशन लाल की मोटरसाइकिल लूटी गई थी। मदन लाल ने लुटेरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि मैं जसमई दरवाजा पर देशी शराब के ठेके पर सेल्समैन का काम करता है। 1 दिसंबर को रात करीब 10:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल हीरो होण्डा सी.टी.डॉन नंबर यू.पी.74डी2601 से घर जा रहा था। जब मैं फर्रुखाबाद बाईपास पर आल इज वेल ढाबे के करीब 100 मीटर आगे पहुँचा, तो सड़क के किनारे दो अज्ञात व्यक्ति देखें। जिनके मुँह पर मफलर बंधा था डण्डा लेकर खड़े थे। एक सफेद रंग की अपाचे मोटर साइकिल, जिसका नम्बर मुझे याद नहीं है पर एक अज्ञात व्यक्ति बैठा था। उसके मुंह पर भी मफलर था। उक्त तीनों लोगों ने मुझको रोका और मेरी मोटर साइकिल लूटकर भाग गये। मैंने 112 नंबर पर फोन किया। जिस पर पुलिस मौके पर आयी थी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 11 समस्याओं का हुआ समाधान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील कायमगंज के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधन दिवस में राजस्व विभाग, बिजली विभाग, पूर्तिए विभाग, पुलिस विभाग, नागरीय विकास विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, नलकूप से सम्बन्धित कुल 107 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें उपास्थित अधिकारियों द्वारा 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को त्वरित और पारदर्शी तरीके से निस्तरण के निर्देश सम्बन्धितों को दिए गये। उन्होंने कहा कि शिकायत रजिस्टर पर शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर अंकित किया जाये और शिकायतकर्ता से फोन पर बात कर निस्तारण की स्थिति की जाँच करें। अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि शिकायत के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ ससमय पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समधान दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारी कायमगंज उपजिलाधिकारी अतुल कुमार, क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, तहसीलदार विक्रम सिंह, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी डा0 लव कुमार मिश्रा, कायमगंज चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य, कायमगंज खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाशपाल, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन द्विवेदी, कम्पिल थानाध्यक्ष नितिन चौधरी सहित शमसाबाद, मेरापुर, नवाबगंज थानाध्यक्ष मौजूद रहे।


सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते सीडीओ

# छः दिसंबर के मद्देनजर पुलिस ने नगर में किया फ्लैगमार्च

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने पीएसी और पुलिस बल के साथ नगर मे प्लैग मार्च किया। यह मार्च बाबरी विध्वंस की वर्षगांठ के मददेनजर शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। पुलिस ने कस्वा बाजार सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर मार्च किया। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर कामिल खांस कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह, उपनिरीक्षक अयुव, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेबिल सचिन, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल धरमेन्द्र, कांस्टेबिल पुष्पेन्द्र, कांस्टेबिल नवनीत कुमार सहित भारी संख्या में पीएसी व पुलिस कर्मी मौजूद रहे। फ्लैगमार्च का उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा का सन्देश दिया जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस ने क्षेत्र मे शन्ति और सद्भाव बनाए रखने की लोगों से अपील की।


नगर में प्लैग मार्च करती पुलिस

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ आर्मी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ का 18वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से रंगारंग कार्यक्रमों के बीच मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन एवं स्टेशन कमाण्डर सिखलाई रेजीमेण्ट सेण्टर के कमाण्डेण्ट ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन व वरिष्ठ निदेशक आवा अम्बिका जैन ने विद्यालय की शिक्षिका अनीता सिंह के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के पूर्व प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने नृत्य के माध्यम से सभी आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया। प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्तर पूर्व प्रान्तों अरुणाचल और मणिपुर के सांस्कृतिक सौन्दर्य को दर्शाता नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के पूर्व माध्यमिक और उत्तर माध्यमिक छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये। राजदरबारी क्लासिकल समूह गीत को दर्शकों ने खूब सराहा। वैदिक काल, मौर्य काल, मुग़ल काल, ब्रिटिश काल से आजादी तक भारत की यात्रा का वर्णन बच्चों ने अभिनय नृत्य प्रथम में प्रस्तुत किया। उधर अभिनय नृत्य द्वितीय में आगामी भारत की सोंच विज़न 2047 को प्रस्तुत किया। बाल हास्य कवि सम्मेलन में विभिन्न हास्य कवियों के रूप में उनकी कविताओं को प्रस्तुत वाले बच्चों द्वारा पढ़ी गयी कविताओं से पूरा पाण्डाल ठहाकों से गूंज उठा। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन और अम्बिका जैन ने शैक्षिक स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले 31 विद्यार्थियों, सर्वश्रेष्ठ अनुशासित 64 विद्यार्थियों तथा बेस्ट टर्न आउट के लिए 64 छात्र-छात्राओं, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वालीबाल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता विद्यालय की टीम को, 100 मीटर और 200 मीटर में स्वर्ण पदक विजेता वर्धान दीक्षित, शूटिंग में अनिरुद्ध बोस को, शतरंज में स्वर्ण पदक जीतने वाली सृष्टि यादव, शॉट पुट में पहला स्थान प्राप्त प्रशान्त यादव को सम्मानित किया। विज्ञान प्रदर्शनी में चयनित तीन प्रोजेक्ट गरुण नेत्र, स्कूल एसिस्टिंग मैनेजर (सैम) और मशीन लर्निंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बनाने वाले बच्चों की टीम को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने कहा कि विद्यालय के बच्चों को तैयार करने में शिक्षकों द्वारा किये गये प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इन मिट्टी के घड़े रूपी बच्चों को उन्हें सही स्वरूप देने में कुम्हार रूपी शिक्षकों का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है, परन्तु अभिभावकों के सहयोग के बिना यह सम्भव नहीं है। बच्चे स्वप्न देखें और उनको पूरा करने का प्रयास करें। मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव ने सभी आगन्तुक अतिथियों एवं मीडिया का उनके योगदान के लिये आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन नविता शारदा, दक्ष, आरजू राठौर, दीप्ति, वैष्णवी और चर्चित ने किया। इस अवसर पर कई सैन्य अधिकारी तथा अभिभावक उपस्थित रहे।


सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे

# न्यायालय के आदेश पर आधा दर्जन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

न्यायालय के आदेश पर थाना मोहम्मदबाद पुलिस ने एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार मैनपुरी के भोगांव थाना क्षेत्र के मेरापुर छदमी निवासी अलका देवी की शादी फर्रुखाबाद के मोहम्मदबाद थाना क्षेत्र के ऊगरपुर निवासी हेमराज सिंह से हुई थी। लगभग 4-5 साल पहले हेमराज सिंह ने अपने पिता की जमीन बेचकर ऊगरपुर में करीब 2 बीघा जमीन अलका देवी के नाम खरीदी थी। इस जमीन खरीद के कारण अलका देवी के ससुराल वाले उनसे और उनके पति से रंजिश रखने लगे। आरोप है कि उन्हें कई बार धमकी दी गई कि वे अपनी जमीन बेचकर उनके नाम कर दें अन्यथा उन्हें जान से मार दिया जाएगा। अलका देवी 25 फरवरी 2024 को अपने भाई की शादी के कारण मायके आई हुई थीं। उनके पति हेमराज सिंह 21 फरवरी 2024 को शादी में शामिल होने के लिए उनके मायके आए और 22 फरवरी 2024 को अपने घर ऊगरपुर लौट गए। उसी रात हेमराज सिंह को उनके ससुरालियों ने कथित तौर पर मारकर फांसी पर लटका दिया। अलका देवी के अनुसार इस षड्यंत्र में प्रमोद पुत्र पप्पू, विक्की पुत्र पप्पू निवासी ऊगरपुर मोहम्मदबाद, शिवराज पुत्र बाबूराम निवासी दिल्ली, जुगाड़ी पुत्र वीरेंद्र निवासी दिल्ली और अंकित पुत्र टेलर निवासी लड़ेते छिबरामऊ कन्नौज शामिल थे। आरोप है कि इन सभी ने मिलकर जमीन के लिए हेमराज सिंह की हत्या की। हेमराज सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनके शरीर पर चोटों के निशान पाए गए। जो हत्या के षड्यंत्र की पुष्टि करते हैं। अलका देवी ने कई बार मोहम्मदबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। उन्हें बार-बार आश्वासन दिया गया कि उनका मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने विवश होकर पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंततः अलका देवी ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# सात दिसम्बर से सांसद खेल महोत्सव का होगा शुभारम्भ

▸ 14 दिसम्बर को उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हो सकते है उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक



वार्ता करते सांसद मुकेश राजपूत व अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

शनिवार को फतेहगढ़ स्थित स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम के संदर्भ में सांसद मुकेश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा एवं डॉ. मिथिलेश अग्रवाल के द्वारा पत्रकार वार्ता की गई। सांसद मुकेश राजपूत ने सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम के संदर्भ में पूरी जानकारी दी। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा जनपद स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, जिसमें बालक, बालिका, महिला, पुरुष, दिव्यांगजन, सीनियर सिटीजन सभी वर्ग के खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिलेगा। 7 दिसंबर से आयोजित होने वाले कार्यक्रम 26 दिसंबर तक संपन्न होंगे। 14 दिसंबर को उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें संभवत उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में रहेंगे। समापन 26 दिसंबर को आयोजित होगा।

जिसमें सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कई वर्षों से केंद्र सरकार के द्वारा ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। जिसमें क्रिकेट कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, मैराथन, खो-खो, बैडमिंटन, रस्सा कस्सी खेल से संबंधित खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिलेगा। सीनियर सिटीजन और दिव्यांग जनों के लिए इसमें अवसर दिया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक समान मंच प्रदान करना है, ऐसे आयोजनों से न केवल खेल संस्कृति मजबूत होती है, बल्कि युवा नशे और नकारात्मक गतिविधियों से भी दूर रहते हैं। ऐसे महोत्सव के माध्यम से खिलाड़ियों को जिला राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। पूर्व में 6400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।

जिसमें जीते हुए 1800 खिलाड़ियों को इस महा आयोजन में खेलने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत युवाओं को खेल से जोड़ना, स्वस्थ समाज बनाना और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। कार्यक्रम के माध्यम से खिलाड़ियों के सपनों को एक नई उड़ान मिलेगी। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया कार्यक्रम के लिए जिला मंत्री अमरदीप दीक्षित को लोकसभा कोआर्डिनेटर बनाया गया है। इस अवसर पर मिथलेश अग्रवाल, गोपाल राठौर, जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह यादव, डॉ. उदय प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया गया नमन

फर्रुखाबाद। डॉ. अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, वीरेंद्र कटेरिया, शिवांग रस्तोगी, अमरदीप दीक्षित व अन्य कार्यकर्ताओं ने जेएनवी तिराहे रोड स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर पहुंचकर बाबा साहब को माला पहनाकर नमन किया गया। फतेहचंद वर्मा ने बताया कि मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को मजबूती देने के लिए प्रदेश महामंत्री अनूप कुमार गुप्ता 8 दिसंबर को जनपद प्रवास पर रहेंगे।



संगोष्ठी में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी

## बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर संगोष्ठी सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। फिरोज गांधी जनता इंटर कालेज में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का प्रारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश वर्मा ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। संगोष्ठी का संचालन प्रवक्ता सुनील कुमार ने किया। विद्यालय के समस्त शिक्षकों- शिक्षिकाओं ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही छात्राओं में आयुशी, दीपांशी, दुर्गा, शिखा, देवांशु, तनिष्क ने भी संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किये। संचालन के लिए प्रधानाचार्य ने सुनील कुमार का आभार व्यक्त किया।

# मेडिकल कॉलेज में विविध ज्ञानवर्धक एवं कौशल-विकास सत्र आयोजित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।


संगोष्ठी में मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल' में आयुरप्रवेशिका (यूजी ट्रांजिशनल करिकुलम) एवं संस्कार (पीजी ओरिएंटेशन प्रोग्राम) के 5 व 6 दिसम्बर को संपन्न दसवें और ग्यारहवें दिवस में विविध ज्ञानवर्धक एवं कौशल-विकास सत्र आयोजित किए गए। यूजी सत्रों में डॉ. रविन्द्र यादव ने हेरिटेज इन यंग हैंड्स, डॉ.अरिमर्दन ने स्पोकन संस्कृत, डॉ.सी0 उदय कुमार ने टाइम मैनेजमेंट, डॉ. अरीब हुसैन ने पर्सनलाइज्ड मेडिसिन, साथ ही अलुमनाइ द्वारा क्लिनिकल सक्सेस स्टोरीज़ साझा की गई। 6 दिसम्बर को डॉ.निरंजन, डॉ. अरिमर्दन, डॉ. अरुण पांडेय, डॉ. रुमादे, डॉ. शाहिद व टीम, डॉ. श्वेता सिंह राठौर और डॉ. कविता नेगी ने मनोविज्ञान, श्लोक वाचन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, इमोशनल इंटेलिजेंस, सॉफ्ट स्किल्स, निदान पंचक तथा माइंडफुलनेस जैसे विषयों पर केंद्रित सत्र लिए।

पीजी कार्यक्रम में आयुष गौर द्वारा भाषाई कौशल, डॉ. रविन्द्र यादव द्वारा ब्रांड एम्बेसडरशिप और उद्यमिता, डॉ. एके खान ने एबीडीएम प्रशिक्षण तथा विद्यार्थियों की विभिन्न सेमिनार प्रस्तुतियाँ आयोजित हुईं। डॉ.आनंद बाजपेयी द्वारा एसओपीएस डॉ. रीता सिंह व डॉ.श्वेता राठौर के समन्वय में सेमिनार प्रस्तुतियां, डॉ. विकास बाबू ने स्वास्थ्य जागरूकता तथा राहुल ने डिजिटल एडिटिंग टूल्स प्रशिक्षण संपन्न हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक, व्यावहारिक एवं व्यक्तित्व विकास को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए ट्रायल आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष (जोन-ए) कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल 07 दिसंबर रविवार को दोपहर 12 बजे से स्व0 ब्रह्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में होगा। जनपद के सभी सीनियर पुरुष कबड्डी खिलाड़ियों को सूचित किया गया कि 13 से 14 दिसंबर को आईसी फ्यूजन स्पोर्ट्स अकेडमी टनकपुर रोड पीलीभीत में उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता (जोन-ए) में जिले की टीम प्रतिभाग करेगी। जिसका जिला स्तरीय चयन 07 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से स्व0 ब्रह्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में होगा। इस चयन ट्रायल में जनपद के खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकते है। खिलाड़ी का वजन 85 किलो या इससे कम होना चाहिए। ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को निवास के प्रमाण के रूप में अपने साथ अपने दस्तावेज लाने होंगे। ट्रायल हेतु डिस्ट्रिक्ट कबड्डी एसोसिएशन द्वारा चयन हेतु कुलदीप यादव सचिव जिला कबड्डी एसोसिएशन से सम्पर्क करे।

# नये कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का विधायक ने किया शुभारम्भ


विद्यार्थियों के साथ मौजूद विधायक

▸ अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण कराकर जोड़ा जायेगा रोजगार से

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में नये कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने किया। जिसमें सेक्टर मोटर वाहन, जॉब रोल- इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) असेंबली तकनीशियन में 25 व जॉब रोल- इलेक्ट्रिक वाहन रख रखाव तकनीशियन में 25 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके अंतर्गत 18 वर्ष से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण कराकर रोजगार से जोड़ा जायेगा। व्यवस्था में प्रमुख रूप से कार्यदेशक बृजेश कश्यप, आशीष कुमार (जिला कौशल प्रबन्धक), संचालन सच्चिदानन्द सागर ने किया एवं सुनील कुमार कार्यदेशक तथा समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला 8 दिसम्बर को

फर्रुखाबाद। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में 8 दिसम्बर सोमवार को प्रातः 10 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (अप्रेन्टिसशिप मेला) का आयोजन किया जायेगा। जिसमें नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद 10, रामा ट्रेडर्स मसेनी चौराहा 04, शुभम हॉडा अमृतपुर 04, माई कार प्रा0लि0 नेकपुर 04, लेंसकार्ट सॉल्यूशन प्रा0 लिमिटेड गुरुग्राम हरियाणा 50, डिटी लाल जज माल प्राइवेट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा 50, रॉयलक्स लाइटिंग प्राइवेट लिमिटेड नोएडा 20, यूपीपीसीएल भोलेपुर फतेहगढ़ 10 कम्पनियां प्रतिभाग कर रही है। रिक्तियों की कुल संख्या 152 है। जिसमें आईटीआई पास/अन्य योग्यताधारी अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। अतः इच्छुक अभ्यर्थी (छात्र/छात्राऐं) अपना दस्तावेज-वॉयोडाटा, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई आदि के अंकपत्र व प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि दस्तावेजों के साथ अप्रेन्टिसशिप मेला में प्रतिभाग करें।

## खबरें एक नजर में

### परिनिर्वाण दिवस पर अनुयायियों ने बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि


माल्यार्पण के दौरान मौजूद अनुयायी

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज़। डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अनुयायियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोहम्मदाबाद ब्लॉक गेट के पास स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाबा साहब ने 6 दिसंबर 1956 को अंतिम सांस ली थी। यह दिन उनके योगदान, समता, समानता और मानवता के सिद्धांतों को याद करने का अवसर है। इस अवसर पर समाजसेवी रामदास सागर, यदुवीर सिंह यादव, वीर सिंह, मनोज गौतम, अभिनव जाटव, सुनील कुमार, रामकिशोर, शिवम कुमार, संजय कुमार, महिपाल, दिलीप आदि मौजूद रहे।

### बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा


यात्रा में मौजूद कार्यकर्ता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। जनपद में प्रत्येक वर्ष की भांति निकलने वाली इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य यात्रा बड़ी धूमधाम से निकल गई। यात्रा में लगभग दो सौ कार्यकर्ता मौजूद रहे। हाथों में भगवा झंडा लेकर जय श्री राम अयोध्या हुई हमारी अब काशी मथुरा की बारी का नारा लगाते हुए चल रहे थे। बजरंग दल द्वारा निकाली गई यात्रा से पूरा मंदिर पंडाल गूंज उठा। विश्व हिंदू परिषद से विभाग संगठन मंत्री रिषभ शुक्ला, विभाग संयोजक बजरंग दल अभिषेक, जिलाध्यक्ष मुकेश बाथम, जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा, बजरंग दल से जिला संयोजक सुदीप, रोहन मिश्रा, उपासना, अनुज, आकाश, अंकुल, श्रवण, योगेंद्र, सिद्धांत सिंह, मंजीत यादव, अंकित, नितिन, आकाश, आर्यन वर्मा, पुनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

### हिन्दी साहित्य भारती की बैठक आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। हिन्दी साहित्य भारती की जिला कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो0 डॉ. वंदना द्विवेदी की अध्यक्षता में सरस्वती विद्या मंदिर में जय नारायन वर्मा फतेहगढ़ में दोपहर डेढ़ बजे 7 दिसम्बर को आहूत होगी। यह जानकारी जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश मिश्रा ने दी है।

### भाविप बजरंग शाखा द्वारा बच्चों को नैतिक मूल्यों का कराया गया बोध


सम्बोधित करती डॉ. वंदना द्विवेदी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। भारत विकास परिषद बजरंग शाखा फतेहगढ़ के तत्वावधान में अति पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल बेला सराय गजा में बालिकाओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। साथ ही मिशन शक्ति के अंतर्गत स्काउट और गाइड का सराहनीय प्रदर्शन रहा। मुख्य अतिथि आकांक्षा समिति की अध्यक्ष और भारत विकास परिषद बजरंग शाखा की संरक्षक प्रोफेसर डॉ0 वंदना द्विवेदी ने बच्चों को बेसिक मूल्य के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रातः काल उठकर रघुनाथ। माता-पिता गुरु नावहि माथा। इस चौपाई का उदाहरण देते हुए बच्चों को प्रातः उठकर अपने बड़ों का अभिवादन करना चाहिए, प्रणाम करना चाहिए और अपने शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। यह समय शिक्षा ग्रहण करने का है और इस अवसर को हर हाल में उपयोगी बनाना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष अंजुम दुबे, बरखा सक्सेना, उपासना शर्मा, बिंदु द्विवेदी, दीपिका सक्सेना आदि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य नीलेंद्र गंगवार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी शिक्षकों और बच्चों को गीता प्रेस की पुस्तकें भेंट की गई। सहायक अभियंता सिडको और दुर्गा प्रसाद भी उपस्थित रहे। एमडीएम कक्षा का फीता खोलकर प्रोफेसर डॉ. वंदना द्विवेदी ने किया।

# बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर सपा द्वारा विधानसभाओं में आयोजित हुई संगोष्ठी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ0 बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। सभी पदाधिकारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर विवेक यादव, रमेशचंद्र कटेरिया, सौरव कटियार, नरेंद्र सिंह यादव, सुनीता शाक्य, सुलक्षणा सिंह, प्रताप सिंह, रामपाल सिंह यादव, शिवशंकर शर्मा, बीना शर्मा, करण सिंह, केके यादव, विजय अनुरागी, संजय यादव, अखिल कठेरिया, नीलम चौहान, रूबी यादव, सुशील कुमार, वीके गंगवार, आशीष पटेल, गौरव यादव, गुड्डू कश्यप, प्रतिभा यादव, आदि मौजूद रहे। संचालन रजत क्रांतिकारी ने किया। **कायमगंज** में हर्ष गंगवार द्वारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। श्रीपाल जाटव, राजवीर सिंह, राजू गौतम, सुमित गौतम, करन वाल्मीकि, अजय वाल्मीकि, सत्यम जाटव, रोहित खटिक, अंकित खटिक, चेतन सक्सेना, सुमित गंगवार, जानू गंगवार, शिवा गंगवार आदि मौजूद रहे। **वहीं अमृतपुर विधानसभा** में जिला उपाध्यक्ष डॉ0 नवरंग सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर साजिद अली खान, राहुल यादव, बादल खान, अरविंद यादव, अश्वनी यादव, विजेंद्र यादव, अमित यादव, नीरज यादव, बृंदावन जाटव उपस्थित रहे। **विधानसभा भोजपुर** में कार्यक्रम आयोजित हुआ। सिराजुल आफाक मुन्ना, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, राकेश सिंह राका मौजूद रहे।

# ध्रुव व भक्त प्रहलाद की कथा सुन श्रोता हुए भावविभोर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।


कथा का श्रवण कराते आचार्य मौजूद भक्तगण

गंगा नगर में चल रही श्रीमद् भागवत एवं रामचरित मानस एवं ज्ञान सप्ताह यज्ञ के तीसरे दिन कथा में श्रीमद् भागवत वक्ता आचार्य शिवशरन अग्निहोत्री ने ध्रुव व प्रहलाद और भरत की कथा सुनाई। उन्होंने ध्रुव की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा उत्तानपाद की दो पत्नियां सुरुचि और सुनीति के पुत्र का नाम ध्रुव था। एक बार राजा उत्तानपाद सिंहासन पर बैठे थे, उनका पुत्र ध्रुव जाकर राजा पिता की गोद में बैठ गया। सुरुचि ने ध्रुव को अपमानित कर गोद से उठा दिया। सुनीति को बहुत दुख हुआ और ध्रुव के दुखी होकर वन में जाकर भगवान विष्णु की तपस्या करना शुरू कर दिया। नारद जी की प्रेरणा से भगवान विष्णु ने प्रसन्न होकर ध्रुव को दर्शन दिया और कहा कि वरदान मांग लो। ध्रुव ने भगवान से भक्ति का वरदान मांगा। भगवान ने ध्रुव को भक्तिमय अटल रहने का वरदान दिया और आज भी ध्रुव अमर होते हुए अंतरिक्ष में दिखाई देते है। भक्त प्रहलाद की कथा कहते हुए उन्होंने कहा कि दुष्ट प्रवृत्ति के असुर हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रहलाद था। जो बचपन से राम नाम का उच्चारण करता था। असुर हिरण्यकश्यप ने बहुत तरह से प्रहलाद को मारने का उपाय रचा, परन्तु भगवान की कृपा से प्रहलाद बचता रहा। अंत में उसने अपनी बहन होलिका से आग में जलाने को कहा। होली को वरदान था कि वह आग में नहीं जलती थी। किन्तु आज होली जल गयी, प्रहलाद बच गया। मानस वक्ता रामबाबू पाठक ने भरत चरित की कथा सुनाते हुए भरत सखि को रामसनेही जग जपु राम-राम जय जेही। उन्होंने कहा कि विवेक अंकित वैराग्यशील, सामंजस्य सभी सद्गुणों को सीखने के लिए भरत का चरित्र अपनाने की आवश्यकता है। भरत राम को मनाने वन गये, परन्तु वह नहीं आये और उन्होंने भरत को पिता के वचन की याद दिलाते हुए वापस भेजा। वह उनकी पादुका लेकर आये और सिंहासन पर रखकर उनका 14 वर्ष तक के लिए इंतजार करने लगे। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया।

इस मौके पर रामबाबू मिश्रा, जगन्नाथ टंडन, रविन्द्र पाण्डेय, महेश अग्निहोत्री, निर्दोष शुक्ला, ऋषि पाल सिंह, विभोर सोमवंशी, बृजनारायन दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की डीएम ने ली बैठक


बैठक में मौजूद अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/मंत्री की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संशोधित कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में शनिवार तक जनपद के कुल मतदाताओं 13,98,009 के सापेक्ष 10,84532 गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड कर दिया गया है। बीएलओ द्वारा घर-घर गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रह के दौरान मृतक 38943, अनट्रेसेबल/ एबसेन्ट, परमानेन्टली शिफ्टेड-111531, आलरेडी इनरोल्ड-22818 तथा अन्य कारणों से 8,366 गणना प्रपत्र अनट्रेसेबल की श्रेणी में प्राप्त हुए है। अनट्रेसेबल गणना प्रपत्रों के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग अपनी-अपनी पार्टी द्वारा नियुक्त किए गए बीएलए से बूथ लेवल अधिकारी से सम्पर्क कर अनट्रेसेबल फार्मों की सूची प्राप्त कर उनका सत्यापन अवश्य करा लें। यदि उसमें किसी प्रकार कोई त्रुटि हो तो उसे तत्काल बीएलओ के संज्ञान में लाते हुए सुधार करायें। शीघ्र ही मतदेय स्थलवार बूथलेवल अधिकारियों द्वारा एक बैठक आहूत की जानी है। बैठक में बूथलेवल अधिकारी द्वारा बैठक कार्यवृत्त, उपस्थिति तथा फोटोग्राफ्स एकत्रित किए जायेंगे, जिन्हें जनपद में डीईओ पोर्टल परअपलोड किया जायेगा तथा उसका लिंक मुख्य निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित किया जायेगा। बैठक में भाजपा से मुकेश गुप्ता, सपा से सुभाष चन्द्र शाक्य, आप से अंकुश सिंह, बसपा से राम रतन गौतम, अपना दल एस से संजय गुप्ता उपस्थित रहे।

# विश्व दिव्यांग दिवस समारोह में जनपद के मेराजुद्दीन हुए सम्मानित


दिव्यांग रत्न प्राप्त करते मेराजुद्दीन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

विश्व दिव्यांग दिवस पर मेरठ में आयोजित जनपद फर्रुखाबाद के निवासी मेराजुद्दीन को दिव्यांगरत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत से 51 दिव्यांग जन पुरस्कार के लिए चुने गये थे। जिसमें जनपद फर्रुखाबाद से दिव्यांग मेराजुद्दीन को नामित किया गया था। उन्होंने मेरठ जाकर दिव्यांग पुरुस्कार प्राप्त किया। राजस्थान, लखनऊ, छत्तीसगढ़, अहमदाबाद, झारखण्ड आदि क्षेत्रों से दिव्यांगजन शामिल हुए। श्रम कल्याण राज्य मंत्री सुनील भराला ने दिव्यांगों को सम्मानित किया। जनपद से मेराजुद्दीन के दिव्यांग रत्न प्राप्त करने पर उन्होंने बधाई दी गई।

# राजपूताना पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगितायें सम्पन्न

▸ पुरुस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का हुआ समापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।


बच्चों को सम्मानित करते डीएम व चेयरमैन एवं प्रबंधक आदि

जहानगंज रोड बघार स्थित राजपूताना पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह का समापन हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अशुतोष कुमार द्विवेदी ने विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य के साथ दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया। विद्यालय के चारों हाउस अशोक, सुभाष, टैगोर तथा रमन हाउस द्वारा अनुशासित मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया गया। डीएम ने 4वाई100 मीटर रिले रेस के साथ शुभारम्भ किया। 50 मीटर दौड़ में अयांश सिंह प्रथम, आदित्य पाल द्वितीय व अर्णव द्विवेदी तृतीय रहे। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। फ्रॉग रेस, ग्लास कलेक्टिंग रेस, 100 मीटर, 200 मीटर, 600 मीटर आदि सीनियर जूनियर वर्ग की प्रतियोगितायें सम्पन्न हुईं। व्यवस्था ज्योति दुबे ने देखी। कार्यक्रम को गति गरिमा ने दी। चेयरमैन वीरेंद्र सिंह राठौर ने मुख्य अतिथि को विद्यालय का प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। प्रबंधक संदीप सिंह राठौर ने शॉल भेंट की और प्रधानाचार्य हिरदेश कुमार सिंह ने पौधा देकर विद्यालय की परंपरा का निर्वहन किया।

द्वितीय दिवस पर खेलकूद के समापन के मुख्य अतिथि सीओ मोहम्मदाबाद अजय वर्मा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम व महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया और सड़क सुरक्षा के नियम बताये। संचालन ऋचा शुक्ला व शिवम सिंह ने किया। इस मौके पर प्रशासक मोहम्मद अरशद, कोऑर्डिनेटर महीमा सिंह, कोमल, रतिका मिश्र, अमित अग्निहोत्री, अनूप शुक्ला मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ने अतिथियों व अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 41 शिकायतों में 3 का मौके पर निस्तारण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 25, पुलिस की 05, विकास विभाग की 02, विद्युत विभाग की 03 व अन्य विभागों की 06 शिकायतें कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस अवसर उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक ट्रक सीज व 1 का चालान, खनन विभाग के पोर्टल पर नहीं था पंजीयन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।


जांच करते परिवहन अधिकारी

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने खनन अधिकारी संजय प्रताप के साथ राजेपुर तथा रामगंगा क्षेत्र में खनन सामग्री ढोने वाले वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग में एआरटीओ-प्रवर्तन शाहजहांपुर सर्वेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। चेकिंग के दौरान बिना एचएसआरपी लगाये खनन सामग्री ढोते हुए 2 ओवर लोड ट्रक पकड़े गये तथा इन पर परिवहन विभाग द्वारा रू0 2.29 लाख का जुर्माना लगाया गया तथा खनन विभाग द्वारा रू0 1.40 लाख जुर्माना लगाया गया। जांच के दौरान पाया गया कि खनन विभाग के पोर्टल पर इनका पंजीकरण नहीं था, इसलिये इन वाहनों को वीटीएस के माध्यम से ऑनलाइन निगरानी सम्भव नहीं थी। इसके अतिरिक्त बिना खनन विभाग के रवन्ना के संचालित 2 ट्रकों का खनन विभाग द्वारा चालान किया गया तथा इन पर 91160 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वाहनों में अंडर लोड खनन सामग्री ले जायी जा रही थी। परिवहन विभाग द्वारा 2.29 लाख तथा खनन विभाग द्वारा 2.31 लाख जुर्माना लगाया गया।

# सपा ने मनाया डॉ. अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

एजेंसी, इटावा।



पार्टी कार्यालय पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प अर्पित किए गए, इसके बाद अंबेडकर चौराहा पर पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, इसके बाद पार्टी कार्यालय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने बाबा साहब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला, उपस्थित पदाधिकारियों को बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। गोष्ठी में सांसद जितेंद्र दोहरे, जिलामहासचिव वीरू भदौरिया, एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव, लाखन सिंह जाटव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, जिला कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, जिलाउपाध्यक्ष अनवार हुसैन, प्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत झुल्ले ने विचार रखे। विचार गोष्ठी में नम्रता सिंह दोहरे, संगीता राजपूत, संतोष कुमार राजपूत, पंकज यादव पिंटू सदस्य जिला पंचायत, पूर्व नगर अध्यक्ष नफीसुल हसन अंसारी, किशन यादव, छात्रसभा जिलाध्यक्ष रवी यादव विधायक, जिलासचिव प्रवीण कुशवाहा, साजिद अली अशरफी, राजकुमार यादव, मनोज राणा, कमलेश चंद यादव, ज्वाला कठेरिया, राकेश यादव, जसकरन सिंह कठेरिया, अजय वीर, राजेंद्र निराला, कमलेश यादव, राजेंद्र यादव, सुनील यादव, रविन्द्र यादव, नितिन यादव, सुभाष चंद्र यादव, कार्यालय प्रभारी जयचंद्र यादव, अंकुर यादव, राजेश यादव, रेशू चौधरी, मोहम्मद आसिफ राइन, राशिद अली अशरफी, लालू यादव, सोनू परिहार, धर्मेंद्र चौहान, पंकज दोहरे शामिल हुए।

### कांग्रेस ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया नमन



इटावा। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा परिनिर्वाण शब्द बौद्ध परंपराओं से जुड़ा है यह उस व्यक्ति को संदर्भित करता है जिसने अपने जीवन काल में और मृत्यु के बाद परिनिर्वाण प्राप्त किया है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने कहा ने कहा 6 दिसंबर को समाज में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की उपलब्धियां के लिए उनके अथाह योगदान की स्मृति में मनाया जाता है। कार्यक्रम को पूर्व जिलाअध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पी.सी.सी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा, मैनपुरी प्रभारी करण सिंह राजपूत, ललित दुबे, कृपाराम राजपूत, एडवोकेट आलोक दुबे, आसिफजादरान, प्रदीप द्विवेदी आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर कानपुर प्रभारी मखलू पांडेय, पी.सी.सी. अरुण यादव, महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा, मालवती, शहर अध्यक्ष सरला जाटव, मो. इकबाल, पुष्पा देवी, अमिका, अंसार अहमद, कृष्णा देवी, शिवदीप, श्याम, रामसुंदर दुबे, लक्ष्मी कुशवाहा, प्रेमकांत यादव, महेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## लेखिका मंतशा को दिल्ली में मिलेगी डाक्टरेट की मानद उपाधि

बांदा, समृद्धि न्यूज़।



जनपद के लिए यह गर्व का ऐसा पल हैं जिसने पूरे क्षेत्र को आत्म सम्मान और उत्साह से भर दिया

ड्रीम्स ऑफ लाइफ फाउंडेशन की संस्थापिका मंतशा को आगामी 20 दिसंबर को केशव कल्चर साहित्यिक संस्था

की तरफ से डाक्टरेट मानद उपाधि शिरोमणि सम्मान से नवाजा जाएगा। केशव कल्चर साहित्यिक संस्था की संस्थापिका डा. दीप्ति शुक्ला, डा. नीरज कुमार नीर अंतरराष्ट्रीय कवि के आज्ञा अनुसार यह घोषणा किया गया यह सामान समारोह भव्य तरीके से यह प्रतिष्ठत उपाधि उन्हें देश की राजधानी दिल्ली शास्त्री नगर में आयोजित साहित्य महोत्सव सम्मान समारोह में प्रदान की जाएगी जहां देश भर के साहित्यकार शिक्षा वेद बालीवुड सिंगर सामाजिक कार्यकर्ता और मुख्य अतिथि अब्दुल गफ्फार खान महाराज बालीवुड एक्टर विशिष्ट अतिथि महंत डा. नानक दास महाराज पूर्व केंद्रीय टी बोर्ड सदस्य भारत सरकार इनके सब के शुभ हाथों से सम्मानित होने का मौका मिलेगा।

## खबरें एक नजर में

### सर्दी से हुई बंदर की मौत

**इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज।** कस्बा में लगातार हो रही बंदरों की मौत पोस्मार्टम रिपोर्ट में सर्दी के कारण आया है। गुरुवार को नगर के मुख्य चौराहे मंडी परिसर और काशीराम कॉलोनी समेत आठ जगह बंदर जमीन और छत पर मृत पड़े देखे गए थे जिसमें बताया गया था कि एक सप्ताह में करीब तीस बंदरों की मौत हो चुकी हैं। जबकि आठ बंदर गुरुवार को मृत पड़े देखे गए और शुक्रवार को प्राइमरी स्कूल में दो बन्दर पड़े देखें गए जिसमे कुछ बंदरों का पोस्टमार्टम भी कराया गया जिससे बंदरों की मौत कैसे हुए इसका पता चल सके चिकित्सक महेंद्र प्रताप ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार बंदरों की मौत सर्दी के चलते पाई गई है। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि आखिर कार इतनी सर्दी भी नही पड़ रही जोकि बंदर ठंड से मर रहे है सर्दी तो पूरे जिले भर में पड़ रही है लेकिन बंदर पूरे जिले में भर में केवल इकदिल में क्यों मृत पड़े मिल रहे उनके मुंह से खून निकलना संसह की बात है। सर्दी के चलते दो चार बंदर मरते लेकिन लगाता इतने बंदरों की मौत ठंड से होना नामुमकिन लग रहा है। किसी खाने पीने के सामग्री में जहरीला पदार्थ वाली सामग्री खाना तो हो सकता सर्दी लगाने से मौत होने की बात रहस्यमयी समझ मे आ रही हैं। अभी तो बंदरों की मौते हुई है जिसमे आवारा कुत्ते और गौवंश भी शामिल हो सकते हैं इस पर सही से जाँच की जाए।

### कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह आज

**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।** उ.प्र. हिन्दी प्रेरणा संस्थान भरथना के तत्वाधान् में 36वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 7 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से अवध गार्डन में आयोजित किया जायेगा। जिसमें श्रृंगार, वीर व हास्य रस के कवियों द्वारा अपनी-अपनी रचनाओं की प्रस्तुति के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित भी किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी संस्थान के अध्यक्ष अशोक यादव व महासचिव मनोज यादव बंटी ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि समाजसेवी स्व. रमेश दत्त दीक्षित की पुण्यतिथि व डा. ईश पांडेय, अवध नारायण सिंह यादव, वीरेन्द्र सिंह यादव की स्मृति में कस्बा के जवाहर रोड स्थित अवध गार्डन में 7 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह के दौरान कविगण चन्दन राय, कुंवर जावेद, हेमन्त पांडेय, डा. राजीव राज, पदम अलबेला, सतीश मधुप, भूमिका जैन आदि काव्यपाठ करेगें। साथ ही विभिन्न समाजसेवियों को सम्मानित भी किया जायेगा। पदाधिकारी द्वय ने नगर व क्षेत्र के समस्त साहित्य प्रेमियों से उक्त आयोजन में सहभागिता करने की अपील की है।

### पेट्रोल पंप व धर्मकांटा का हुआ निरीक्षण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** प्रणिता तिवारी सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान कानपुर संभाग के निर्देशन में धान क्रय केन्द्रों, पेट्रोल पंपों, धर्म कांटों आदि का किया गया निरीक्षण, जिसमें पांच प्रतिष्ठानों पर घटतौली की शिकायत मिली,इनको नोटिस दिया गया है, जिला विधिक बांट माप अधिकारी नरेश चंद्र ने बताया कि धान क्रय केंद्रों पर उपस्थित किसानों से भी वार्ता की गई जिसमें उन्होंने धान की तौल को सही बताया है।

### तेज रफ्तार बोलेरो खंती में पलटी, दो घायल

**नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार बोलेरो जीप खंती में पलट गई ।चालक सहित दो लोग घायल हो गई है ।मेडिकल कालेज में दोनो का इलाज कराया जा रहा है। कालिंजर के निकट सीमा क्षेत्र के बहरी गांव का विकास पुत्र फूलचंद पाठक अपने साथी शानू गुप्ता निवासी नर्दहा जिला पन्ना के साथ बोलेरो जीप से कालिंजर की ओर आ रहे थे ।बघेलवारी मार्ग पर तेज रफ्तार जीप खंती में कूद गई जिससे दोनो लहूलुहान होकर तड़पने लगे ।राहगीरों ने एम्बुलेंस को फोन कर सूचना दी ।एम्बुलेंस चालक दोनो घायलों को लेकर कालिंजर पीएचसी गया था यहा चिकित्सक ने बोलेरो चालक विकास को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया ।दूसरे घायल को सीएचसी नरैनी भेजा गया था लेकिन हालत गंभीर देख सीएचसी के चिकित्सक ने शानू गुप्ता को भी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया ।दोनो की हालत गंभीर बनी हुयी है।

# ग्वालियर बना ओवरऑल चैम्पियन

इटावा, समृद्धि न्यूज।




एकलव्य शूटर अकैडमी इटावा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आठवीं एकलव्य ओपन शूटिंग चौंपियनशिप में प्रदेश और आसपास के क्षेत्र के 100 से अधिक निशानेबाजों ने हिस्सा लिया इनमें कानपुर, लखनऊ, ग्वालियर, औरैया, फर्रूखाबाद, आगरा व इटावा सहित कई जनपद के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफियां प्रदान की उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता युवा निशानेबाजों के लिए बड़ा मंच साबित हो रही है, और भविष्य की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी संजीव जैन राघवेंद्र चौहान राष्ट्रीय कवि अवनीश त्रिपाठी, अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अनिल कुमार पाल तथा एक्लव्य शूटर अकादमी के संचालक एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों के उत्साह और आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था की सराहना की। प्रतियोगिता के परिणाम में ग्वालियर की टीम में सर्वाधिक पदक जीतकर ओवरऑल चौंपियन का खिताब अपने नाम किया वहीं वही कानपुर की टीम दूसरे स्थान पर रही लखनऊ की टीम तीसरे स्थान पर रही। एकलव्य शूटर अकादमी द्वारा आयोजित चौंपियनशिप प्रदेश में निशानेबाजी खेल को नई दिशा देने, युवा प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के लिए खेल भावना को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से अत्यंत सफल सिद्ध हुई।

प्रतियोगिता की सफलता में दीपेंद्र राठौर रोहित यादव प्रांजुल माथुर, सुशांत यादव, रोहिणी राठौर की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# जानवरों से लदा लोडर पुलिस ने पकड़ा

बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।

चौकी इंचार्ज महेवा ने वाहन चौकिंग के दौरान अहेरीपुर की ओर से आ रहे एक लोडर को पकड़ा जिसमें पशु क्रूरता अधिनियम के तहत 7 पड्डों को लादे हुए दो लोग ले जा रहे थे। जिनके विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पड्डों का मेडीकल परीक्षण कराया जा रहा है।

थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक ने बताया कि महेवा चौकी इंचार्ज निर्मल कुमार हमराह हैड कान्सेबिल संजीवनलाल व आरक्षी शुभम सैनी सोनप्रकाश, अवधेश शर्मा, अभिषेक कुमार के साथ संदिग्ध वाहनों की तलाश में वाहन चौकिंग कर रहे थे कि जैसे ही अहेरीपुर की ओर एक लोडर आता दिखा तो पुलिस ने उसे रोका तो उससे एक युवक ने भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने चालक व अन्य युवक को पकड़ लिया। उक्त युवक ने अपना नाम अफसर पुत्र कल्लू कुरेशी निवासी इस्लामनगर बाबरपुर औरैया बताया व दूसरे ने अपना नाम साहिबे आलम पुत्र शफीक कुरैशी निवासी बाबरपुर औरैया बताया। इनकी जामा तलाशी में पुलिस को कुछ बरामद नहीं हुआ। इनके द्वारा लोडर में 7 पड्डों को गांवों से खरीदकर लादा गया जो कि बुरी तरह बंधे हुए मिले जो कि पशु क्रूरता अधिनियम के तहत गलत है। इनके विरुद्ध पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज कराकर पड्डों को चारा पानी खिलाकर पशु चिकित्साधिकारी बकेवर से डाक्टरी परीक्षण कराया गया।

पकड़े गये दोनों युवकों ने पुलिस को पूंछतांछ में बताया कि इन पड्डों को गाँव गाँव से खरीदकर पचोर मंडी राजगढ मध्यप्रदेश में ले जाकर बैंचते हैं। किराया बचाने के उद्देश्य से एक साथ लोड कर दिये थे। इनको थाना पुलिस किसानों को सुपुर्द करने की तैयारी में जुटी हुई है।

## शैक्षणिक व सहपाठ्यक्रम गतिविधियों का आयोजन



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल में विभिन्न शैक्षणिक व सहपाठ्यक्रम गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। किंडरगार्टन सेक्शन में आयोजित नन्हें कलाकार रंग भरो प्रतियोगिता में पीजी वर्ग से मिस्ठी, नर्सरी से नायरा, एलकेजी से श्रद्धा तथा यूकेजी से पियूष ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 1 से 4 के विद्यार्थियों के लिए बेस्ट आउट ऑफवेस्ट अखबार से परिधान निर्माण गतिविधि आयोजित हुई, जिसमें तनवी 1बी ने प्रथम, अपेक्षा 3ए ने द्वितीय तथा यश 2बी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4 से 9 ने सामुदायिक स्वच्छता जागरूकता के उद्देश्य से भव्य रैली निकाली।
कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लू, खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार, सफाई प्रभारी पंकज दुबे उपस्थित रहे।
पालिकाध्यक्ष श्री यादव ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।
आगन्तुक अतिथियों का स्वागत सम्मान प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह व बच्चों द्वारा किया गया।
रैली प्रारम्भ होने से पूर्व विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण का संदेश देने हेतु आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें वशिष्ठ, अनुशी, अर्नव, साक्षी, रौली, शुभ, व देव ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष अजय यादव ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। इस दौरान निदेशक अंकित यादव व डा. निकिता यादव उपस्थित रहे।

# शिकायतों का समयबद्धता व गुणवत्ता से किया जाए निस्तारण : जिलाधिकारी

**डीएम ने पैलानी तहसील में सुनी फरियादियों की समस्याएं**

बांदा, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी बाँदा श्रीमती जे.रीभा की अध्यक्षता में तहसील पैलानी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता से निस्तारण किया जाए। उन्होंने मौके पर 07 शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों से कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत, राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति विभाग एवं अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई, कुल 69 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर 07 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम सिंधनकला के एक फरियादी द्वारा जमीन पर कब्जा किये जाने की शिकायत पर सम्बन्धित लेखपाल को शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिये। ग्राम अतरहट के एक फरियादी द्वारा चकरोड पर कब्जा किये जाने की शिकायत पर लेखपाल को कब्जा हटाये जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम सिंधनकला की श्रीमती विनीता द्वारा शिकायत उसके पति द्वारा मारपीट व घर से निकालने पर जिलाधिकारी ने एसएचओ पैलानी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। नरहीबांगर में चकबन्दी के पश्चता कब्जा दिलाये जाने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पर सीओ चकबन्दी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एक फरियादी द्वारा शौचालय बनाये जाने हेतु बीडीओ जसपुरा को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कई फरियादियों द्वारा राशन कार्ड बनाये जाने के प्रार्थना पत्र पर जिला पूर्ति अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील पैलानी में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी पैलानी अंकित कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नायब तहसीलदार पैलानी सहित सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना पैलानी का किया वार्षिक निरीक्षण

बांदा, समृद्धि न्यूज।



**शस्त्रागार व थाना परिसर की साफ-सफाई का गहन अवलोकन कर दिए दिशा-निर्देश**

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा थाना पैलानी का किया गया वार्षिक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों, मिशन शक्ति केन्द्र, शस्त्रागार,आपात स्थिति से निपटने वाले उपकरणों व थाना परिसर की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। प्रभारी निरीक्षक पैलानी से उनके थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं तथा ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे। सभी कर्मचारियों से शस्त्रों के बारे में जानकारी व रख- रखाव की भी समीक्षा की गई। मिशन शक्ति के क्रम में महोदय द्वारा गहन समीक्षा करते हुए महिलाओं/छात्राओं के साथ पुलिस के समन्वय स्थापित करने को भी कहा गया। साथ ही मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे जागरुकता अभियानों तथा प्रगति के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान व्यापक स्तर पर स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों आदि स्थानों पर व्यापक जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं का जागरुक करने के निर्देश दिए गए । इसी क्रम में आपात स्थिति से निपटने हेतु डंडा, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, शील्ड आदि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, स्थिति व उपयोगिता की गहनता से जानकारी ली गई । इस दौरान आरक्षीगणों के रहने वाले स्थान की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता आदि सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि थाना परिसर में वर्षों से खड़ी निष्प्रयोज्य वाहनों के निस्तारण की कार्यवाही पर भी जोर दिया जाये। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष तथा थाने की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन किया गया। प्रभारी निरीक्षक पैलानी को थाना परिसर की साफ-सफाई तथा कर्मचारियों से नियमित रुप से सैनिक सम्मेलन कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर, थाना प्रभारी पैलानी राजेश वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# कांग्रेसियों ने बाबा साहब को परिनिर्वाण दिवस पर किया याद

बांदा, समृद्धि न्यूज।




शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में स्टेशन रोड कार्यालय में शहर अध्यक्ष अफसाना शाह की अध्यक्षता में कांग्रेस जनों ने सामाजिक बदलाव के मसीहा डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर अपनी पुष्पांजलि अर्पित कर परी निर्माण दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अफसाना शाह द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि भारतीय संविधान के सूत्रधार एवं चिंतक डॉक्टर साहब भीमराव अंबेडकर को अद्वितीय प्रतिभा अनुकरणी मिनट देश व समाज के लिए अग्रणी रही वह एक प्रख्यात मनीषी सी समाज सेवक नायक विद्वान दार्शनिक वैज्ञानिक एवं धैर्यवान बौद्धिक व्यक्तित्व के धनी थे उन्होंने अपना जीवन संपूर्ण भारत के कल्याण की कामना हेतु उत्सर्ग कर दिया विशेष कर 80 : उन दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त लोगों के लिए जिन्हें शोषण व पिछड़ी पन के अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉक्टर अंबेडकर का जीवन संकल्पित रहा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष द्वारिकेश मंडेला जी ने कहा कि भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर जी सिर्फ दलितों के ही मसीहा नहीं बल्कि राष्ट्र के लिए समर्पित व्यक्तित्व के धनी थे वह पूरे देशवासियों के प्रेरणा स्रोत हैं उन्होंने संविधान की रचना कर गरीब अति पिछड़ा अन्य जन समुदाय को व्यापक अधिकार प्रदान किया नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व शहर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर सदैव देश के कल्याण के लिए जिए और इस कामना के साथ उन्होंने अपना समर्पण किया आज उनके पद चिन्ह पर चलने की आवश्यकता है अनेक फिर का परस्त ताकते उनके बनाए संविधान को कुचलने के लिए आतुर हैं हमें एकजुट होकर बाबा साहब के संविधान की रक्षा करनी है यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी जिला प्रवक्ता एडवोकेट राममिलन सिंह पटेल जी ने कहा कि अंबेडकर साहब का यह कथन आज के समय में ज्यादा सार्थक है कि शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय सचिव शिवबली सिंह जिला महामंत्री सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट धीरेंद्र पांडे धीरू डा. के पी सेन पूर्व शहर अध्यक्ष राजबहादुर गुप्ता छेदीलाल धुरिया शब्बीर सौदागर शाकिर मंसूरी दिनेश डी के आरिफ निजामी सुखदेव गांधी अली बक्स हरबंस खेगर रेनू शर्मा सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### सपाइयों ने अर्पित की श्रद्धांजलि




बांदा। समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा जनपद बांदा में बाबा भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। पार्टी के सभी पदाधिकारी नेता कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से बाबा भीमराव अंबेडकर के चरित्र चित्रण पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए,कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा ने की,कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर यादव ने किया,कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं नेताओं ने अपने-अपने भाषण में बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवन के अदम्य साहस,उनके संघर्ष और उनके द्वारा बहुजन समाज के लिए किए गए अथक प्रयासों के बारे में विस्तार से चर्चा हुई,और उनके द्वारा बताए गए रपस्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी,कार्यक्रम में मुख्य रूप से बबेरू से विधायक विशंभर सिंह यादव,लोक सभा प्रभारी उमेश यादव, ईशान सिंह लवी,पूर्व विधान सभा प्रत्याशी किरण यादव,जिला पंचायत सदस्य रजनी यादव,किरण वर्मा,भरत लाल दिवाकर,सुमन दिवाकर,महेंद्र वर्मा,जिला मीडिया प्रभारी /प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा, एजाज खान,नीलम यादव,प्रिंसू पटेल,मौसमी कोटर,विवेक बिंद् तिवारी,सत्येंद्र पटेल,वीरेंद्र गुप्ता, लालमन यादव,प्रमोद निषाद,मुन्ना पटेल,दिलीप पटवा,कल्लू चौहान,रवि दिवाकर,हरिशंकर राजपूत,दिवाकर खंगार,शुभम धुरिया, आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता नेता पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपा ने डॉ. अम्बेडकर को किया नमन



**बाँदा।** भारतीय संबिधान निर्माता डा भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर जल शक्ति राज्य मंत्री सहित भाजपाइयों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। इस अवसर पर मौजूद जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि डा भीमराव अम्बेडकर के द्वारा बनाये गए संबिधान को आज भी देश में याद किया जाता है उन्हीं के बनाये गए कानून का आज भी पालन किया जाता है लोग उनके बताये गए रास्ते पर चलकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं स वे कानून के बहुत ही जानकार थे स उन्हीं के कानून का पालन किया जा रहा है। वे एक अच्छे पथ प्रदर्शक थे यही कारण है लोग आज भी उनको याद करते हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रभारी रामकिशोर साहू, जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, उत्तम सक्सेना, पंकज रैकवार, मनोज पुरवार, संतू गुप्ता, निखिल सक्सेना, अमित सेठ भोलू, लखन राजपूत, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

### परिनिर्वाण दिवस पर डॉ. अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि



**बांदा।** भारतीय संविधान के महान रचयिता, समाज सुधारक और दलितों के मसीहा डा. भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि आज पूरे देश में महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस पावन अवसर पर बांदा शहर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित डा. अम्बेडकर पार्क में बाबासाहेब के अनुयायियों ने एकत्रित होकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की ।कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ता और पदाधिकारी सहित अन्य अनुयायि उपस्थित रहे। अनुयायियों ने बाबासाहेब के आदर्शों समता, स्वतंत्रता, बंधुता और न्याय दृ को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया। पार्क में उपस्थित लोगों ने भावुक स्वर में बाबासाहेब के जीवन संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को सराहा ।यह आयोजन बाबासाहेब की शिक्षाओं को जीवंत रखने और समाज में समानता की अलख जगाने का प्रतीक बना। अनुयायियों का कहना था कि डा. अंबेडकर का सपना एक ऐसे भारत का था जहां हर व्यक्ति सम्मान और अधिकारो के साथ जी सके। इस मौके पर सुल्तान प्रजापति प्रभारी तिंदवारी विधानसभा बसपा, सुखलाल बौद्ध जोन इंचार्ज सेक्टर बसपा, कृष्णा प्रजापति पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन ,दलजीत सिंह युवा कार्यकर्ता बसपा ,जयकरन वर्मा, रामप्रसाद जोन इंचार्ज बसपा,शुरूराम वर्मा छात्र नेता,विजयकरन पूर्व सेक्टर अध्यक्ष बसपा , सुनील प्रजापति सेक्टर अध्यक्ष, आरपी चौधरी,ओमप्रकाश वर्मा, राहुल वर्मा सेक्टर अध्यक्ष दुरेडी बसपा, शिवम बसपा, रामशरण सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।



### राज्यमंत्री ने पांच सैकड़ा गरीबों को बांटे कंबल

**बांदा।** जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने आज पैलानी तहसील में सर्दी से बचाव हेतु गरीब व असहाय लोगों को 500 कम्बलों का वितरण जिलाधिकारी बाँदा श्रीमती जे0रीभा के साथ किया। इस अवसर पर मंत्री ने तहसील परिसर में महर्षि वेदव्यास के शिष्य महर्षि पैल की मूर्ति एवं ओपेन जिम पार्क का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों, निराश्रितों को सहायता पहुंचाने हेतु आज तहसील पैलानी के विभिन्न गॉवों पैलानी, पैलानी डेरा, नरी, सिंधनकला, तगडा डेरा, लसडा, पिपरहरी, गुरगवां, शंकर पुरवा, भाथा, नांदादेव, गुगौली, पलरा, जसपुरा आदि ग्रामों के गरीब परिवारों के चिन्हित विभिन्न लाभार्थियों को 500 कम्बलों का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब कल्याण की योजनाओं को मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार जमीनी स्तर पर लोगों को लभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र महर्षि वेदव्यास की जन्म स्थली रहा है, जहां पर अनेक ऋषियों ने तप किया है। उन्ही के शिष्य श्री महर्षि पैल के नाम पर ग्राम पैलानी एवं तहसील पैलानी का नामांकरण किया गया है। इस परिसर में महर्षि पैल का उन्होंने पूजन अर्चन के साथ मूर्ति का अनावरण तथा ओपेन जिम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि गरीब एवं निराश्रित लोगों को शीत ऋतु में सर्दी से बचाव हेतु सरकार द्वारा जनपद बॉदा की तहसील पैलानी में कम्बलों का वितरण किया गया है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अंकित कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं तहसीलदार पैलानी उपस्थित रहे।

## 190 गरीब व वृद्ध असहायों को बांटे गये कंबल

नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज।



गरीबो को ठंड से राहत पहुचाने के लिए तहसील स्थित नीलकंठ सभागार में कम्बल वितरण किया गया।

इस दौरान कुल 190 गरीब और वृद्ध असहाय महिला पुरुषों को विधायक और उपजिलाधिकारी ने अपने हाथों से कम्बल बांटे।कम्बल पाकर सभी के चेहरे खिल गए। शनिवार के दिन तहसील में कम्बल पाने के लिए काफी भीड़भाग रही। नीलकंठ सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर सभी को कम्बल प्रदान किए गए।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ओम मणी वर्मा और उपजिलाधिकारी अमित शुक्ला और क्षेत्राधिकारी कृष्ण कांत त्रिपाठी ने कम्बल बांटे। बीते पंद्रह दिनों से अचानक ठंड बढ़ गई हैं कम्बल के लिए रोजाना तहसील में क्षेत्रीय ग्रामीणों की भीड़ हो रही थी।तहसील प्रशाशन ने व्यवस्था कर क्षेत्रीय विधायक के हाथों से असहाय लोगों को कम्बल वितरित करवाए।इस दौरान कोतवाली निरीक्षक संदीप तिवारी,सहित मौजा लेखापाल आदि लोग मौजूद रहे।